संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    करनाल, गुरुवार, 14 मार्च 2024 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 72 पृष्ठ: 12    RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com    हरियाणा संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




देश में तीसरी सबसे अधिक आबादी वाले शहर बेंगलुरु में जल संकट गहरा गया है। इस कारण यहां रहने वाले करीब 1.4 करोड़ लोगों में से एक वर्ग वैकल्पिक समाधान तलाशने के लिए मजबूर है।

## आदर्श विचार



"ध्यान का अर्थ है भीतर से मुस्कुराना।"
भागवद्

## मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




## पहली परीक्षा में पास हुए नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने सदन में बहुमत हासिल कर लिया है। बुधवार को सदन में पेश प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित किया गया। सुबह ठीक 11 बजे सीएम नायब सिंह सैनी सदन में पहुंचे और शोक प्रस्ताव पढ़ने के बाद विश्वास प्रस्ताव पेश किया।



इसके बाद विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। स्पीकर ने सदन में एक घंटा विपक्ष और एक घंटा सत्तापक्ष को विश्वास मत पर बोलने का समय तय किया था। चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक रघुबीर कादियान ने कहा कि 11 मार्च को पीएम हरियाणा आते हैं तो वहां पर पूर्व सीएम मनोहर लाल की तारीफों के पुल बांधे जाते हैं। अगले दिन यह घटना घटती है, इसका असर जनता पर भी पड़ता है। जो वोट बैंक किसी राजनीतिक पार्टी का था उसमें एंटी इंकम्बेंसी आ जाती है। मनोहर लाल के साथ हमारी संवेदना है, उन्हें बड़े बेआबरू होकर बाहर निकाला गया।

# बीजेपी की दूसरी लिस्ट जारी...

## = करनाल से खट्टर को टिकट, नागपुर से नितिन गडकरी लड़ेंगे चुनाव

**लोकसभा चुनाव**

8 भाजपा की दूसरी लिस्ट में 11 राज्यों के कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं, कई नेताओं की कटी टिकट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। बीजेपी की दूसरी लिस्ट में 72 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है। भाजपा की दूसरी लिस्ट में 11 राज्यों के कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। बीजेपी की दूसरी लिस्ट में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, त्रिवेन्द्र सिंह रावत और बसवराज बोम्मई जैसे दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।

**भाजपा का मास्टर स्ट्रोक है दूसरी लिस्ट :** भाजपा ने दूसरी लिस्ट से राजनीतिक चौसर की बिसात बिछा दी है। जहां कांग्रेस ने छिंदवाड़ा से नकुल नाथ को टिकट दी है, वहीं भाजपा ने विवेक बंटी साहू को चुनावी रण में उतारा है। कांग्रेस ने धार से राधेश्याम मुवेल को टिकट दी है, जबकि भाजपा ने धार से महिला उम्मीदवार सावित्री ठाकुर को टिकट देकर मास्टर स्ट्रोक खले दिया है।

**दिल्ली से दो नए उम्मीदवार मैदान में:** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को उत्तराखंड के गढ़वाल से मैदान में उतारा गया है। दिल्ली में इसने दो नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। पूर्वी दिल्ली से हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पश्चिम दिल्ली से योगेन्द्र चंदोलिया को उम्मीदवार बनाया है।

**सूर शाही परिवार को मिली टिकट:** कर्नाटक में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी धारवाड़ से चुनाव लड़ेंगे जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र शिमोगा से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा की युवा शाखा के प्रमुख तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से फिर से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मैसूर शाही परिवार के यदुवीर कृष्णदत्त वाडियार ने मैसूर सीट पर प्रताप सिम्हा की जगह भाजपा उम्मीदवार बनाया है। बता दें कि इससे पहले 2 मार्च को भारतीय जनता पार्टी ने 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी।

### मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे

**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं इसके अलावा छह सीटों पर भी नाम जारी कर दिए हैं। अशोक तंवर सिरसा से चुनाव लड़ेंगे तो बंता कटारिया अम्बाला से चुनाव लड़ेंगे। मध्य प्रदेश से पांच उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। इसमें बालाघाट से भारती पारधी को टिकट दिया गया है। छिंदवाड़ा से विवेक बंटी साहू, उज्जैन से अनिल फिरोजिया, धार से सावित्री ठाकुर और इंदौर से शंकर लालवानी को टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र की 20 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल मुंबई उत्तर से चुनाव लड़ेंगे तो नितिन गडकरी को फिर से नागपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। करनाल से मौजूदा सांसद संजय भाटिया और सिरसा की मौजूदा सांसद सुनीता दुग्गल के टिकट काटे गए हैं।

### भाजपा ने तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों पर लगाया दांव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को 72 और उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और अनुराग सिंह ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया है वहीं तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी मैदान में उतारा गया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को उत्तराखंड के गढ़वाल से मैदान में उतारा गया है। दिल्ली में दो नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है। तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को भाजपा ने मैदान में उतारा है। हरियाणा



के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को करनाल से तो उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को हरिद्वार से और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को हावेरी संसदीय सीट से प्रत्याशी बनाया है। मैसूर सीट पर प्रताप सिम्हा की जगह पूर्व मैसूर शाही घराना के यदुवीर कृष्णदत्त वाडियार को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी को उत्तराखंड के गढ़वाल से मैदान में उतारा गया है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद सिंह रावत हरिद्वार संसदीय सीट पर उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की युवा शाखा के प्रमुख तेजस्वी सूर्या बेंगलुरु दक्षिण से फिर से चुनाव लड़ेंगे। हिमाचल में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को हमीरपुर से उम्मीदवार बनाया है।

# देश भर में भर्ती किए जाएंगे तीन लाख एनसीसी कैडेट्स

## विस्तार का प्रस्ताव मंजूर होने से एनसीसी 20 लाख कैडेटों वाला संगठन बनेगा, देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को तीन लाख कैडेट भर्ती करने के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस विस्तार से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी की बढ़ती मांग पूरी होने की उम्मीद है। इस मंजूरी के साथ एनसीसी के पास अब 20 लाख कैडेटों की स्वीकृत संख्या होगी, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन बना देगी। दरअसल, 1948 में केवल 20 हजार कैडेटों के साथ एनसीसी का गठन हुआ था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एनसीसी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में पेश किया गया है। इसीलिए तीन लाख कैडेट भर्ती करने के साथ राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विस्तार प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। एनसीसी का यह विस्तार देश के भावी मार्गदर्शक के रूप में अहम भूमिका निभाने की युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम होगा।

### दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरीडोर को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 8,399 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत पर दिल्ली मेट्रो चरण-4 परियोजनाओं के दो कॉरीडोर अर्थात लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक और इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गए फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि लाजपत नगर से साकेत जी-ब्लॉक वाली मेट्रो पूरी तरह से जमीन के ऊपर पुल पर होगी।

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी योजना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोक**सभा चुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना का वादा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया। इसके तहत कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जाएगा।

**कांग्रेस ने 5 योजनाओं का ऐलान किया...: महालक्ष्मी गारंटी:** इसके तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।



**वादा**

8 कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए की मदद का वादा किया है

**आधी आबादी-पूरा हक:** इसके तहत केंद्र सरकार की नई नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा।

**शक्ति का सम्मान:** इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा।

**अधिकार मैत्री:** इसके तहत हर पंचायत में महिलाओं को उनके हक के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार मैत्री के रूप में एक पैरा-लीगल यानी कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी।

**सावित्री बाई फुले हॉस्टल:** सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए कम से कम एक हॉस्टल बनाएंगे।

## अब अहिल्या नगर के नाम से जाना जाएगा अहमदनगर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले किए हैं। शिंदे कैबिनेट ने अहमदगनर जिले का नाम बदलकर अहिल्या नगर कर दिया है। इसके साथ ही महाराष्ट्र कैबिनेट ने आठ मुंबई रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने का फैसला किया है। महाराष्ट्र कैबिनेट ने फैसला किया है कि ब्रिटिश काल के नाम वाले स्टेशनों के नाम बदल दिए जाएंगे। इसके साथ ही कैबिनेट ने उत्तान (भायंदर) और विरार (पालघर) के बीच समुद्री लिंक बनाने को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट में लिए गए फैसलों में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में महाराष्ट्र भवन बनाने के लिए 2.5 एकड़ जमीन खरीदने का फैसला भी शामिल है।

# 'मेड इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' चिप बनेंगे आत्मनिर्भरता में नए मील का पत्थर: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को इंडियाज टेकेड: चिप्स फॉर विकसित भारत कार्यक्रम में हिस्सा लिया और लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की 3 सेमीकंडक्टर सुविधाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आधारशिला रखी। सेमीकंडक्टर को भविष्य के विकास का द्वार बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के निर्णय और नीतियां हमें भविष्य में रणनीतिक लाभ देंगी। 21वीं सदी प्रौद्योगिकी-संचालित है। इलेक्ट्रॉनिक चिप्स के बिना दुनिया की कल्पना नहीं की जा सकती। 'मेड इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' चिप भारत को नई उपलब्धियां हासिल करने में मदद करेंगी। आत्मनिर्भरता में नए मील के पत्थर हासिल करने में मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का ऐतिहासिक अवसर भारत के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज की परियोजनाएं भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि चिप उत्पादन से विकास और असीम संभावनाओं के द्वार खुलेंगे है। इससे रोजगार के नए अवसर बनने के साथ तकनीकी विकास के क्षेत्र में भी बड़ी प्रगति होगी। पिछली सरकारों पर भारत के सेमीकंडक्टर सपने को नजर अंदाज करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने 1960 के दशक में सेमीकंडक्टर निर्माण का सपना देखा था।



**भविष्य पर नजर**

8 1.25 लाख करोड़ रुपये की 3 सेमीकंडक्टर सुविधाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आधारशिला रखी

# चुनावी बॉन्ड: एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इलेक्टोरल बांड को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया है। स्टेट बैंक के सीएमडी दिनेश खारा ने चुनावी बांड को लेकर दाखिल किए हलफनामे में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन हो गया है। हलफनामे में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2019 से 11 अप्रैल 2019 तक 3346 इलेक्टोरल बांड खरीदे गए और 12 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 18, 872 इलेक्टोरल खरीदे गए। हलफनामे में कहा गया है कि कुल 22217 इलेक्टोरल बांड खरीदे गए, जिनमें से 22030 इलेक्टोरल बांड कैश कराए गए। स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा जो इलेक्टोरल बॉन्ड इन कैश नहीं किए गए, उन्हें प्रधानमंत्री रिलीफ फंड में जमा कर दिया गया है।



# पेटीएम से 15 मार्च के बाद टॉप-अप नहीं होगा फास्टैग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर 15 मार्च के बाद टॉप-अप पर रोक लगाने के बाद नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने फास्टैग जारी करने वाले बैंकों की सूची को रिवाइज की है। एनएचएआई ने फास्टैग टॉप-अप करने वाली बैंकों की सूची से पेटीएम को बाहर कर दिया है। एनएचएआई के फास्टैग जारी करने वाले बैंक और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज की




ताजा सूची में पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड का नाम शामिल नहीं है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की रिवाइज लिस्ट में केवल 39 बैंकों के नाम शामिल हैं, जिनसे फास्टैग लिया जा सकता है। इसका मतलब है कि पीपीबीएल के ग्राहक अब पेटीएम से फास्टैग नहीं ले पाएंगे। इससे पहले एनएचएआई ने फरवरी में 32 बैंकों की सूची जारी की थी। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की रिवाइज लिस्ट में कुल 39 बैंक और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज (एनबीएफसी) शामिल हैं।

**झटका**

8 एनएचएआई ने फास्टैग जारी करने वाले 39 बैंकों की सूची जारी की

# पीएम गति शक्ति-कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय मास्टर प्लान किया जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को 'पीएम गति शक्ति-कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय मास्टर प्लान' जारी किया। इस अवसर पर जोशी ने कहा कि यह योजना बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि इसका उद्देश्य पीएमजीएस-एनएमपी पोर्टल के कोयला मंत्रालय पृष्ठ पर उपलब्ध भू-स्थानिक परतों के माध्यम से कोयला क्षेत्र में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। यह महत्वपूर्ण घटना बुनियादी ढांचे के विकास और एकीकृत योजना के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।



**विकार्य कार्य**

## मुख्यमंत्री ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र में 110 करोड़ रुपए की विकासात्मक योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए

# शिलाई विधानसभा क्षेत्र को सीएम सुखविंदर सुक्खू ने दी सौगात

**एसपी जैरथ**
**नाहन:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को सिरमौर जिला के शिलाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 110 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने कमरऊ तहसील की ग्राम पंचायत कान्डो चियोग में 59.67 लाख रुपए लागत से निर्मित प्रवाह सिंचाई योजना सुइंगा बाग तथा 1.85 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना कान्डो चियोग का लोकार्पण किया। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 15.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सालवाला-सतौन मार्ग की आधारशिला रखी। उन्होंने उप तहसील रोनहाट में 69.60 लाख रुपए लागत से निर्मित होने वाले पशु चिकित्सालय तथा 15.02 लाख रुपए की लागत से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टटियाना में बरामदे सहित दो अतिरिक्त कमरों की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने 07 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले शिलाई नाया से कन्डी-सुंदराड़ी सडक, 17.64 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले द्राबिल नैनीधार से हलां सडक का शिलान्यास किया। उन्होंने 30.68 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले कफ टेटा-कोटी-कान्डो-चियोग से टौंस पुल तक सडक के स्तरोन्यन कार्य की भी आधारशिला रखी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 1.38 करोड़ रुपए की लागत से टिम्बी में निर्मित होने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन, नागरिक अस्पताल शिलाई में 19.36 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधा युक्त 100 बिस्तर वाले अस्पताल, ग्राम पंचायत शरली मानपुर में 2.95 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली उठाऊ सिंचाई योजना गुड्डी तथा ग्राम पंचायत बांदली में 2.25 करोड़ रुपए की लागत से बागना बस्ती के लिए निर्मित होने वाली उठाऊ पेयजल योजना की आधारशिला रखी।



**आधारशिला**

8 सुक्खू ने 15.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सालवाला-सतौन मार्ग की आधारशिला रखी

# यूसीसी को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तराखंड के समान नागरिक संहिता बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही अब समान नागरिक संहिता पर कानून बन गया है। उत्तराखंड सरकार ने सामान नागरिक संहिता लागू करने के लिए नियमों/उपनियमों को बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। नियमावली बनने के बाद उत्तराखंड सरकार द्वारा इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया जायेगा। राम मंदिर निर्माण और सीएए कानून लागू होने के बाद समान नागरिक संहिता को लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा का बड़ा दांव माना जा रहा है। पार्टी को इसका लाभ मिल सकता है। समान नागरिक संहिता का कानून लागू करने के लिए नियम बनाने वाली पांच सदस्यों वाली कमेटी में पूर्व आईएएस शत्रुघ्न सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौर, दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल, अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा और उत्तराखंड के स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा शामिल हैं। यह कमेटी जल्द ही एक मीटिंग कर यूसीसी कानून लागू करने के लिए आवश्यक नियम उप नियम बनाने का काम शुरू करेगी। चूंकि, समान नागरिक संहिता समवर्ती सूची का विषय है, इस विषय पर राज्य और केंद्र दोनों ही कानून बना सकते हैं।



**नियमावली**

8 सामान नागरिक संहिता लागू करने के लिए नियमों/उपनियमों को बनाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया

# सीएम नायब सैनी सरकार ने हासिल किया विश्वास का मत

## सदन में वोटिंग के दौरान जजपा के 10 विधायक रहे अनुपस्थित, विपक्ष के नेता हुड्डा ने जजपा की व्हिप को बताया गैर-कानूनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। सदन में विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान जननायक जनता पार्टी (जजपा) के 10 विधायकों के अलावा इनेलो के अभय सिंह और कांग्रेस की किरण चौधरी अनुपस्थित रहे। विधानसभा में सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव पर करीब दो घंटे चर्चा हुई। विश्वास मत पर वोटिंग से जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने अपने विधायकों को अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया था, जिसके चलते वोटिंग के समय जजपा के 10 विधायकों के अलावा इनेलो के अभय सिंह तथा कांग्रेस की किरण चौधरी नदारद रहे। सदन में जब इस प्रस्ताव पर वोटिंग करवाई गई तो 78 विधायक मौजूद थे। जिसके



चलते भाजपा निर्दलीय विधायकों के मदद के बगैर ही सदन में विश्वास का मत हासिल कर लिया। पार्टी के पास खुद के 41 विधायक हैं और सात में से छह निर्दलीय विधायकों का समर्थन सरकार के साथ हैं। महम विधायक बलराज कुंडू ने नये मुख्यमंत्री का स्वागत तो किया लेकिन विश्वास मत का समर्थन नहीं किया। सिरसा से हलोपा विधायक गोपाल कांडा भी सरकार के साथ हैं। जजपा के 10 में से पांच विधायक झ्र देवेंद्र सिंह बबली, जोगीराम सिहाग, रामकुमार गौतम, ईश्वर सिंह और रामनिवास सुरजाखेड़ा विधानसभा में तो पहुंचे

**विश्वासमत**

8 सदन में जब इस प्रस्ताव पर वोटिंग करवाई गई तो 78 विधायक मौजूद थे

थे लेकिन फ्लोर टेस्ट के दौरान सदन में मौजूद नहीं रहे। ऐसा इसलिए क्योंकि जजपा के चीफ व्हिप अमरजीत सिंह ढांडा की ओर से व्हिप जारी करके विधायकों को विश्वास प्रस्ताव के दौरान गैर-हाजिर रहने का आदेश दिया था। नायब सिंह सैनी ने जैसे से विश्वास प्रस्ताव रखा तो जजपा के पांचों विधायक सदन से बाहर निकल गए। इस पर कांग्रेसियों ने चुटकी लेते हुए कहा, आप यहीं बैठिए। बाद में पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जजपा की ओर से जारी की गई व्हिप को भी गैर-कानूनी बताया। फ्लोर टेस्ट प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष के कुल 17 सदस्यों ने अपनी बात रखी। कांग्रेस विधायकों की ओर से जहां गुप्त मतदान की मांग की वहीं उन्होंने सरकार को भंग करके विधानसभा के चुनाव करवाने की भी मांग उठाई। बेरी विधायक डॉ. रघुबीर सिंह कादियान सहित कई विधायकों ने कहा कि प्रदेश में अल्पमत की सरकार है और भाजपा को सत्ता में रहने का अधिकार नहीं है। वहीं भाजपा विधायकों की ओर से पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर की जमकर प्रशंसा की और नये मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास प्रस्ताव के दौरान दर्जनों बार मनोहर लाल को मुख्यमंत्री कहकर सम्बोधित किया।

# मनोहर लाल ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा

**भावुक पल...**

8 विधानसभा में मनोहर लाल अपना इस्तीफा देने की घोषणा के दौरान काफी भावुक हो गए थे



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को विधानसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया। विधानसभा में मनोहर लाल अपना इस्तीफा देने की घोषणा के दौरान काफी भावुक हो गए थे। विधानसभा में नायब सैनी सरकार के फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सदस्यता से इस्तीफा देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर उन्होंने अपनी कुर्सी नायब सैनी के लिए छोड़ी है। अब वह करनाल विधानसभा की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री नायब सैनी को सौंपते हैं। करनालवासियों की समस्याओं का समाधान अब नायब सैनी करेंगे। मुख्यमंत्री के इस ऐलान के बाद साफ हो गया है कि निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान नायब सैनी करनाल से चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में ऐलान के बाद स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता को अपना इस्तीफा सौंप दिया। स्पीकर ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। मनोहर लाल करनाल विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बने थे। मनोहर लाल ने हरियाणा की सक्रिय राजनीति में वर्ष 2014 में एंट्री की थी। उससे पहले वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक तथा भाजपा संगठन के नाते से हरियाणा में काम करते थे। भाजपा ने वर्ष 2014 में उन्हें करनाल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़वाया। पहले चुनाव में मनोहर लाल को करनाल में 82 हजार 485 वोट मिले और उन्होंने 63 हजार 773 वोटों से निर्दलीय जयप्रकाश गुप्ता को हराया था। इस चुनाव में इनेलो तीसरे तो कांग्रेस चौथे नंबर पर रही थी।

इसके बाद वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मनोहर लाल को 79 हजार 906 वोट मिले।

# 'एटीएम से धोखाधड़ी की फिराक में रहते स्कैमर्स, रहें सावधान'



**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने बुधवार को लोगों को ठगों से सचेत रहने के लिए जागरुक करते हुए कहा कि तेजी से बदलते जमाने में हर दिन नई तकनीक सामने आ रही है। जिसकी वजह से सुविधा बढ़ने के साथ-साथ फ्रॉड करने की तकनीक बढ़ रही है। जालसाज ताक में रहते हैं कि कब किसी से कोई गलती हो जिसका फायदा वो उठा सके। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि आज कल स्कैमर्स एटीएम से भी धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। आपने अगर पैसे निकालते वक्त थोड़ी सी लापरवाही बरती तो आपका अकाउंट खाली हो सकता है और आप जालसाजों के जाल में फंस सकते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहना चाहिए। एसपी ने कहा कि आमतौर हम जल्द ही अपना काम निकलवाने के लिए दूसरों पर निर्भर रहते हैं। हम अकसर यही चाहते हैं की आपका

**सलाह**

8 जालसाज ताक में रहते हैं कि कब किसी से कोई गलती हो जिसका फायदा वो उठा सके

काम कोई दूसरा व्यक्ति जल्दी से करके आपको दे। अकसर जब हम एटीएम से पैसे निकालने जाते हैं और कुछ परेशानियां सामने आती है तो हम बाहर खड़े अनजान व्यक्ति की मदद लेते हैं, लेकिन ऐसा करने से बचना चाहिए क्योंकि जालसाज सामान्य व्यक्ति बनकर आपको ठगने की ताक में रहते हैं। पैसे निकालने में परेशानी होने पर एटीएम में मौजूद गार्ड की सहायता ले सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हम यह सोचते है की एटीएम के अंदर कोई भी नहीं है तो आसानी से बिना छुपाए पिन डाल दें लेकिन ऐसा करने से बचें।

# पीएम ने वंचितों व पिछड़ों उत्थान के लिए क्रियान्वित की योजनाएंः गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निरंतर वंचितों व पिछड़ों के हितों व उनके उत्थान के लिए योजनाएं क्रियान्वित की है। इसी कड़ी में वंचित वर्गों व पिछड़े वर्गों के लिए सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण सूरज पोर्टल लांच किया है। सूरज पोर्टल इन लोगों के उत्थान में मिल का पत्थर साबित होगी। केंद्रीय बिजली एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बुधवार को वंचित वर्गों के लिए आउटरिच कार्यक्रम के तहत सीडीएलयू में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि लाभार्थियों को



संबोधित कर रहे थे। इससे दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को पीपीई किट व आयुष्मान कार्ड वितरित किए। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने देशभर के विभिन्न राज्यों के हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम तथा हरियाणा पिछडें वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम के माध्यम से ऋण सहायता प्राप्त लाभार्थियों से संवाद किया। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की मैनिजिंग डायरेक्टर गीता भारती ने मुख्यअतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का स्वागत किया व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने मुख्यअतिथि को जिला में केंद्र की योजनाओं के क्रियांवयन की जानकारी दी।

**लॉन्च**

8 पिछड़े वर्गों के लिए सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण सूरज पोर्टल लांच किय

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा वंचितों व पिछड़ों के ध्यानार्थ योजनाओं को क्रियान्वित किया है। वंचित वर्गों के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य के साथ सुगम ऋण के लिए एक परेशानी मुक्त और निर्बाध तंत्र सुनिश्चित करने के लिए और एकीकृत पोर्टल सूरज (सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण) लॉन्च किया है।

# पलवल में एसटीएफ ने 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा


**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः** जिले की सीमा से लगते उत्तर प्रदेश से अवैध हथियार लाकर जिले में सप्लाई करने के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एसटीएफ ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसटीएफ ने बताया कि 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश ईशा को होडल के पुन्हाना मोड़ से गिरफ्तार किया है। यूपी के जिला मथुरा के जघावली गांव निवासी ईशा एक वर्ष से जिला पुलिस के लिए सिरदर्द बना था। पुलिस के अनुसार आरोपित ईशा अवैध हथियारों की सप्लाई करता है।

# हरियाणा में पहली बार वोट डालेंगे 12 लाख 53 हजार युवा मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि भारत की लोकतंत्र व्यवस्था में हर वोट का महत्वपूर्व योगदान है। चुनाव आयोग चाहता है कि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव के पर्व को एक उत्सव की तरह मनाए। अग्रवाल बुधवार को प्रदेश में होने वाले लोकसभा चुनाव के सम्बंध किये जा रहे प्रबंधों की एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या



12 लाख 53 हजार 170 हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव आयोग का यह प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक युवा मतदाता राज्य में होने वाले इस मतदान में भाग लेकर चुनाव का पर्व देश का गर्व नामक यज्ञ में आहुति अवश्य डालें। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य ही नहीं बल्कि युग निमार्ता भी हैं। युवाओं को बूथ स्तर पर अपने क्षेत्र के किसी खिलाड़ी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, कलाकार को मतदान का आइकॉन बनाना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए विशेष प्रबन्ध किये गए हैं ताकि उन्हें मतदान करने में कोई दिक्कत न आए।

**उत्सव**

8 हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव के पर्व को एक उत्सव की तरह मनाए

# किसानों ने पुलिस घेरा तोडकर की सोलूमाजरा अदानी साइलो की तालाबंदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथलः** ढांड अनाज मंडी में गेहूं की तुलाई शुरू करवाने एवं मंडी में बारदाना मुहैया करवाने की अपनी मांग को लेकर दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों ने सोलूमाजरा अदानी साइलो की तालाबंदी की। किसानों के आगे पुलिस की एक ना चली और पुलिस पहरे के बीच भी किसान अदानी साइलो को ताला लगाने में कामयाब रहे। पूर्व निर्धारित तय कार्यक्रम के अनुसार समाज सेवी विकास तंवर के आह्वान पर विस्तार अनाज मंडी ढांड में बुलाई गई किसान महापंचायत में भारी संख्या में किसान मजदूर पहुंचे। किसान महापंचायत का मुख्य उद्देश्य अनाज मंडी में गेहूं की तुलाई के लिए मंडी में बारदाना मुहैया करवाना है। किसान महापंचायत में विकास तंवर ने कहा कि किसान सोलूमाजरा अदानी साइलो में गेहूं बेचने के लिए कई-कई दिनों तक लाइनों में लगने को मजबूर हो रहे हैं। गेहूं की सीजन नजदीक है। जिला प्रशासन मंडी में बारदाना देने के लिए हामी नहीं भर रहा है। अब तो हमारे पास केवल एक ही विकल्प बचा है कि जब तक बारदाना नहीं दिया जाता तब तक साइलो के गेट की तालाबंदी की जाए। मौजूद सभी ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया। इसके बाद

**तालाबंदी**

8 अडिग रहे कि जब तक डीसी आकर आश्वासन नहीं देता कि मंडी में बारदाना मुहैया करवा दिया जाएगा

जिला प्रशासन हरकत में आया और देखते ही देखते मंडी पुलिस छावनी में तबदील हो गई। डीएसपी ललित यादव, डीएसपी उमेद सिंह, सीटीएम गरविन्द्र सिंह, ढांड थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने किसानों को समझाने का प्रयास किया। किसान एक ही बात पर अडिग रहे कि जब तक डीसी आकर आश्वासन नहीं देता कि मंडी में बारदाना मुहैया करवा दिया जाएगा, तब तक हम अदानी साइलो को तालाबंदी का इरादा नहीं बदल सकते। लगभग 2 घंटे का समय देने के बाद भी जब डीसी किसानों के बीच नहीं पहुंचे तो किसानों ने सोलूमाजरा अदानी साइलो की तालाबंदी के लिए वाहनों पर सवार होकर कूच किया। इससे पहले पुलिस बल ने साइलो के गेट की घेराबंदी कर दी। जब किसान वहां पहुंचे तो पुलिस प्रशासन ने गेट की तालाबंदी नहीं करने के लिए समझाया।

# फुट क्लिनिक में टेढ़े-मेढे पैर वाले बच्चों का होगा इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवलः** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग के दिशा-निर्देशन व उपसिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में डीईआईसी ने क्लब फुट से ग्रस्त बच्चों के लिए शिविर आयोजित किया। शिविर में नोडल अधिकारी एवं हड्डी रोग सर्जन डॉ. दिनेश सोनी की देखरेख में डॉ. लितेश मलिक ने पीड़ित बच्चों के पैरों में प्लास्टर लगाए गए तथा अनुष्का फाउंडेशन ने बच्चों को ब्रास व जूते वितरित किए। उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी ने बताया कि क्लब फुट (पैर के पंजे का अंदर की तरफ मुड़ा होना) एक ऐसी विकृति है, जिसमें बच्चा बड़ा होकर चलने-फिरने, खेलकूद व दौड़ लगाने तथा दैनिक कार्य करने में असमर्थ रहता है, लेकिन क्लब फुट की विकृति को



ठीक होने के बाद बच्चा अपने दैनिक कार्य व किसी भी खेलकूद में भाग लेकर तथा अपने सारे दैनिक कार्य करने में समर्थ हो जा सकता है और सामान्य जीवन व्यतीत करने में सक्षम बन जाता है। डीईआईसी की प्रबंधक डॉ. साक्षी शर्मा ने इस अवसर पर माताओं व अभिभावकों को जन्मजात रोगों के बारे में भी जागरूक किया तथा अभिभावकों को प्रत्येक सोमवार को क्लब फुट वाले बच्चों का इलाज करवाने की सलाह दी। इसके अलावा डीईआईसी सेंटर द्वारा जन्मजात विकृति जैसे न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट (पीठ पर फोड़ा होना), क्लेफ्ट लिप एंड क्लेफ्ट पैलेट (कटे होंठ व कटा तालु), जन्मजात बहरापन, अंधापन, डाउन सिंड्रोम, जन्मजात मोतियाबिंद, रेटिनोपैथी ऑफ प्रिमेच्योरिटी, गंभीर एनीमिया, विटामिन ए, बी तथा विटामिन डी की कमी, कुपोषण, चर्म रोग, दंत रोग, कान बहना, ट्यूबरक्लोसिस (तपेदिक), श्वसन संबंधी, मिर्गी, भेंगापन, शारीरिक व मानसिक विकास में देरी, बोलने व चलने में देरी, न्यूरो मोटर इंपेयरमेंट, हियरिंग इंपेयरमेंट, रिफ्रैक्टिव एरर, मंदबुद्धि (लर्निंग डिस्ओडर) तथा स्पीच एंड लैंग्वेज डिले (बोलने में देरी) आदि से ग्रस्त बच्चों को जिला नागरिक अस्पताल के डीईआईसी सेंटर द्वारा विभिन्न विभागों व टर्सरी लेवल (तृतीयक स्तर) पर हायर सेंटर में भेज कर उचित उपचार करवाया जाता है।

**दिशा-निर्देश**

8 हड्डी रोग सर्जन डॉ. दिनेश सोनी की देखरेख में डॉ. लितेश मलिक ने पीड़ित बच्चों के पैरों में प्लास्टर लगाए गए

# 6 महाविद्यालयों को दी गई सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीनें

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसाः** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा जिला के 6 महाविद्यालयों को सैनिटरी नैपकिन डिस्पेंसिंग व डिस्पोजल मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त 6 सैनिटरी नैपकिन डिस्पैंसिंग व 6 डिस्पोजल मशीनों को उपायुक्त आर के सिंह के निदेर्शानुसार जिला के 6 महाविद्यालयों में दी गई। डा. बी.आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय डबवाली, शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन कालांवाली, भगवान श्री कृष्ण कॉलेज ऑफ एजुकेशन डबवाली, श्री गुरु हरि सिंह कॉलेज श्री जीवन नगर, सी.आर.डी.ए.वी. गर्ल्ज कॉलेज ऐलनाबाद तथा सी.आर.डी.ए.वी. गर्ल्ज कॉलेज ऑफ एजुकेशन ऐलनाबाद को उपलब्ध करवाई गई हैं। राज्य मुख्यालय के तकनीशियनों द्वारा उक्त सैनिटरी नैपकिन डिस्पैंसिंग व डिस्पोजल मशीनों को शीघ्र लगवा दिया जाएगा। इन मशीनों के रख-रखाव का खर्च महाविद्यालय में चल रही यूथ रेडक्रॉस यूनिट द्वारा किया जाएगा।

# दिल्ली में निलंबित किए गए पुलिसकर्मी तोमर को बहाल करने की मांग

**मांग**

8 सरकार से मांग कि ऐसा पूरे देश में कहीं भी हो रहा हो तो, इसको जल्द से जल्द बंद किया जाना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींदः** जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा दिल्ली में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर निलंबित हुए पुलिसकर्मी की बहाली को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस मौके पर संगठन



के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि दिल्ली में यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए सड़क जाम करके नमाज पढने वाले को मनोज तोमर ने हल्का बल प्रयोग करके हटाने का प्रयास किया। इसके कारण वहां के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर प्रशासन पर दबाव बना कर मनोज तोमर को निलंबित करवा दिया जोकि निंदनीय है। मनोज तोमर अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रहा था। सड़क को जाम कर-के नमाज पढना बहुत ही गलत काम है। अतुल चौहान ने सरकार से मांग कि ऐसा पूरे देश में कहीं भी हो रहा हो तो, इसको जल्द से जल्द बंद किया जाना चाहिए।

# सोनीपतः गृह प्रवेश के लिए नहीं पहुंचा गैंगस्टर काला जठेड़ी

## पुलिस ने उसे प्रोटेक्शन देने से इंकार कर दिया। इसी कार से वह सोनीपत में अपने गांव जठेड़ी नहीं पहुंच पाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः** हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी शादी के बाद गृह प्रवेश की रस्म निभाने नहीं पहुंच पाया। कोर्ट ने उसने इस रस्म को निभाने के लिए 2 घंटे की पैरोल दी थी। पुलिस ने उसे प्रोटेक्शन देने से इंकार कर दिया। इसी कारण से वह सोनीपत में अपने गांव जठेड़ी नहीं पहुंच पाया। पुलिस के अनुसार 12 मार्च को गैंगस्टर काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी की शादी संपन्न हुई। सोनीपत के गांव जठेड़ी में 13 मार्च को इनके विवाह के बाद गृह प्रवेश की रस्म होनी थी। काला जठेड़ी जेल में है



तो कोर्ट ने उसे गृह प्रवेश के लिए 2 घंटे की पैरोल दी थी। लेकिन, पुलिस इसे लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। दरअसल, काला जठेड़ी एक बार गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त से फरार हो चुका है। यह मुसीबत दोबारा न आए, इसलिए सोनीपत पुलिस ने गृह प्रवेश की रस्म के दौरान काला जठेड़ी की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। एक दिन पहले ही काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी शादी के बंधन में बंधे। दोनों की शादी दिल्ली के द्वारका इलाके के एक बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई। यह हॉल तिहाड़ जेल से करीब 12 किमी दूर था। दो राज्यों की पुलिस की ओर से इस शादी समारोह को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। काला जठेड़ी ने अनुराधा चौधरी की मांग भर कर उसे अपना जीवन साथी बना लिया है। उसे 6 घंटे की कस्टडी पैरोल मिलने के बाद दूल्हे काला जठेड़ी की बारात में पुलिसकर्मी भी बैंक्वेट हॉल पहुंचे थे। उसके पास शादी संपन्न करने के लिए सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक का समय था। दोनों ने इसी समय-सीमा के बीच शादी की तमाम रस्में पूरी कीं और विधिवत पति-पत्नी बने। इसके बाद काला जठेड़ी वापस तिहाड़ जेल चला गया।

**संक्रमण**

8 पुलिस के अनुसार 12 मार्च को गैंगस्टर काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी की शादी संपन्न हुई

# मेयर ने निगम क्षेत्र वासियों को 5 करोड़ 20 लाख के विकास कार्यों की दी सौगात

## मेयर निखिल मदान ने निगम क्षेत्र में 5 करोड़ 20 लाख रु की लागत से होने वाले विकास कार्यों का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** नगर निगम मेयर निखिल मदान ने बुधवार को निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में लगभग 5 करोड़ 20 लाख रु की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि आज वार्ड 18 के सेक्टर 23 में लगभग 2 करोड़ रु की लागत से सभी पार्कों में सौंदर्यीकरण, मरम्मत और ओपन जिम लगाने के कार्य का शुभारम्भ किया है। इस कार्य में 1 करोड़ रु की लागत से वाकिंग ट्रैक पर आवश्यकतानुसार चेकर्ड टाइल्स लगाना ,पार्क की चारदीवारी और रेलिंग्स की मरम्मत , शेड की मरम्मत, आवश्यकतानुसार रंग रोगन शामिल है। साथ ही 98 लाख रु की लागत से सभी पार्कों में ओपन जिम लगाने का भी प्रावधान है।



इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा के साथ मिलकर वार्ड 9 निवासियों को 2 करोड़ 98 लाख रु की लागत से होने वाले विकास कार्यों की सौगात दी। मेयर निखिल मदान ने बताया कि बंदेपुर गाँव में 1 करोड़ 25 लाख रु की लागत से गलियाँ पक्की होंगी ,साथ ही कुछ गलियों में नई सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। साथ ही पटेल नगर में 1 करोड़ 40 लाख रु की लागत से गलियाँ पक्की होंगी। इन कार्यों में आवश्यकतानुसार इंटरलॉकिंग टाइल्स ,सी सी और मास्टिक पद्धति से गलियाँ पक्की की जाएगी। इसके साथ ही वार्ड 9 के राठधना गाँव में 33 लाख रु की लागत से पड़ंगा पाना में बनी सामान्य चौपाल का नवनिर्माण किया जायेगा। साथ ही वार्ड 4 में दिल्ली रोड पर सिक्का कालोनी पुलिस चौकी के साथ बने पार्क का भी कायाकल्प किया जायेगा। मेयर निखिल मदान ने निगम पार्षद बबिता कौशिक के साथ मिलकर 23 लाख रु की लागत से पार्क की मरम्मत और सौंदर्यीकरण करने के कार्य का नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, निगम पार्षद बबिता कौशिक,युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रिंस सरोहा,त्रिभुवन कौशिक, कप्तान सिंह पंवार,राजेश मलिक,गौरव कौशिक,सतबीर दहिया, राजेश दहिया,अतर सिंह, सतबीर हुड्डा, सतपाल कौशिक, राकेश कौशिक,महेंद्र दहिया,रोशन लाल कौशिक,सुखबीर राणा,राम निवास शर्मा,जोगिन्दर ,मनोज दहिया,रघबीर सिंह,अमित सरोहा, देविंदर आदि लोग मौजूद रहे।

**सौगात**

- 8 वार्ड 18 के सेक्टर 23 में लगभग 2 करोड़ रु की लागत से होगा सभी पार्कों का जीर्णोद्धार
- 8 1 करोड़ की लागत से सभी पार्कों में होगी मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण, 98 लाख रु से लगेगा सभी पार्कों में ओपन जिम
- 8 वार्ड 9 के बंदेपुर गाँव में 1 करोड़ 25 लाख रु की लागत से पक्की होंगी गलियाँ, साथ ही कुछ क्षेत्र में बिछाई जाएगी नई सीवरेज लाइन

# कृष्णा गली की नालियों को अंडरग्राउंड करने के निर्माण कार्य आरम्भः मिथुन

**विकास कार्य**

- 8 60 प्रतिशत नालियां अंडरग्राउंड कारवाई जा चुकी हैं और कलाल माजरी में एक भी नाली को खुला नहीं रहने दिया जायेगा।



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर नगर निगम वार्ड नंबर 10 के कांग्रेसी पार्षद (सद्स्य) मिथुन वर्मा द्वारा अंबाला शहर के कलाल माजरी स्थित कृष्णा गली की नालियों को दोनों तरफ से अंडरग्राउंड करने के निर्माण कार्य का आज शुभारंभ श्री राम भक्त वीर हनुमान जी की प्रतिमा को तिलक करके, पुष्पमाला पहनाकर व पूजा अर्चना करने के उपरान्त निर्माण कार्य का श्रीगणेश वार्ड की सम्मानित सख्शियत गुलशन कुमारी द्वारा हैमर मशीन के ऊपर मौली बांध कर किया गया। उसके बाद वार्ड के लोगों ने निर्माण कार्य शुरू होने के कारण लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। मिथुन वर्मा ने बताया कि नगर निगम से इस कार्य के लिए लगभग 14.6 लाख रुपये का टेंडर पास हुआ है। जिसके अंतर्गत दोनों ओर की नालियों में अंडरग्राउंड पाइप लाईन डाली जायेगी। और कलाल माजरी की आम जनता को गली की गंदगी व मच्छरों से निजात मिलेगी।

मिथुन ने बताया उनके प्रयासों से कि अब तक कलाल माजरी में लगभग 60 प्रतिशत नालियां अंडरग्राउंड कारवाई जा चुकी हैं और कलाल माजरी में एक भी नाली को खुला नहीं रहने दिया जायेगा। उन्होंने वार्ड वासियों से कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को निरन्तर गति प्रदान की जा रही है तथा प्राथमिकता के आधार पर सभी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मिथुन वर्मा ने कहा कि अब तक वार्ड में लाखों रुपये की लागत से अनेक विकास कार्य करवाए जा चुके हैं तथा जल्द ही शेष बचे विकास कार्यों को भी शीघ्रता से पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 10 के लोगों की विकास से जुड़ी सभी जायज मांगों/समस्याओं को एक-एक करके पूरा किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों की जो भी समस्याएं हैं उनका त्वरित समाधान करवाया जा रहा है।

# सिटी प्लाजा में गोपाल स्वीट्स आउटलेट का हुआ शुभारंभ

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मिठाई, डेयरी उत्पाद, फास्ट फूड और भारतीय व्यंजनों का जाना माना नाम गोपाल अब अम्बाला में भी आ गया है। अम्बाला सिटी में अग्रसेन चौक पर सिटी प्लाजा में नए शुरू हुआ गोपाल का आउटलेट श्रृंखला का 17 आउटलेट होगा। पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री लाल सिंह ने गोपाल स्वीट्स का रिबन काट कर शुभारंभ किया। गोपाल के मालिक शरणजीत सिंह और प्रबंध निदेशक नवजोत सिंह ने बताया कि गोपाल स्वीट्स पिछले 60 साल से ज्यादा समय से लोगों की सेवा करता है। यह लोगों का प्यार ही है, जो आज गोपाल घर घर मे एक जाना पहचाना नाम है। उन्होंने कहा कि हमारा हमेशा से एक ही लक्ष्य रहा है लोगों को प्योर मिठाई उपलब्ध कराएं। शरणजीत सिंह ने कहा कि



हमने क्वालिटी से कभी भी कंप्रोमाइज नहीं किया। यही वजह है कि कस्टमर्स गोपाल स्वीट्स के स्वीट्स प्रोडक्ट्स पसंद करते हैं। शरणजीत सिंह ने कहा कि यहां तक खोये की मिठाई का सवाल है तो हम अपना खोया खुद बनाते हैं, जिसके चलते खोये वाली मिठाई पर उन्हें पूरा विश्वास है कि वो जल्दी खराब नही होगी।

उन्होंने बताया कि लोगों को भरोसा जीतने के साथ ही ट्राईसिटी में 10 स्टोर हो गए हैं। इसके अलावा 4 पटियाला में और 1 लुधियाना में है। 1 धर्मपुर- हिमाचल में है। कुल 17 स्टोर हैं।

# बाइक चोरी के मामले में नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**थाना** समालखा की हथवाला चौकी पुलिस टीम ने बाइक चोरी के मामले में नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने जून 2023 में गांव पट्टीकल्याणा में घेर से स्पलेंडर बाइक चोरी कर दोस्त को चलाने के लिए दे दी थी। गत दिनों चेकिंग के दौरान बहादुरगढ़ पुलिस ने चोरीशुदा उक्त बाइक को पकड़ा था। समालखा की हथवाला चौकी पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर चोरीशुदा बाइक को कब्जा पुलिस में लिया गया था। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुलकुमार ने बताया कि नाबालिग आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसकी बेल हो गई।

हलदाना चौकी में सुरेश पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी कुमासपुर ने शिकायत देकर बताया था कि 9 जून 2023 को वह अपनी स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर गांव पट्टीकल्याणा मंदिर में आया था। बाइक को साले के घेर में खड़ा कर वह मंदिर में चला गया था।

# सीएम सैनी की अगुवाई में प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा: संदीप



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा,:** भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में हरियाणा प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा। भाजपा नेता संदीप गर्ग बुधवार को लाडवा अनाजमंडी स्थित अपने कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल बना हुआ है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अगुवाई में भी हरियाणा प्रदेश दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा था और अब और ज्यादा तरक्की करेगा। उन्होंने कहा कि आज जो हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बने हैं वह पहले ही कुरुक्षेत्र लोकसभा से सांसद है। उसके बाद लगभग पांच महीने पहले हरियाणा के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बने हुए थे। इससे हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों के साथ-साथ कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने से कुरुक्षेत्र जिले व लाडवा हल्के का भी चहुमुखी विकास होगा। हम सभी को उनके हाथ मजबूत करने चाहिए और संगठन को भी मजबूत करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### भिवानी में आयोजित सब-जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सरों ने जीते स्वर्ण पदक



**सोनीपत: भिवानी** में 8 मार्च से 11 मार्च, 2024 तक द्वितीय सब जूनियर हरियाणा राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अनमोल दहिया ने 64 किलो भारवर्ग में व सिद्धान्त लठवाल ने 61 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की । बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से 400 से अधिक बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें 64 किलो भारवर्ग में अनमोल दहिया ने अपने प्री क्वार्टर मुकाबले में जींद के राहुल को, क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में पानीपत के मयंक को, सेमीफाइनल मुकाबले में करनाल के अरनव को व फाइनल मुकाबले में यमुनानगर के अंशुल को हराकर स्वर्ण पदक जीता ।61 किलों भारवर्ग में सिद्धान्त लठवाल ने अपने प्री क्वार्टर मुकाबले में कुरुक्षेत्र के रोमी को, क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में रोहतक के लक्ष्य को, सेमीफाइनल मुकाबले में झज्जर के मोहित को व फाइनल मुकाबले में मेवात के हर्ष को हराकर स्वर्ण पदक जीता । इस प्रतियोगिता को जीतकर दोनों ने 18 मार्च से नोएडा में शुरू होने वाली सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। वहीं 7 मार्च से 10 मार्च, 2024 तक दिल्ली में आयोजित 45वीं सब जूनियर दिल्ली स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी, सोनीपत के बॉक्सर मिलन ने 52 किलो भारवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने विजेता बॉक्सरों को बधाई दी व आगामी नेशनल प्रतियोगिता में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी ।

### एसडीएम खरखौदा का जोरदार स्वागत



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** एसडीएम के रूप में एसडीएम स्वेता सुहाग का क्षेत्र वासियों ने बुधवार को स्वागत किया विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पहुँचकर। इस दौरान उनका सम्मान करते हुए अपने क्षेत्र की कई माँगो को भी रखा गया। एसडीएम खरखौदा श्वेता सुहाग ने कहा कि खरखौदा में पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जो भी विकास कार्य चले हुए हैं उन्हे गति देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खरखौदा में पानी निकासी के लिए नगरपालिका व जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिस भी प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। उसे लेकर भी जल्द संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उसे सही ढंग से पूरा करवाया जाएगा।

# दुनिया माजरा स्कूल के छात्रों का चैक किया ब्लड ग्रुप



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** गाँव दुनिया माजरा,कुरुक्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य विभाग, झाँसा की टीम द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय, दुनिया माजरा, पिहोवा, कुरुक्षेत्र के कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों व गाँव के अन्य बच्चों के ब्लड ग्रुप स्तर की जाँच की गई। सबके ब्लड ग्रुप स्तर के बारे में सबको मौके पर ही अवगत करवा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यों ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा की बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखें ताकि बच्चों के ब्लड में किसी प्रकार की गिरावट न आए ।बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें पौष्टिक भोजन दें ताकि वह स्वस्थ रहे, इसीलिए कहते हैं की स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक जसबीर सिंह सैनी, विज्ञान अध्यापक हरदविंदर सिंह, जसमहिंदर सिंह, संदीप कुमार, आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स, स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य, ग्रामीण महिलाएं व पुरुष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर जताई खुशी

**जश्न**

- 8 सरपंच मास्टर बलदेव व ग्रामवासियों ने लड्डू बांटकर व ढोल की थाप पर नाचकर खुशी का इजहार किया



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया है। नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी व ग्रामवासियों ने लड्डू बांटकर व ढोल की थाप पर नाचकर खुशी का इजहार किया। जैसे ही ग्रामवासियों को पता चला कि नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया है तो वैसे ही समर्थक सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी के आवास पर पहुंचना शुरू हो गए और ग्रामवासियों ने नायब सैनी जिंदाबाद व भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने एक साफ व्यक्तित्व के धनी नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर दिखा दिया कि पार्टी में जो भी ईमानदारी के साथ कार्य करता है उसे पार्टी आगे ले जाती है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से पहला मुख्यमंत्री बनना कुरुक्षेत्रवासियों के लिए खुशी की बात है। नायब सिंह सैनी ओबीसी वर्ग से संबंध रखते है। सांसद सैनी के मुख्यमंत्री बनने से पार्टी को ओबीसी समुदाय के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिल सकती है। नायब सैनी वर्तमान में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद है। वर्ष 2019 के चुनाव में नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से तीन लाख 84 हजार 591 वोटों के अंतर होने से से जीत दर्ज की थी। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर कुरुक्षेत्र शहर अब सी एम सिटी के नाम से जाना जाएगा। सांसद नायब सैनी का मुख्यमंत्री बनना कुरुक्षेत्र वासियों के लिए बड़े गौरव की बात है जिसको लेकर गांव कैंथला खुर्द में खुशी का वातावरण देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर सेवा सिंह ,कुलदीप सिंह, गुरुदेव फौजी, अमर सिंह, बलविंदर सिंह, बलदेव सिंह, होशियार सिंह, कुलदीप सिंह व सोहनलाल,, गुरदेव सिंह,उदय ईशाकपुर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 'प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण सब के लिए आवश्यक'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** शांतनु शर्मा उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी , कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में कार्य कर रही जिला रेड क्रास शाखा/ सेंट जॉन एंबुलेंस के द्वारा जिला रेड क्रॉस भवन में प्रोफेशनल फर्स्ट एड ट्रेंनिंग तथा होम नर्सिंग की ट्रेनिंग करवाई जाती है जो अठारह वर्ष की आयु के बाद कोई भी कर सकता है भारत ही नही विदेशों में भी इस ट्रेनिंग कोर्स का बहुत महत्व है 13 मार्च 2024 फर्स्ट ऐंड ट्रेनिंग कोर्स के विधार्थियो को कुमारी किरण कश्यप लैक्चरर फर्स्ट एड द्वारा रेड क्रॉस की महत्व पूर्ण गति विधियों की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि घायल व्यक्ति को डॉक्टर के पास जाने से पूर्व हमे प्राथमिक सहायता मौके पर उपल्बध समान द्वारा करनी चाहिए ताकि





घायल की जान बचाई जा सके या उसकी बिगड़ती स्थिति में सुधार लाया जा सके। बेहोश व्यक्ति की सांस न चल रही हो तो सी पी आर विधि का प्रयोग कर उसकी जान बचाए,हड्डी टूट की पहचान कर किसी कपड़े से बांध कर उस अंग को हिलने से बचाए, दौरा पड़ना, आग से जल जाना रोगी को अस्पताल ले जाने की विधियों आदि, विषयों पर विस्तार से प्रैक्टिकल माध्यम से सिखाया। कुमारी अंजू कश्यप,जिला प्रशिक्षण अधिकारी, सेंट जॉन एम्बुलेंस ने बताया कि सेंट जॉन एंबुलेंस द्वारा 30 बच्चों का एक बैच तैयार किया जाता है । जिसमें ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया रहती है ।उसके बाद 8 दिनों का फर्स्ट ऐंड का प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स करवाया जाता है । ।डॉक्टर सुनील कुमार सचिव रेड क्रॉस सोसायटी ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा समय समय पर स्कूल, कॉलेज वा अन्य महत्वपूर्ण पूर्ण सेमिनारों में प्राथमिक सहायता की जानकारी प्रदान की जाती है ।किरण कश्यप ,लैक्चरर द्वारा प्राथमिक सहायता के अलावा सड़क सुरक्षा के नियम का पालन करना घायल की मदद करने, नशा मुक्ति अभियां मे सहयोग देना तथा प्रतिभागीयो को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई।

**ट्रेनिंग**

- 8 होम नर्सिंग की ट्रेनिंग करवाई जाती है जो अठारह वर्ष की आयु के बाद कोई भी कर सकता है

# नौकरी न मिलने से परेशान युवक ने जहर निगलकर जान दी

**हिसार: सदर क्षेत्र** के गांव जीतपुरा निवासी युवक ने नौकरी न मिलने से परेशान होकर बुधवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से सरकारी नौकरी न मिलने से वह परेशान रहता था। हाल ही में आए ग्रुप डी के रिजल्ट में उसे नौकरी की पूरी उम्मीद थी, लेकिन जब उसमें भी नाम नहीं आया तो उसकी उम्मीद टूट गई। इससे दुखी होकर उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस के अनुसार जीतपुरा गांव निवासी लगभग 26 वर्षीय मोनू ने गांव देपल के पास कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था।

# डॉ. ममता सूद को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर राष्ट्रीय गौरव सम्मान से किया सम्मानित

**सम्मान**

- 8 16 सांझा संग्रह व कई पत्र- पत्रिकाओं में कवितायें, लेख और समीक्षाएं प्रकाशित हो चुकी है





**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** मीडिया महाकुंभ राष्ट्र गौरव अवार्ड 2024 द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर 1 पंचकूला में आयोजित किया गया ।इसमें भारत के17 राज्यों सहित विदेशी धरती से भी श्रेष्ठ भारत निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले सभी वर्गों को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसमें कुरुक्षेत्र की वरिष्ठ कवयित्री, लेखिका, समाज सेविका एवं शिक्षाविद डॉ. ममता सूद को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

उनके चार काव्य संग्रह, एक कहानी संग्रह और 16 सांझा संग्रह व कई पत्र- पत्रिकाओं में कवितायें, लेख और समीक्षाएं प्रकाशित हो चुकी है।

कुरुक्षेत्र की कई सामाजिक संस्थाओं ने डॉक्टर ममता सूद को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## न्यूज फ्लैश

### यूथ रेडक्रॉस के माध्यम से मानवता की सेवा करें युवा: प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि यूथ रेडक्रॉस के माध्यम से युवा पीढ़ी को मानवता की सेवा करनी चाहिए क्योंकि मानवता की सच्ची सेवा ही ईश्वर की सेवा है। वे बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में केयू यूथ रेडक्रॉस यूनिट की ओर से आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रेडक्रॉस यूनिट द्वारा निरंतर सामाजिक गतिविधियां निरंतर महाविद्यालयों में आयोजित कर युवा विद्यार्थियों को इसके साथ जोड़ा जाए ताकि समाज के प्रति स्वयं के सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों का निवर्हन कर देश हित में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि हरियाणा रेडक्रॉस के सचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने रेडक्रॉस की ओर से आयोजित होने वाली विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के बारे में बताया। रोहित शर्मा ने रेडक्रॉस फंड के उपयोग तथा रेडक्रॉस अवार्ड प्राप्त करने के बारे में जानकारी साझा की।इस मौके पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. दिनेश राणा ने कहा कि समाज में फैली हुई कुरीतियों जैसे नशा व नशे से संबंधित बीमारियों के बारे में जागरूक किया। फील्ड कोऑर्डिनेटर डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा व होम नर्सिंग की ट्रेनिंग दी चाहिए जो मानव सेवा के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव सुनील कुमार एवं हरियाणा पुलिस के एनसीबी विभाग के उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा मौजूद रहे तथा युवाओं को नशा मुक्ति के लिए सभी को संकल्प दिलाया।

### पलवली हत्याकांड की सजा पर बहस हो गई पूरी, 15 मार्च को आएगा फैसला

**फरीदाबाद :साल** 2017 में हुए बहुचर्चित पलवली हत्याकांड मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसके शर्मा की अदालत ने बुधवार को भी फैसला नहीं सुनाया। दरअसल दोषी पक्ष की ओर से सजा पर बहस की जा रही थी। इसलिए इस मामले में कई तारीख लगाई गई। सभी तारीख पर बहस हुई है। अब बहस पूरी हो गई है। इसलिए 15 मार्च को फैसला सुनाया जा सकता है। अदालत ने सबसे पहले 26 फरवरी को सजा सुनाने की तारीख तय की थी। इसके बाद 28 फरवरी से इस मामले पर बहस जारी थी। चार मार्च, पांच मार्च और 13 मार्च को भी बहस हुई। दोषी पक्ष के अधिवक्ता संजीव राव ने बताया कि दोषी करार देने के बाद अदालत की ओर से बहस करने का मौका दिया जाता है। ताकि हम कम से कम सजा करने से संबंधित अपना पक्ष रख सकें। बुधवार को हमारी बहस पूरी हो गई। उधर, पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता ललित गौड़ ने बताया कि हम अदालत के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। आर्डर पढ? के बाद आगे कदम उठाएंगे। बता दें इस मामले में अदालत नौ आरोपितों को दोषी करार दे चुकी है। बाकी 17 को बरी कर दिया था। एक आरोपित की पहले ही मौत हो चुकी है। जबकि एक आरोपित ज्यूनाइल था। उसे भी बरी कर दिया गया था। पलवली हत्याकांड 17 सितंबर 2017 को हुआ था। झगड़े में पांच लोगों श्रीचंद, राजेंद्र, ईश्वर, नवीन और देवेंद्र की मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग नितेश, कन्हैया, ललित गौड़, सुरेश, परमाली और भगतराम घायल हुए थे।

# स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर, अप्रैल 2024 में होगी मुकम्मल : अभिषेक

### अनुमानित साढे 38 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजना स्काडा से पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में स्काडा परियोजना का कार्य प्रगति पर चल रहा है। अब तक करीब 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। यह परियोजना अप्रैल 2024 में मुकम्मल होगी। अनुमानित साढे 38 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजना स्काडा से पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। ऑटोमेटिक सिस्टम से नलकूप ऑन-ऑफ होंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि वर्तमान में पेयजल आपूर्ति के नेटवर्क के तहत शहर में अलग-अलग लोकेशन पर 182 नलकूप, 3 बूस्टर स्टेशन तथा 4 ओवरहैड टैंक स्थापित हैं। योकोगावा इंडिया लिमिटेड एजेंसी इन सभी पर उपकरण स्थापित करने का काम कर रही है। इसके बाद इनके कनैक्शन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्काडा प्रोजेक्ट का काम मुकम्मल होने के बाद इसे एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी.) से जोड़ दिया जाएगा, जहां से रियल टाईम डाटा एकत्र होगा। उपकरणों की निगरानी और उन पर नियंत्रण होगा। कार्य मुकम्मल होने के बाद 5 वर्ष तक एजेंसी द्वारा ही सभी उपकरणों का संचालन एवं रख-रखाव किया जाएगा।



क्या हैं स्काडा सिस्टम- उन्होंने बताया कि स्काडा (पर्यवेक्षी नियंत्रण और डाटा अधिग्रहण) सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दोनों तत्वों की एक केन्द्रीकृत प्रणाली है, जो पूरे क्षेत्र की निगरानी और नियंत्रण करती है। पर्यवेक्षी प्रणाली प्रक्रिया से डाटा एकत्र होता है और कमांड नियंत्रण को भेजा जाता है। यह डाटा, सिस्टम से जुड़े सेंसर, नेटवर्क और उपकरणों से प्राप्त होता है। सेंसर, गति, प्रवाह ओर दबाव जैसे मापदंडों को मापते हैं। इस सुविधा से शहर में क्षेत्र अनुसार पानी की पर्याप्त उपलब्धता के साथ-साथ पाईप लाईनो की लिकेज और उसका समाधान सुनिश्चित होगा। नलकूप ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑन-ऑफ होंगे। पेयजल में क्लोरीन की संतुलित मात्रा मौजूद रहेगी, जिससे इसकी शुद्धता बनी रहेगी। स्काडा एप्लीकेशन के जरिए पूरे सिस्टम पर ऑनलाईन नियंत्रण रहेगा।

यह हुए कार्य- निगमायुक्त ने बताया कि स्काडा परियोजना के अंतर्गत नलकूप, बूस्टर स्टेशन तथा ओवरहैड टैंक पर विभिन्न प्रकार के उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 166 नलकूपों, सभी ओवरहैड टैंकों तथा सभी बूस्टर स्टेशनों पर स्टार्टर लगाए जा चुके हैं। 100 नलकूपों पर फ्लोमीटर, 160 पर प्रैशर ट्रांसमीटर तथा 160 नलकूपों पर ही पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए एनालाइजर लगाए जा चुके हैं।

## नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर सैनी समाज में हर्ष की लहर



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष की लहर दौड़ गई। समाज के प्रमुख लोगों ने आज कमेटी चौक पर इक्_ा होकर पार्टी के फैसले पर खुशी जताई और पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री बनने पर जहां बधाइयों का सिलसिला जारी है, वहीं करनाल में सैनी समाज द्वारा कमेटी चौक पर ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर पार्टी के फैसले का स्वागत किया गया।

भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सैनी, सैनी समाज के प्रधान अमित सैनी, पार्षद युद्धवीर सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधियों ने कमेटी चौक पर इक्_ा होकर अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने एक सच्चे, ईमानदार और समर्पित नेता को मुख्यमंत्री बनाकर बड़ा संदेश दिया है।

## जल्द ही कांग्रेस के साथ अपने पत्ते खोलने का काम करेंगे: राज कुमार सैनी



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा: लोकतंत्र** सुरक्षा पार्टी सुप्रीमो राजकुमार सैनी बुधवार को खरखौदा पहुँचे। सैनी चौपाल में उन्होंने अपने समर्थकों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग की बहुसंख्या के बावजूद सिर्फ 11 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। इससे बड़ा धोखा इस वर्ग के साथ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बना दिया है। ओबीसी वर्ग को प्रतिनिधित्व देने की उनकी मांग पूरी हुई है। वह अपने सैनी समाज की तरफ से भाजपा का धन्यवाद तो करते हैं। लेकिन समाज को यह भी कहना चाहते हैं कि एक कुछ दिनों की चौधर के चक्कर में वह भाजपा के पाले में ना चले जाएं। यह तो ओबीसी वर्ग की ताकत है जिसके सामने भाजपा झुक चुकी है। लेकिन अभी कांग्रेस को भी बैलेंस करना होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह कांग्रेस के साथ अपने पत्ते खोलने का काम करेंगे।

## गृह प्रवेश के लिए नहीं पहुंचा गैंगस्टर काला जठेड़ी

**सोनीपत : हरियाणा** के कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी शादी के बाद गृह प्रवेश की रस्म निभाने नहीं पहुंच पाया। कोर्ट ने उसने इस रस्म को निभाने के लिए 2 घंटे की पैरोल दी थी। पुलिस ने उसे प्रोटेक्शन देने से इंकार कर दिया। इसी कारण से वह सोनीपत में अपने गांव जठेड़ी नहीं पहुंच पाया। पुलिस के अनुसार 12 मार्च को गैंगस्टर काला जठेड़ी और लेडी डॉन अनुराधा चौधरी की शादी संपन्न हुई। सोनीपत के गांव जठेड़ी में 13 मार्च को इनके विवाह के बाद गृह प्रवेश की रस्म होनी थी। काला जठेड़ी जेल में है तो कोर्ट ने उसे गृह प्रवेश के लिए 2 घंटे की पैरोल दी थी। लेकिन, पुलिस इसे लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। दरअसल, काला जठेड़ी एक बार गुरुग्राम पुलिस की गिरफ्त से फरार हो चुका है।

## 'योग का अंतिम लक्ष्य समाधि प्राप्त करना'

### पूर्ण रूप से सुखी होने के लिए अष्टांग योग का पालन अनिवार्य

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में योग कक्षा सैक्टर-6 तिकोना पार्क में आज का विशेष सत्र संचालित किया गया। शिक्षक देवेश भाटिया और रीता कुमारी द्वारा सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया गया। वृक्ष आसन, ताड़ आसन, भुजंग आसन, पर्वत आसन और वीरभद्र आसन का अभ्यास करवाया गया, जो शरीर को लचीला बनाते हैं।

प्राणायाम सत्र का अभ्यास करवाते हुए दिनेश गुलाटी ने अष्टांगयोग के बारे में जानकार दी। उन्होंने बताया कि अष्टांग योग के आठ अंग जिसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान तथा समाधि है। इन



सभी अंगों का पालन किए बिना कोई भी व्यक्ति योगी नहीं हो सकता है। यह अष्टांग योग केवल योगियों के लिए अपितु जो व्यक्ति जीवन में स्वयं पूर्ण रूप से सुखी होना चाहता है तथा प्राणी मात्र को सुखी देखना चाहता है, उन सबके लिए अष्टांग योग का पालन करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि अष्टांग योग का पालन करके ही समाधि की उच्चतम अवस्था को प्राप्त किया जा सकता है और योग का अंतिम लक्ष्य समाधि प्राप्त करना ही है। यह मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक संतुलन के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया कई जनकल्याण की योजनाओं को लागू : सुनील गोयल

### 'केंद्र सरकार के निर्देश अनुसार और वर्तमान राजनीतिक समीकरण को देखते हुए जनहित में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने पद से इस्तीफा दिया है'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा के जिला महामंत्री सुनील गोयल ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने 9 साल से अधिक के शासनकाल में कई जनकल्याण की योजनाओं को लागू किया, जिसका लाभ प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। वह आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निर्देश अनुसार और वर्तमान राजनीतिक समीकरण को देखते हुए जनहित में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री नायब सैनी उनके द्वारा व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण की योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।




भाजपा जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार ने कहा कि भाजपा एक कैडरबेस पार्टी है। यहां पर संगठन के निर्णय को ही प्राथमिकता दी जाती है और संगठन के निर्णय को सर्वोच्च मान कर फैसले लिए जाते हैं और उसी निर्णय को मानते हुए हमारे मुख्यमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला लिया। भविष्य में भी जो भी संगठन का निर्णय होगा, उसके अनुरूप ही वह काम करेंगे।

**समीकरण**

**8 मुख्यमंत्री सैनी उनके द्वारा व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण की योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम करेंगे**

नायब सिंह सैनी के हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने पर लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गई। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश सैनी एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना काम्बोज ने भी अपने विचार रखे। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला महामंत्री जयभगवान सीकरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष वाजिद अली, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, कार्यालय प्रमुख लेखराज गर्ग आदि मौजूद रहे।

## जय देव ने नायब सैनी को दी बधाई



**पानीपत/कमाल हुसैन:**

**मंगलवार को** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वी कुलक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण की उसके बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ती नजर आई। भाजपा कार्यकर्ता एक दूसरे को लड्डू से मुंह मीठा कर एक दूसरे को गले लगा कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता जय देव नौल्था ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सूझबूझ का परिचय देते हुए संगठन व धरातल की जानकारी रखने वाले व कुशल सांसद व प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के हाथों में प्रदेश की कमान सौंप कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया है। आने वाले चुनावों में प्रदेश में लोकसभा की सभी 10 सीटें भाजपा जीतने का काम करेगी। कार्यकर्ता प्रदेश में विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की बहूमत से सरकार बनेगी। कार्यकताओं के दम पर ही कोई पार्टी जीत हासिल करती है। रोजना कार्यकर्ता भाजपा से जुड़ने का काम कर रहे हैं जो दशार्ता है कि प्रदेश में भाजपा की पुरजोर लहर चल रही है।

## एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया हुआ सम्मानित

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। वर्ल्ड बुक** ऑफ रिकॉर्ड, लंदन, यूके द्वारा देशभर में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहे एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के छठे स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में वर्ल्ड बुक और रिकाड्र्स लंदन यूके के प्रतिनिधि हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष सुमित सिंगला एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंजाब जसवीर सिंह शिंदा, फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो व रश्मि देसाई ने एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर एवं नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रणजोध सिंह, नैशनल चीफ प्रवीण बंसल, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ गौरव गाबा को प्रशस्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया।



नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।

## 'समाज के गरीब व असहाय व्यक्तियों के कोष का किया जाएगा गठन'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राजपूत** समाज के गरीब व असहाय व्यक्तियों के लिए वित्तीय कोष का गठन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा करने जा रही है। यह जानकारी अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने महाराणा प्रताप भवन में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दी। इससे पहले एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर दलबीर सिंह चौहान ने की। बैठक में बताया गया कि 17 मार्च को करनाल के महाराणा प्रताप भवन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा।



राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पूरे भारतवर्ष से प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे और अपने विचारों को साझा करेंगे। कार्यक्रम से पूर्व सुबह वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप व सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उसके बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सम्मान समारोह होगा, तत्पश्चात प्रेस से मिलिए कार्यक्रम रखा गया है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से पिछली राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन में सभा द्वारा पारित कार्य कंफर्म किए जाएंगे। संस्था की वित्तीय स्थिति पर वित्तीय सचिव द्वारा सुझाव दिए जाएंगे। जिस प्रदेश में कार्यकारिणी अधूरी है, वहां पर कार्यकारिणी गठित की जाएगी। सभी प्रदेशों में भ्रमण कर क्षत्रिय समाज में जागरूकता के लिए कमेटी गठित की जाएगी।

## निफा के सहयोग से डेरा कार सेवा में हुआ फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन

### हेल्थ नेचुरल्स के प्रमुख डॉ.मनोज शर्मा ने सबसे पहले बाबा सुखा सिंह के स्वास्थ्य की जाँच की व उनके स्वास्थ्य संबंधी टेस्ट रिपोर्ट उन्हें बताई

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सामाजिक संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस द्वारा हेल्थ नेचुरल्स के सहयोग से आज डेरा कार सेवा में फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प रखा गया, जिसका उद्घाटन बाबा सुखा सिंह कार सेवा वालों ने किया। हेल्थ नेचुरल्स के प्रमुख डॉ.मनोज शर्मा ने सबसे पहले बाबा सुखा सिंह के स्वास्थ्य की जाँच की व उनके स्वास्थ्य संबंधी टेस्ट रिपोर्ट उन्हें बताई।

बाबा सुखा सिंह ने कहा कि डेरा कार सेवा में हमेशा से समाज भलाई के कार्यों को सहयोग किया जाता रहा है व आगे भी किया जाता रहेगा। आज के शिविर में भारत की प्राचीन नाड़ी विज्ञान पर आधारित जापानी मशीनों व चीन की 250 वर्ष पुरानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लगभग 200 मरीजों के टेस्ट फ्री किए गए और वह भी बिना ब्लड टेस्ट के।



बाबा सुखा सिंह डेरा कार सेवा के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कवान्तम मशीन से टेस्ट किए जा रहे हैं, जो एक मिनट में पूरी बॉडी को स्कैन कर रिपोर्ट देती है। इसके साथ एक अन्य यंत्र एक्यूलाइफ से टेस्ट किए जाते हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों की बीमारियों जैसे किडनी, दिल, लिवर आदि के सभी टेस्ट, किसी भी विटामिन की कमी, जोड़ों व घुटनों के दर्द, भूख के न लगने, गैस, आँतों की सूजन, अस्थमा, डाईबिटीज, ब्लड प्रेशर, विटामिंस की कमी, पेट के इन्फेक्शन, प्रोस्टेट के बढ? व यूरीन से संबंधित सही स्थिति बताती है। शिविर में विशेष रूप से आए डॉ.मनोज शर्मा ने बताया कि भारत की प्राचीन नाड़ी पद्धति में हकीम नब्ज देखकर शरीर की हर बीमारी के बारे में बता देते थे। समय के साथ भारत में इस पद्धति के माहिर हकीम न के बराबर रह गये, लेकिन जापान व चीन जैसे देशों ने इसे अपनाते हुए ऐसी मशीनें बना दी, जो एक मिंट में सेंसर के माध्यम से शरीर के हर अंग के स्वास्थ्य का हाल बता देती हैं।

आमतौर पर पूरे शरीर का हेल्थ चेकअप लैब में करवाने पर काफी खर्च आता है व ब्लड लेकर ही लैब में टेस्ट किए जाते हैं।

**कैंप**

**8 डेरा कार सेवा में हमेशा से समाज भलाई के कार्यों को सहयोग किया जाता रहा है**

## विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, दो काबू

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** थाना निसिंग की टीम ने विदेश भेजने के नाम पर करीब अठाईस लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी देवेंद्र उर्फ काला पुत्र सुखदेव सिंह और पवित्र सिंह उर्फ पोला पुत्र सुखदेव सिंह वासियान जोनपुरा पटियाला, पंजाब को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से साढ़े आठ लाख की राशि बरामद की है। इस संबंध में रामकुमार पुत्र मोहकम सिंह वासी अमूपुर, निसिंग ने शिकायत दी थी कि जून 2023 में उसने अपने लडके और लडके के साले रूप को स्पेन भेजने के लिए आरोपी देवेंद्र, पवित्र, प्रतीक के साथ 32 लाख रुपयों में तय किया और जिसमें आठ लाख रुपए पहले और बाकी राशि बाद में देना तय हुआ। शिकायतकर्ता आरोपियों से किसी जानकार के द्वारा मिला था, जिन्होंने शिकायतकर्ता को एहसास दिलाया कि वे काफी बच्चों को विदेश में भेज चुके हैं, जो कि आज अच्छा पैसा कमा रहे हैं।

इसी तरह शिकायतकर्ता ने किस्तों में नगद और आरोपियों के खाते में अठाईस लाख पचपन हजार रुपए आरोपियों को दे दिए। आरोपियों ने शिकायतकर्ता के लडके और लडके के साले को कजाकिस्तान भेज दिया, जहां डोंकर ने दोनों के साथ मारपीट की और उनके पासपोर्ट छीन लिए। जहां से जैसे तैसे करके शिकायतकर्ता का लडका और उसका साला बढ़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर भारत वापिस आए। अब जब शिकायतकर्ता आरोपियों से पैसे वापिस मांगता है या उनको स्पेन भेजने के लिए कहता है तो आरोपी उनको जान से मारने की धमकी देते है।

इस संबंध में शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ थाना निसिंग में नवंबर 2023 में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

**अरेस्ट**

**8 शिकायतकर्ता को एहसास दिलाया कि वे काफी बच्चों को विदेश में भेज चुके हैं, जो कि आज अच्छा पैसा कमा रहे हैं**

## संपादकीय

# ममता के लिए कहीं नंदीग्राम न बन जाए संदेशखाली

**अंग्रेजी** की एक प्रसिद्ध कहावत है कि एक कील की वजह से पूरा राज्य खो जाता है। इसको स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि कील की वजह से नाल, नाल की वजह से घोड़ा, घोड़े की वजह से युद्ध और युद्ध की वजह से राज्य से हाथ धोना पड़ जाता है। यही हाल लोकतंत्र में भी होता है। कई बार बहुत मजबूत दिख रहे नेता या दल के लिए कोई घटना उसके पतन का कारण बन जाती है। पश्चिम बंगाल इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां 34 साल के वामपंथी शासन के लिए 14 मार्च, 2007 को नंदीग्राम में किसानों पर गोलीबारी की घटना विनाशकारी साबित हुई। कभी राज्य की 80 प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतने वाले वामदलों का आज यहां एक भी विधायक नहीं है। वामपंथियों को बेदखल करके यहां की सत्ता पर काबिज होने वाली ममता बनर्जी के लिए अब संदेशखाली का मामला वामपंथियों के नंदीग्राम की तरह साबित हो सकता है। इसके अलावा अब नागरिकता संशोधन कानून लागू करके केंद्र सरकार ने दीदी के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। स्वतंत्र भारत के एक राज्य में सत्ताधारी दल का नेता किस प्रकार महिलाओं को अपनी निजी सम्पत्ति की तरह इस्तेमाल कर रहा था यह सुनकर सभ्य समाज के किसी भी व्यक्ति की रूह तक कांप जाए। पीड़ित महिलाओं ने स्वयं आरोप लगाए हैं कि कबीलाई संस्कृति की तरह सुन्दर महिलाओं के घरों पर संदेश भेजे जाते थे कि वे रात को पार्टी कार्यालय पर आ जाएं अन्यथा सफेद साड़ी पहनने के लिए तैयार रहें। हालात इतने खौफनाक थे कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडे वहां के पुरुषों से सरेआम कहा करते थे कि वह महिला पत्नी भले ही तुम्हारी हो लेकिन उस पर अधिकार हमारा है। मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली गांव की महिलाओं का शोषण रोकने की जगह उनकी अस्मत से खेलने वाले पार्टी कार्यकर्ता शेख शाहजहां और उसके गुर्गों को बचाने में अपनी राजसत्ता की ताकत का इस्तेमाल किया। मुख्य आरोपित शेख शाहजहां के मामले में ममता बनर्जी एक के बाद एक गलती करती चली गईं। जब खाद्यान्न घोटाले के मामले में पूछताछ के लिए गए ईडी के अधिकारियों पर शेख शाहजहां और उसके गुंडो ने हमला किया तो उनको गिरफ्तार कराने की जगह यह जताने की कोशिश की गई कि किस तरह केंद्रीय जांच एजेंसियों को बंगाल में काम करने से रोका जा सकता है। इस घटना के बाद गांव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की गई जिससे पीड़ित महिलाओं को नई ताकत मिल गई। उन्होंने शेख शाहजहां के जुल्मों के खिलाफ आवाज बुलंद की। लेकिन जब ये महिलाएं कैमरे के सामने आकर अपनी व्यथा सुना रही थीं उस समय राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उनकी पीड़ा समझने के बजाए उन पर लांछन लगा रही थीं। ममता बनर्जी के सवाल हैरान करने वाले थे। वे अपनी पीड़ा बताने वाली महिलाओं के मुंह ढंकने पर सवाल उठा रही थीं। जबकि दुष्कर्म पीड़िताओं की पहचान उजागर करने पर रोक है।

पीड़िताओं से पूछा जा रहा था कि उन्होंने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज क्यों नहीं कराई। महिलाएं बता रही थीं कि जब वे पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने जाती थीं तो उन्हें वापस शेख शाहजहां और उसके गुंडों के पास भेज दिया जाता था।

# सीएए को लेकर मुस्लिमों को भ्रमित करता विपक्ष

**आशीष वशिष्ठ**

> ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेषा किसी मुद्दे की तलाष में रहता है। चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देष में अषांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्षनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल और मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है

**बीते** दिनों नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में लागू हो गया है। इस कानून की प्रतीक्षा लंबे समय से थी। 2019 में मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम संसद से पास किया था। जनवरी 2020 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के साथ यह कानून अस्तित्व में आ गया था। सीएए को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शन हुआ था। केंद्र सरकार ने देशभर में एनआरसी लागू करने की बात कही थी। एनआरसी के तहत भारत के नागरिकों का वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन होना था। सीएए के साथ एनआरसी को मुसलमानों की नागरिकता खत्म करने के रूप में देखा गया था। इस कानून को लागू किए जाने को लेकर दो एक तरफ खुशी का माहौल है तो दूसरी ओर विरोध के स्वर सुनाई दे रहे हैं। खुशी उन लोगों को है जो बरसों से भारत की नागरिकता पाने का इंतजार कर रहे थे। इस कानून के लागू होने के बाद उनकी दशकों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। विरोध करने वाली जमात में मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल और स्वयंसेवी संगठन हैं। राजनीतिक दल व संगठन इसे पूर्व की भांति तरह अल्पसंख्यक विरोधी बता रहे हैं, वहीं इसे राजनीतिक दांव भी बता रहे हैं। सीएए लागू होने के बाद विपक्षी दल इस कानून को लेकर देशवासियों को खासकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर रहे हैं। असल में, आजादी के बाद से ही अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों की समूची मानसिकता राजनीतिक दलों और उनके संरक्षक बनने का दावा करने वाले स्वयंसेवी संगठनों के ही समझ के अनुसार चलती रही है। सीएए के खिलाफ उठे देशव्यापी विवाद को भी इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। विपक्ष अपने बयानों के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दे रहा है कि इस कानून से उनकी नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। सरकार और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोग इस कानून से जुड़ी तमाम आशंकाओं को दूर कर रहे हैं। लेकिन, विपक्ष मुस्लिम समुदाय को गलत जानकारी देकर उपद्रव और हिंसक प्रदर्शनों के लिए परोक्ष रूप से उकसाता दिखाई दे रहा है। 2020 में विपक्ष ने परोक्ष रूप से कानून के विरोध में हुए हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव में सहायता की थी। ये खुला तथ्य है। नागरिकता संशोधन नियम लागू होने के बाद अब पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और




ईसाई जो 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता बिना वैध पासपोर्ट और भारत के वीजा के बिना मिल सकती है। दरअसल, ये लोग उन देशों में अल्पसंख्यक हैं। जाने किस त्रास या संकट में उन्हें उन देशों को छोड़ कर आना पड़ा। यहां के नागरिक न होते हुए भी दिक्कतों, मुसीबतों को गले लगाकर यहां जीवन बिताना पड़ रहा है। इसलिए इन सबको नागरिकता देकर यहां यानी भारत में सम्मान दिए जाने के इरादे से यह कानून लाया गया है। ऐसे में अब प्रश्न उठता है कि यह कानून भलाई के रूप में सामने लाया जा रहा है तो विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है? विपक्ष का कहना है कि इस कानून में खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया गया है। उनका तर्क है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है जो समानता के अधिकार की बात करता है। इस कानून में इन तीन देशों से आए मुसलमानों को नागरिकता देने से बाहर रखा गया है।

कई आलोचकों का मानना है कि इस कानून से मुसलमानों से भेदभाव हो रहा है और ये भारत में समानता की संवैधानिक गारंटी का उल्लंघन करता है। जहां तक विपक्ष के विरोध का सवाल है उसका कहना है कि इस कानून में मुस्लिमों को वंचित क्यों रखा गया? यह समानता के कानून का उपहास उड़ाने की तरह है।

सरकार का कहना है कि जिन देशों के शरणार्थियों को नागरिकता देने का प्रावधान किया जा रहा है, वहां मुस्लिम अल्पसंख्यक नहीं, बल्कि बहुसंख्यक हैं। इसलिए उन्हें इस देश में यानी भारत में नागरिकता देने का कोई मतलब नहीं है। वो उनके देश हैं, वे वहां खुशी से रहें। भारत सरकार वंचितों की मदद करना चाहती है, इसलिए इन तीनों देशों के वे गैर मुस्लिम नागरिक जो वर्षों पहले यहां आ गए थे उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। इसमें गलत क्या है? लेकिन अब विपक्ष के इस विरोध की सच्चाई और इसके पीछे छिपी कुत्सित इरादे देशवासियों को समझ आने लगे हैं। यह कानून किसी की नागरिकता का हनन नहीं कर रहा बल्कि वंचितों को कानूनन अधिकार दे रहा है। यह अधिनियम किसी को बुलाकर भी नागरिकता नहीं दे रहा बल्कि जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 तक भारत में प्रवेश कर लिया वे ही भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। भारत के मुस्लिमों या किसी भी धर्म और समुदाय के लोगों की नागरिकता को इस कानून से कोई खतरा नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा गृह मंत्री अमितशाह समेत तमाम बड़े मंत्री और जिम्मेदार लोग इस बात को कई बार कह चुके हैं कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, किसी की नागरिकता छीनने का नहीं। असल में, मोदी सरकार के दस सालों के कार्यकाल में देष में बड़े परिवर्तन और काम हुए हैं। देश की जनता का भरोसा मोदी की गारंटी पर है। दस साल के कार्यकाल के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मोदी सरकार की लोकप्रियता और देषवासियों का उसके प्रति विष्वास से विपक्ष में बेचैनी का माहौल है।

ऐसे में कुंठित और मुद्दा विहीन विपक्ष जात पात की राजनीति और मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को आगे बढ़ाने के लिए हमेषा किसी मुद्दे की तलाष में रहता है। चार साल पहले सीएए कानून बनने के बाद पर्दे के पीछे रहकर विपक्ष दलों ने मुस्लिम समुदाय को भ्रमित कर भड़काया था। नतीजतन देष में अषांति और भय का माहौल बना। हिंसक प्रदर्षनों में जान माल का नुकसान हुआ। आज भी विपक्ष चार साल पहले वाला माहौल बनाना चाहता है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बार-बार कह रही हैं कि वे पश्चिम बंगाल में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। हालांकि संसद के पारित कानून को लागू न करने देना अवैधानिक ही माना जाएगा। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सीएए के मुद्दे पर लगातार विभाजनकारी बयानबाजी कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के अलावा कांग्रेस, सपा, राजद, वाम दल और मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों के पेट में मरोड़ उठ रहा है। देश में शरणार्थियों की संख्या की बात करें एक रिपोर्ट के अनुसार 199,931 हैं। यह आंकड़ा 2014 तक का है। 2022 की बात करें तो 242, 835.00 देश में शरणार्थी हैं। लेकिन जो 2014 तक भारत आए थे सिर्फ उन्हें ही नागरिकता देने का प्रावधान है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि वर्ष 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई। पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के जो अल्पसंख्यक जान बचाकर भारत आने में सफल रहे, वे यहां की नागरिकता पाने का इंतजार बरसों से कर रहे हैं। उनकी संख्या अच्छी-खासी है। वे अल्पसंख्यक होने के कारण ही इन तीनों देशों में प्रताड़ित किए गए। उनके पास प्रताड़ना से बचने के लिए भारत आने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति से बाज आना चाहिए। वहीं मुस्लिम समुदाय को भी जमीनी हकीकत को समझना चाहिए। राजनीतिक दलों के बहकावे में आकर कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जो देश और संविधान के खिलाफ हो।

## कविता

### याद आती है

याद आती है जिनकी सुगंध
समा गई सांसों और नस नस में।

याद आती है वह रतिया जो बस गई आंखों में
सोई हुई मेरी पलकों में।

और याद आते हैं अधर सुमधुर
रस जिनका मधुर घुल गया मेरे प्राणों में।

याद आते हैं पद कमल कोमल
बोल रही जिनकी पदचाप मधुर।

चुपके चुपके सूने में याद करता
बाट जोहता पद चिन्हों की शांत सदा।

खिंचे चले जाते पग पग मेरे
उन फैली बेसुध बांहों की ओर।

पुकारते रहे पुकारते रहे मनुहार कर,
छिपे हो कहां धारा में गगन या अनंत में।

तुम्हारे दरस को तरसे नयन हमारे
सामने आ जाओ सफल जीवन हो हमारा।

संजीव
---------

# यूपी: कानून व्यवस्था के दावे और हकीकत

**निर्मल रानी**

उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा ही नहीं बल्कि राजनैतिक दृष्टि से भी यह सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। यह राज्य केवल हाई प्रोफाइल राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों, कवियों, शायरों का ही नहीं बल्कि हाई प्रोफाइल अपराध व अपराधियों का भी गढ़ है। यहाँ के बेखौफ अपराधियों के लिये कभी भी और किसी भी जगह बड़े से बड़े अपराध को अंजाम देना मामूली बात है। फिर चाहे कोई व्यक्ति थाने में हो,पुलिस कस्टडी में या जेल में या भीड़ भाड़ के इलाके में या अपने को सुरक्षित समझते हुये अपने घर में चैन से सो रहा हो,किसी भी जगह हत्या को अंजाम देना ऐसे शातिर अपराधियों के लिये मामूली बात है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था का विषय अक्सर चुनावी मुद्दा भी बनता रहता है। प्रत्येक राजनैतिक दल एक दूसरे पर कानून व्यवस्था के मामले में असफल होने और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहते हैं। राज्य की वर्तमान सरकार तो प्रदेश की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने का कुछ ज्यादा ही ढिंढोरा पीटती रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को अपराधमुक्त बनाने का जहाँ दावा करते रहते हैं वहीं वह यह बताने से भी नहीं चूकते कि पिछली (सपा ) सरकार में माफिया व अपराधी बेखौफ घूमा करते थे। 17 सितम्बर 2023 को उनके गृह नगर गोरखपुर में दिया गया योगी के भाषण का यह अंश कानून व्यवस्था के प्रति उनके नजरिये को दशार्ता है या यह सिर्फ तालियां पिटवाने के लिये की गयी लफ़्फ़ाजी थी,यह तो राज्य की आपराधिक घटनाएं ही बता रही हैं। उस समय मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि - "कानून संरक्षण के लिए है। लेकिन कानून को बंधक बनाकर व्यवस्था में सेंध लगाने का प्रयास करने की इजाजत किसी को नहीं है। कानून सुरक्षा के लिए है, लेकिन यदि किसी ने बहन-बेटी के साथ छेड़खानी की तो अगले चौराहे पर उस शोहदे का इंतजार यमराज कर रहे होंगे। उसे यमराज के यहां भेजने से कोई रोक नहीं पाएगा। हमें सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण देना होगा।" तो क्या मुख्यमंत्री की इस चेतावनी के बाद राज्य की कानून व्यवस्था खासकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में कोई कमी आई या फिर यह भी महज 'फिल्मी डायलॉग ' या फिर जुमला साबित हुआ ? राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था स्वयं इस बात का सुबूत है। आम महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार व शारीरिक शोषण की अनेक घटनाओं की तो बात ही छोड़िये इस राज्य में तो अब हाई प्रोफाइल महिला नेता भी सुरक्षित नहीं रहीं। यहाँ तक कि सत्ता से जुड़े लोगों को भी अपराधी बेखौफ अपना निशाना बना रहे हैं। ताजातरीन उदाहरण उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा ) की वरिष्ठ महिला नेत्री नंदिनी राजभर की हत्या का है। नंदिनी राजभर सुभासपा की महिला विंग की प्रदेश महासचिव थीं। पिछले दिनों कबीर नगर में खलीलाबाद के डीघा गांव में अज्ञात लोगों द्वारा उनके साथ उन्हीं के घर में घुस कर कथित तौर पर पहले सामूहिक बलात्कार किया गया।

## विचार

# पाक की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी

**आर.के. सिन्हा**

**आसिफ** अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनावों में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें "मिस्टर टेन परसेंट" का लेबल दिया।उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ़्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ़्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित कर लिया था। जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया,जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साजिश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर से चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था। दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालाँकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रूप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तानी अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रूप से अकंठ डूबे हुए थे। इमरान खान के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के बाद लग रहा था कि अब आसिफ अली जरदारी की पारी का अंत हो गया। पर, आपको याद होगा कि जरदारी की पार्टी ने अप्रैल 2022 में अविश्वास मत के माध्यम से इमरान खान की सरकार को हटाने के लिए मुस्लिम लीग (नवाज) और अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिला लिया था। तब इमरान खान की सरकार गिर गई थी और उसके बाद देश में गठबंधन सरकार बनी। जिसके प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ बने और विदेश मंत्री जरदारी के पुत्र बिलावल भुट्टो जरदारी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# माइक्रोलर्निंग के लाभ

**विजय गर्ग**

**माइक्रोलर्निंग कार्य**स्थलों पर प्रतिभा अधिग्रहण को प्रभावित कर रही है प्रतिभा अधिग्रहण के स्पंदित क्षेत्र में, जहां दांव ऊंचे हैं, और शीर्ष स्तरीय पेशेवरों के लिए प्रतिस्पर्धा तेज है, संगठन खुद को लगातार बदलते परिदृश्य में नेविगेट करते हुए पाते हैं। सफलता का मंत्र अब प्रतिस्पर्धी वेतन और आकर्षक नौकरी पदवी की पेशकश तक ही सीमित नहीं है; इसमें अब निरंतर सीखने और व्यावसायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता शामिल है। इस प्रतिमान बदलाव में, माइक्रोलर्निंग एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरी है, जिसने अपस्किलिंग रणनीतियों के एक नए युग की शुरूआत की है जो न केवल आकर्षित करती है बल्कि बाजार में सबसे अधिक मांग वाली प्रतिभाओं को बनाए रखती है। प्रतिभा पहेली अभूतपूर्व चुनौतियों और अवसरों से परिभाषित परिदृश्य में, प्रतिभा का विरोधाभास प्रचुर है। आकर्षक नौकरी की पेशकश और प्रतिस्पर्धी पारिश्रमिक से लैस संगठन, खुद को असाधारण व्यक्तियों के एक सीमित समूह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा में पाते हैं।

यह एहसास होने लगा है कि नौकरी के अवसरों के शोर के बीच खड़े होने के लिए, व्यवसायों को एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा जो पारंपरिक भर्ती रणनीति से परे हो। हाल के अध्ययन इस बदलाव को रेखांकित करते हैं, इस बात पर जोर देते हुए कि 87% सहस्राब्दी और जेन जेड के लिए, पेशेवर विकास के अवसरों पर विचार नियोक्ता की उनकी पसंद को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है। सूक्ष्म शिक्षण क्रांति इस पृष्ठभूमि के बीच, माइक्रोलर्निंग एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरती है, जो संगठनों द्वारा प्रतिभा अधिग्रहण और प्रतिधारण के दृष्टिकोण को नया आकार देती है। पारंपरिक प्रशिक्षण विधियों के विपरीत, जो विस्तारित समय की प्रतिबद्धताओं की मांग करते हैं, माइक्रोलर्निंग छोटे आकार, सुपाच्य भागों में सामग्री प्रदान करता है, जो आमतौर पर 5 से 10 मिनट के बीच रहता है। इस दृष्टिकोण का महत्व न केवल इसकी संक्षिप्तता में निहित है, बल्कि आधुनिक पेशेवर के कम ध्यान अवधि को पूरा करने की क्षमता में भी निहित है।

# मौसी-जय संवाद

**डॉ. सुरेश कुमार**

**मौसी :** क्या बताए बेटा , 400 रुपए वाला सिलेंडर 1100 रुपए, साठ रुपए वाला पेट्रोल 100 रुपए, 399 रुपए वाला मोबइल रिचार्ज 750 रुपए, 200 रुपए वाला टीवी रिचार्ज 450 रुपए, 3 रुपए का प्लाटफार्म टिकट 50 रुपए और 60 रुपए वाला खाने का तेल 120 रुपए होगा। लगता है महंगाई की होड़ जेट स्पीड से है। अब तुम्हीं बताओ बेटा हम जैसे लोग कैसे जिएँ?

**जय :** अरे मौसी! जेट में बैठने का सुख सभी को नसीब थोड़ी न होता है। वह तो हम सब किस्मत वाले हैं कि जीते जी महंगाई की जेट स्पीड का मजा उठा रहे हैं। महंगाई को महंगाई मत कहो। यह तो देशभक्ति है देशभक्ति!

**मौसी :** वो कैसे बेटा?

**जय :** मौसी! वेदों-पुराणों में लिखा है कि देशभक्ति तन-मन-धन से की जानी चाहिए। तन तो हमारे पास है। मन की बात कोई और करता है। जहाँ तक सवाल धन का है तो इसके लिए सीधी उंगली या फिर टेढ़ी उंगली का इस्तेमाल करना होगा। जो लोग देशभक्ति के लिए दान-धर्म नहीं कर सकते या नहीं करना चाहते उनसे सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, मोबाइल, टीवी, प्लाटफार्म, खाने का तेल आदि की कीमतें बढ़ाकर वसूली करना होगा। इस तरह से देशभक्ति के लिए की गई वसूली शास्त्रों में पाप नहीं माना जाता। सरकार महंगाई के बहाने हमारे हाथों पुण्य करवा रही है।

**मौसी :** यह तो मैंने सोचा ही नहीं था बेटा! अब इतना भी बता दो कि ऐसी देशभक्ति भी किस काम की जिसमें जीना हराम हो जाए। खाने के लाले पड़ जाएँ। अब तुम्हीं बताओ महंगाई की देशभक्ति से वसूला पैसा किस काम का?

**जय :** बड़ी भोली है मौसी आप! चार दिन की जिंदगी में काहे की महंगाई काहे की गरीबी। चार दिन के बाद तो यह किचकिच खत्म हो जाएगी। लेकिन याद रखो मौसी! हम रहें न रहें देश रहना चाहिए। और यह देश यूँ ही अखंड नहीं रह सकता। इसके लिए शक्तिशाली सरकार की आवश्यकता पड़ती है। देश में अपनी सरकार बनाए रखने के लिए केवल चुनाव जीतना काफी नहीं होता। सरकार के और भी कई सारे जरूरी काम होते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ब्राह्मण सभा माडल टाऊन के चुनाव का शेड्यूल जारी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। ब्राह्मण** सभा माडल टाऊन के द्विवार्षिक चुनावों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ब्राह्मण सभा माडल टाउन के आरओ मांगे राम शर्मा एवं एआरओ केके गौतम ने बताया कि 14 मार्च को ब्राह्मण सभा चुनावों के लिए मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा एवं 17 मार्च को मतदाता सूचियों सम्बन्धी आपत्तियों का निपटान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को प्रधान, उप प्रधान, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष एवं 7 कार्यकारिणी सदस्यों के नामांकन भरे जाएंगे। 31 मार्च तक नामों की जांच पड़ताल का कार्य किया जाएगा एवं 14 अप्रैल को नाम वापिस लिए जा सकेंगे एवं उसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। 30 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से 4 बजे मतदान होगा एवं चुनाव के उपरांत मतगणना की जाएगी।

### एक्साल्टा ने स्टारी नाइट को 2024 ग्लोबल ऑटोमोटिव कलर ऑफ द ईयर घोषित किया

**नई दिल्ली।** अग्रणी ग्लोबल कोटिंग्स कंपनी एक्साल्टा कोटिंग सिस्टम्स ने, आज अपने 2024 ग्लोबल ऑटोमोटिव कलर ऑफ द ईयर - स्टारी नाइट का ऐलान कर दिया है। नवीनतम संस्करण, एक्साल्टा द्वारा अपना पहला ऑटोमोटिव कलर ऑफ द ईयर पेश किए जाने के 10वें वर्ष का प्रतीक है, और इस सिलसिले में पहली बार काले रंग के शेड को शामिल किया गया है। स्टारी नाइट हल्का नीला और चांदी की चमक वाला गाढ़ा, आधुनिक रंग है जो हमारे ब्रह्मांड और अंतरिक्ष की खोज वाली गहराइयां पैदा करता है। काला शेड साहसिक कल्पनाएं करने और नई ऊंचाइयां छू लेने की तमन्ना जाहिर करता है। जोशीली रंगत होने के नाते स्टारी नाइट, डिजाइन की क्लासिक और आधुनिक शैलियों से कहीं बढ़कर है तथा अन्य रंगों, विभिन्न प्रकार की फिनिश, पैटर्न और बनावट के साथ सामंजस्य स्थापित कर लेता है। एक्साल्टा के ग्लोबल कलर मार्केटिंग डायरेक्टर डैन बेंटन ने बताया, "वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे लोकप्रिय ऑटोमोटिव रंग ब्लैक ही है, और हम अपने 2024 ग्लोबल ऑटोमोटिव कलर ऑफ द ईयर के रूप में ब्लैक शेड को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं।" अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, स्टारी नाइट एक ऐसी रंगत है, जहां काला रंग चमकता है और गहरा रंग विलक्षण है। इस वर्ष का रंग, आंशिक रूप से ब्रह्मांडीय और आंशिक रूप से क्लासिक है, लेकिन संपूर्ण रूप से एक्साल्टा है।" एक्साल्टा ने पहली बार 2015 में रेडियंट रेड के साथ, अपना ग्लोबल ऑटोमोटिव कलर ऑफ द ईयर पेश किया था। तब से कंपनी के रंग विशेषज्ञों की ग्लोबल टीम ने, ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के लिए एक ट्रेंडिंग और उभरते शेड को पेश करने के इरादे से प्रति वर्ष सहभागिता की है।



### निहार शांति पाठशाला फनवाला लैंग्वेज लर्निंग प्रोग्राम ने ग्रामीण भारत में 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की जिंदगी बदली

**अंबाला:** एक देश के रूप में, हमने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें ग्रामीण भारत भी शामिल है। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है और इस उद्देश्य को साझा करने वाले एक ब्रांड के रूप में, निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के एक तरीके के रूप में पहचाना है। ब्रांड ने एक गैर-लाभकारी संगठन लीपफॉरवर्ड के साथ साझेदारी की है और एक अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रोग्राम निहार शांति पाठशाना फनवाला को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम में शिक्षकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये फोनेटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें आसानी से अंग्रेजी पढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह प्रोग्राम व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि भारत के विभिन्न प्रांतों में इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके और अंग्रेजी भाषा को सभी के लिये सुलभ बनाया जा सके।

# सतत विकास लक्ष्य चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर हुआ अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

## सभी के लिये निरंतर समावेशी और सतत आर्थिक विकास, पूर्ण और उत्पादक रोजगार, और सभ्य काम को देना होगा बढ़ावा

कमाल हुसैन

**पानीपतः आर्य कॉलेज** के अर्थशास्त्र, वाणिज्य विभाग,उच्चतर शिक्षा निदेशालय,पंचकुला हरियाणा एवं सोसायटी ऑफ पाथवेज टू सस्टेनेबलटी के सयुंक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्य चुनौतियाँ और रणनीतियाँ विषय दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स शानदार आगाज हुआ। कॉन्फ्रेन्स में मुख्य अतिथि के रूप में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां,सोनीपत की कुलपति डॉ. सुदेश छिक्कारा ने शिरकत की। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में कीटाक्यूशू विश्वविद्यालय,जापान से प्रो. अशोक अस्त, व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरूक्षेत्र के कॉलेज ऑफ डीन प्रो.डॉ. अनिल वोहरा व पाथस सोसाइटी के प्रेसिडेंट डॉ. टी.आर कुंडू व सुरेंद्र मोर ने शिरकत की। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला, वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र सिंगला व कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ताओं व शोधार्थियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर आभार व्यक्त किया।



मुख्य अतिथि प्रो. सुदेश ने अपने संबोधन में सतत विकास लक्ष्य झ 5 के बारे में बताया जो कि महिलाएं किस तरह से आर्थिक विकास मे भागीदार बन सकती है। उन्होंने बताया कि सरकार भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और नई-नई तकनीकों के माध्यम से इन सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया की एक प्राध्यापक होने के नाते व विद्यार्थियों को इस बारे मे जागरूक करके हम प्रकृति को बचा सकते है व आने वाली पीड़ियों के लिए प्राकृतिक साधनों को सुरक्षित कर सकते है।

प्रो. डॉ. अनिल वोहरा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सततता आज के संदर्भ में देश विदेश व सबके लिए एक गंभीर चिंता व सोचने का विषय है। यदि प्रकृति सें हम छेड़छाड़ नहीं करेंगे तो यह हम सबको खुश रखेगी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स के लिए जो विषय का चुनाव किया है वो बड़ा ही प्रेरणादायक है।

टी.आर कुंडू ने कहा कि सतत विकास सोचने का विषय है। मानव जाति दो प्रकार के वातावरण में जीती है झ एक प्राकृतिक व दूसरा सामाजिक। हम आज की हालत के लिए खुद जिम्मेदार है। हमारी वजह से प्राकृतिक दोहन, सामाजिक समरसता में बिखराव व असमानता उत्पन्न हुई है। इसलिए सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सामाजिक समरसता व विकास के बीच में सामंजस्य बिठाना जरूरी है। मुख्य वक्ता अशोक अस्त ने बताया कि सतत विकास लक्ष्य के लक्ष्य 8 और लक्ष्य 17 के बारे में बताया। उन्होंने बताया की किस तरह से सभी कर्मचारियों के लिए तनाव रहित वातावरण बनाकर इन लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। तनाव रहित रहकर कर्मचारी आर्थिक विकास में अधिक सहायक होंगे। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे वेद आदि में दी गई तकनीकों का प्रयोग करके व योग कर-के हम कर्मचारियों का उत्थान कर सकते है व आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी कर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

प्रो. सुरेंद्र मोर ने अपने वक्तव्य में सोसाइटी के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस सोसाइटी का गठन किया गया है। इससे जागरूकता फाइल कर हम अपनी पर्थवि को बचा सकते है। उन्होंने कहा की आओ सब मिलकर इसे एक मिशन बनाए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने अपने कहा कि ट्रांसफॉर्मिंग आवर वर्ल्ड : द 2030 एजेंडा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' के संकल्प को, जिसे सतत विकास लक्ष्यों के नाम से भी जाना जाता है, भारत सहित 193 देशों ने सितंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय पूर्ण बैठक में स्वीकार किया गया था और इसे एक जनवरी, 2016 को लागू किया गया। सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य सबके लिए समान, न्यायसंगत, सुरक्षित, शांतिपूर्ण, समृद्ध और रहने योग्य विश्व का निर्माण करना और विकास के तीनों पहलुओं, अर्थात सामाजिक समावेश, आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को व्यापक रूप से समाविष्ट करना है। सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य के बाद, जो 2000 से 2015 तक के लिए निर्धारित किए गए थे।

### चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** बर्गलरी स्टाफ की टीम द्वारा महिला का बैग चुराने वाले आरोपी अनिल उर्फ एमसी पुत्र रामकिशन वासी सेरडा सफीदों, जींद हाल शिव कॉलोनी करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चुराया गया बैग, कागजात और 3500 रुपए की नगदी बरामद की गई।

आरोपी ने 8 मार्च को प्रियंका वासी घीड़ का पर्स जिसमें कागजात, पैंतालिस सौ रुपए थे, सिग्नस अस्पताल से चोरी कर लिया था।

इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर करनाल में चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# संतों में ब्रह्मसरोवर की आरती में लिया भाग

**महाआरती**

**8 हरिद्वार और बनारस की तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर तट पर रोजाना संध्या महाआरती की जाती है**



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र : गत्त** दिवस ब्रह्म सरोवर पर होने वाली संध्या आरती में अक्षरधाम मंदिर गुजरात से आए हुए दिव्य संतों ने आरती भाग लिया। अक्षरधाम गुजरात के स्वामी भगवत प्रसाद दास ने ब्रह्मसरोवर आरती को देखकर मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उनके साथ स्वामी नारायण मंदिर कुरुक्षेत्र के स्वामी भक्त ज्ञान मंगल दास व अनेक संत महात्माओं ने आरती में भाग लिया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा व कैप्टन परमजीत सिंह ने उनका स्वागत किया।

गीता उपदेश स्थली कुरुक्षेत्र का सतयुग से ही के विशेष स्थान रहा है। यही वह धरती है जहां महाभारत में मोह ग्रस्त अर्जुन को गीता उपदेश दिया। हरिद्वार और बनारस की तर्ज पर विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर तट पर रोजाना संध्या महाआरती की जाती है। एशिया के सबसे बड़े ब्रह्मसरोवर के तट पर महाआरती से पहले विशेष धुन और मंत्रो का उच्चारण किया जाता है, जिसके बाद सारा वातावरण महाआरती के रंग में रंग जाता है। कुरुक्षेत्र में होने वाली महाआरती में हनुमान चालीसा के बाद सभी देवी देवताओं, सभी नदियों व कुरुक्षेत्र तीर्थ की आरती होती है, क्योंकि कुरुक्षेत्र में सभी तीर्थो का वास है। ब्रह्मसरोवर को चारों युगों का तीर्थ माना गया है। भगवान ब्रह्मा ने पांच वेदियों में सबसे पहले वेदी उत्तरवेदी यहां पर स्थापित की थी। ब्रह्मसरोवर को ब्रह्मा की उत्तरवेदी के नाम से भी जाना जाता है। ब्रह्मा के नाम से ही ब्रह्मसरोवर नाम पड़ा है। पंडित बलराम के अथक प्रयासों का परिणाम है की प्रतिदिन सैकड़ों देश विदेश से श्रद्धालु लोग संध्या आरती में शामिल होते है। पंडित बलराम लग्न ओर धर्म के प्रति समर्पण से संध्या आरती ब्रह्म सरोवर एक भव्य रूप में स्थापित हो चुकी है।

### मंडी में गेहूं की तुलाई व बारदाना मुहैया करवाने की जिद्द पर अड़े हैं किसान

**कैथलः ढांड** अनाज मंडी में गेहूं की तुलाई शुरू करवाने एवं मंडी में बारदाना मुहैया करवाने की अपनी मांग को लेकर दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों ने सोलूमाजरा अदानी साइलो की तालाबंदी की। किसानों के आगे पुलिस की एक ना चली और पुलिस पहरे के बीच भी किसान अदानी साइलो को ताला लगाने में कामयाब रहे। पूर्व निर्धारित तय कार्यक्रम के अनुसार समाज सेवी विकास तंवर के आह्वान पर विस्तार अनाज मंडी ढांड में बुलाई गई किसान महापंचायत में भारी संख्या में किसान मजदूर पहुंचे। किसान महापंचायत का मुख्य उद्देश्य अनाज मंडी में गेहूं की तुलाई के लिए मंडी में बारदाना मुहैया करवाना है। किसान महापंचायत में विकास तंवर ने कहा कि किसान सोलूमाजरा अदानी साइलो में गेहूं बेचने के लिए कई-कई दिनों तक लाइनों में लगने को मजबूर हो रहे हैं। गेहूं की सीजन नजदीक है। जिला प्रशासन मंडी में बारदाना देने के लिए हामी नहीं भर रहा है। अब तो हमारे पास केवल एक ही विकल्प बचा है कि जब तक बारदाना नहीं दिया जाता तब तक साइलो के गेट की तालाबंदी की जाए।

मौजूद सभी ने हाथ उठाकर इसका समर्थन किया। इसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और देखते ही देखते मंडी पुलिस छावनी में तबदील हो गई। डीएसपी ललित यादव, डीएसपी उमेद सिंह, सीटीएम गरविन्द्र सिंह, ढांड थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने किसानों को समझाने का प्रयास किया।

# कॉलेज छात्राओं को किया गया जागरुक

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आज महिला थाना एसएचओ इंस्पेक्टर सतविंद्र कौर की अगुवाई में महिला थाना की लेडी हेड कांस्टेबल सुषमा की टीम द्वारा आज घरौंडा के बीआरएम कॉलेज में जाकर छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों बारे जागरूक किया गया। इस दौरान महिला पुलिस टीम ने बताया कि एक महिला को उसके अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आकर पुरानी धारणाएं तोड़ते हुए आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकरचल रही हैं।



निरीक्षक सतविंदर कौर द्वारा कॉलेज छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, यौन उत्पीड? रोकथाम निषेध व निवारण तथा महिला सशक्तिकरण बारे विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1091, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 और डॉयल 112 के बारे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलांए व छात्राएं किसी भी प्रकार के शोषण की अनदेखी न करें, विपरीत परिस्थितियों में तुरंत अपने किसी भी नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना देकर या इमरजेंसी नंबर डॉयल 112 और 1091 पर सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

# स्नैचिंग करने वाला आरोपी काबू छीनी गई सोने की चेन बरामद

राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** सीआईए वन की टीम ने छीना झपटी करने वाले आरोपी अनिल उर्फ कालू पुत्र शिव कुमार वासी न्यू रमेश नगर तहसील कैंप पानीपत को जिला कोर्ट करनाल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन का रिमांड हासिल किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से छीनी गई सोने की चेन बरामद की गई। आरोपी ने यह चेन 16 फरवरी को अपने अन्य दोस्त के साथ मिलकर शिकायतकर्ता पारुल वासी सेक्टर-7 करनाल से उसके घर के बाहर से छीनी थी। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी अनिल ने बताया कि उसने और उसके दोस्त ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। उन दोनों ने मिलकर जिला करनाल, पानीपत, कुरुक्षेत्र और सोनीपत के एरिया में बहुत सी चोरी व स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया है।

## नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के अनुभवी एवं प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब रेवाड़ी में भी मिलेंगे

टीम एक्शन इंडिया

**रेवाड़ी।** कैंसर बहुत ही घातक बीमारी है और भारत में यह बीमारी तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में कैंसर से 10 मिलियन लोगों की मौत हुई थी। हर साल यह आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है, खासकर छोटे शहरों में भी कैंसर से संबंधित समस्याओं के मामले अधिक आ रहे हैं।इसकी बड़ी वजह अनुचित खान-पान, खराब लाइफस्टाइल व व्यायाम की कमी है। रेवाड़ी और उसके आसपास इस प्रकार के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के कैंसर रोग विशेषज्ञ हर बुधवार को मिलेंगे। कैंसर संबंधित



समस्याओं हेतु नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम के डॉ. कनिका बंसल, कंसल्टेंट - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डॉ. वीनू अग्रवाल, कंसल्टेंट - मेडिकल ऑन्कोलॉजी प्रत्येक बुधवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। वे उजाला सिग्नस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सिविल हॉस्पिटल के सामने, बीएसएनएल ऑफिस के पास, रेवाड़ी में लोगों की जांच एवं परामर्श हेतु उपस्थित रहेंगे। डॉ. कनिका बंसल, कंसल्टेंट - रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने बताया कि कैंसर के मामले भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर बहुत ही सतर्क रहने की आवश्यकता है, इसके शुरूआती लक्षणों में भूख में बदलाव, वजन घटना पेशाब, मल, आवाज और घाव में बदलाव अनियमित ब्लीडिंग, बढ़ती या बदलती खाँसी, बलगम में खून स्तन या किसी और जगह बढ़ती असामान्य गांठ, ना ठीक होने वाले छाले, पाचन संबंधी समस्याएं, जोड़ो और मांसपेशियों में दर्द, अधिक थकान और कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

### नायब सैनी को सीएम बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

**जींदः भारतीय** जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को नवनियुक्त सीएम नायब सैनी की खुशी में केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया। भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि उन्होंने ओबीसी समाज का 56 साल के बाद मुख्यमंत्री दिया है। सभी जिला जींद के कार्यकताओं ने लड्डू बांट कर खुशी मनाई एवं लोकसभा की सभा 10 की 10 सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प लिया।

# 06 करोड़ की लागत से शहरी विधानसभा में होंगे विकास कार्य, विधायक प्रमोद विज ने जारी कराया वर्क ऑर्डर

## हफ्ते भर में विधायक ने जारी कराए 10 करोड़ के विकास कार्य

**विकास कार्य**

**8 शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया जाएगा एवं निर्माण कार्य पूर्ण होगा**

कमाल हुसैन

**पानीपत:** पानीपत शहरी विधानसभा के वार्डों में लगभग 06 करोड़ की लागत से 18 विकास कार्य कराए जाएंगे, लंबे समय से विधायक प्रमोद विज वार्ड के कार्यो को कराने हेतु प्रयासरत थे, विधायक ने कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी करा दिया है, शीघ्र ही विकास कार्यो का निर्माण कार्य चालू किया जाएगा एवं निर्माण कार्य पूर्ण होगा ।

**इन विकास कार्यो का जारी कराया वर्क ऑर्डर:** 1. वार्ड 23 में गणेश मंदिर पार्क, शाहिद मदन लाल ढींगरा पार्क और हरि बाग कॉलोनी पार्क का जीर्णोद्धार 12 लाख की लागत से होगा

2. वार्ड 09 मे जलनिकासी हेतु नाले का निर्माण 28 लाख 57 हजार रूपए से होगा ।

3. वार्ड 26 में जलनिकासी हेतु जीटी रोड से गीता मंदिर तक पक्के नाले का निर्माण 28 लाख 83 हजार क

4. वार्ड 15 में खन्ना रोड से रवीन्द्र टेक्सटाइल तक नाले का निर्माण 39 लाख 69 हजार से बनाया जाएगा क

5. वार्ड 10 कांशी गिरी कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण 30 लाख 78 हजार की लागत से किया जाएगा।

6. वार्ड 18 में 24 लाख 80 हजार की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा

7. हाली पार्क डिस्पोजल प्लांट, ऊझा रोड डिस्पोज प्लांट के पास एवं जाटल रोड एमपीएस के पास अंडर ग्राउंड वॉटर टैंक का निर्माण 20 लाख 83 हजार से किया जाएगा ।

8. जोध सचियार कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण 22 लाख 87 हजार की लागत से निर्माण होगा

9. वार्ड 20 में निकीतासा जनरल स्टोर से अग्रवाल मेडिकल तक वाली सड़क का चौड़ीकरण 28 लाख 25 हजार की लागत से होगा।

10. वार्ड 09 में किला के पास स्टाफ क्वार्टर और सब्जी मार्केट में अतिरिक्त शेड का निर्माण 20 लाख 46 लाख की लागत से होगा ।

11. वार्ड 08 में पक्के नाले का निर्माण सनोली रोड से कुम्हार मोहल्ला तक होगा जिसकी लागत 25 लाख 24 हजार होगी।

# वंचित वर्गों के लिये आउटरीच कार्यक्रम: पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ

## पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया लाभार्थियों से संवाद, हर वर्ग की चिंता कर मोदी ने गरीबों के लिये क्रियान्वित की अनेक योजनाएं : संजय भाटिया

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। भारत** सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से आज यहां डॉ. मंगल सैन सभागार में समाज के वंचित वर्गों के लिए आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली अलग-अलग राज्यों के लाभार्थियों से संवाद किया, वहीं पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ किया। जिला स्तर पर यहां आयोजित कार्यक्रम में सांसद संजय भाटिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने इस मौके पर जहां करनाल और कुरूक्षेत्र जिला के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गरीबों का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि उन्होंने हर वर्ग की चिंता कर उनके लिये अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया। धरातल पर लोगों को अब इन योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। संजय भाटिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने अनेकों वंचित वर्ग के लोगों व किन्नरों के कल्याण के लिये योजनायें लागू की हैं। उद्देश्य साफ है कि ये लोग भी कोई न कोई कार्य कर स्वावलंबी बन समाज की मुख्यधारा से जुड़े। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिये सरकार द्वारा कम ब्याज दर पर

**निशाना बनाया**

**8 लगातार हलके के लोगों को कम्बल वितरण का कार्य कर रही है विधायक**

ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सम्मान भत्ता मिलने से परिवारों में बुजुर्गों की पूछ बढ़ी है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर वर्ग की चिंता की है। आज हस्तकला के हुनरमंदों का प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना




के तहत अनेक सुविधाओं उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई के कार्य से जुड़े कर्मचारियों की सुरक्षा के मद्देनजर आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का प्रावधान किया गया है। अब गरीब भी सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करा सकते हैं। इतना ही नहीं गरीबों, किसानों, खिलाडि?ों की चिंता भी प्रधानमंत्री ने की है और इनके कल्याण के लिये कई योजनाओं को शुरू किया है।

संजय भाटिया ने लोगों से अपील की कि वे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से जारी और आज वितरित किय गये फोल्डर को जरूर पढ़ें और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका फायदा उठायें। उन्होंने लोगों से झूठ बोलने वालों से सावधान रहने की अपील की तथा प्रदेश के विकास को गति देने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने निशाना साधते हुये कहा कि विपक्ष किसान-मजदूरों से संबंधित कोई ऐसा एक काम तो बताये जो उसने सत्ता में रहते हुये शुरू किया और भाजपा सरकार ने जिसे बंद कर दिया हो।

**इन्हें किया सम्मानित:** सांसद ने इस मौके पर करनाल जिला के दीपक व कांता को ऋण स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी राजपाल, विकास, दीपक, विजय, एससी वर्ग के रिंकू व चरण तथा बीसी वर्ग के कर्मबीर व यशपाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसी प्रकार कुरुक्षेत्र जिला के संदीप, सरोज, रेखा, बबीता, रिंकू, शारदा व रीना को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किये। इससे पहले निवर्तमान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भी विचार रखे और देश को विकास के मामले में नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने के लिये प्रधानमंत्री की तारीफ की। इस मौके पर उपायुक्त उत्तम सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम अनुभव मेहत्ता, अधिकारिता मंत्रालय की वरिष्ठ राज्य समन्वयक अनुपमा गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, कृष्णा भारद्वाज, रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक, एलडीएम सुशील कुमार, एक्सईएन सतीश शर्मा, संजय बठला, निदेशक आईटी महिपाल सीकरी, डीआईओ कमल त्यागी आदि मौजूद रहे।





# देश का हक पाकिस्तानियों को दे रही बीजेपीः सीएम

## सीएए को लेकर केजरीवाल का भाजपा पर हमल, सीएए से पूर्वोत्तर के राज्यों को ज्यादा नुकसान होगाः केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नागरिकता संशोधन कानून नागरिकता (सीएए) संशोधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। बुधवार को प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये वोट बैंक बनाने का खेल है, भाजपा वोट बैंक की राजनीति कर रही है। केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये अपने देश का हक पाकिस्तानियों को दे रहे हैं। सीएए से पूर्वोत्तर के राज्यों को ज्यादा नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के लोगों के लिए पैसा नहीं है और ये पाकिस्तान के लोगों को यहां बसाना चाहते हैं। ये उन लोगों पर पैसा खर्च करना चाहते हैं। आगे उन्होंने कहा कि इन देशों में ढाई से तीन करोड़ अल्पसंख्यक हैं। अगर डेढ़ करोड़ भी आ गए तो कहां से रोजगार मिलेगा? ये भाजपा की वोट बैंक की राजनीति है। जहां जहां भाजपा का वोट कम है, वहां झुग्गियों को बसाकर भविष्य में वोट बैंक बनाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सीएए देश के लिए बहुत खराब है। एक बार सिलसिला शुरू हुआ तो रुकेगा नहीं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा पूर्वोत्तर को भुगतना पड़ेगा। वहां बंगलादेश से बड़ी संख्या में घुसपैठ है। उनकी भाषा खतरे में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा देश सीएए का विरोध कर रहा है। अगर भाजपा इसे वापस नहीं लेती है तो आप लोग चुनाव में इसका जवाब दीजिए। केजरीवाल ने कहा कि करीब 11 लाख कारोबारी देश छोड़कर जा चुके हैं। अगर लाना है तो उनको वापस लाओ। केजरीवाल ने आगे कहा कि हरियाणा सरकार रोजगार के लिए इजराइल जाने को कहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा इकलौती पार्टी है जो गरीब देश के लोगों को अपने देश में बसा रही है। सीएए के जरिए सरकार यही कर रही है कि पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक अगर भारत की नागरिकता लेना चाहे तो ले सकते हैं।

**हमला बोला**

**8 पूरा देश सीएए का विरोध कर रहा है। अगर भाजपा इसे वापस नहीं लेती है तो आप लोग इसका जवाब दीजिए**







### सीएए पर वोट बैंक की राजनीति कर रही है आपः बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर अरविंद केजरीवाल के बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए इसे वोट बैंक की राजनीति बताया है। भाजपा ने कहा कि सीएए किसी भी भारतीय को उनकी नागरिकता से वंचित नहीं करता। विपक्षी पार्टी इस बारे में लोगों के बीच झूठ फैला रहे हैं। सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। बुधवार को भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा, "केजरीवाल ने आज एक अजीब बयान दिया है कि सीएए लागू होने के बाद दूसरे देशों के लोगों को नौकरियां मिलेंगी। यह किस तरह का तर्क है? पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से लोग भारत आए हैं, क्योंकि इन देशों में उन्हें धर्म के नाम पर प्रताड़ित किया गया था। वे हिंदू, ईसाई, सिख, पारसी थे। हम यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि किसी की नौकरी या नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। वोट बैंक की राजनीति के लिए केजरीवाल किस हद तक जाएंगे? उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार स्पष्ट किया है कि इस कानून से किसी भी भारतीय की नागरिकता नहीं छीनी जा रही है। यह कानून किसी भी भारतीय को उनकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देता है, जिन्हें उनकी आस्था के आधार पर सताया गया है। उन्होंने कहा कि सीएए के नाम पर विपक्षी पार्टी झूठ बोल रही है। उन्होंने दक्षिणी भारत के राजनीतिक दलों से अपील की कि वे नफरत फैलाना बंद करें। सीएए पर ममता बनर्जी के विरोध पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी की राजनीतिक जमीन खिसक रही है। इसलिए वे सीएए को लेकर लोगों के बीच भ्रम फैला रही हैं और इसे सांप्रदायिक रंग देने के लिए मजबूर हो रही हैं। भाजपा इसकी कड़ी निंदा करती है। ममता वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि सीएए के माध्यम से केंद्र की भाजपा सरकार तीन देशों - बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना चाहती है, तो उन्हें दी जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि इसका मतलब है कि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को हमारे देश में लाया जाएगा। उन्हें नौकरियां दी जाएंगी और उनके लिए घर बनाए जाएंगे। भाजपा हमारे बच्चों को नौकरी नहीं दे सकती लेकिन पाकिस्तान के बच्चों को नौकरी देना चाहती है।

# किडनी के इलाज में भारतीय शोधकर्ताओं को नीरी केएफटी मिली असरदारः अध्ययन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विश्व किडनी दिवस पर भारतीय शोधकर्ताओं ने नीरी केएफटी दवा को किडनी के इलाज में रामबाण बताया। शोधकर्ताओं ने मरीजों पर किए परीक्षण में 42 दिन के भीतर सीरम क्रिएटिनिन का स्तर काबू में पाया जो बताता है कि किडनी रक्त को कितनी अच्छी तरह से फिल्टर कर रही है। बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के शोधकर्ताओं का यह अध्ययन ईरान के मेडिकल जर्नल एविसेना जर्नल ऑफ मेडिकल बायोकेमिस्ट्री ने प्रकाशित किया है जिसका संचालन चर्चित हमादान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसिन साइंसेज कर रहा है। अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि नीरी केएफटी 19 जड़ी-बूटियों से बनी एक भारतीय आयुर्वेदिक दवा है जिसमें पुनर्नवा, गोखरू, वरुण, कासनी, मकोय, पलाश, गिलोय मिश्रण है। भारतीय वैज्ञानिकों के साथ खोज करने वाले एमिल फार्मास्युटिकल्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। आयुर्वेद में किडनी को मजबूती देने के लिए कई औषधियों का जिक्र है। नीरी केएफटी पर अब तक कई चिकित्सा अध्ययन हुए हैं जिनमें इसे असरदार पाया गया। शोधकर्ताओं के अनुसार, समय पर पहचान न होने से क्रोनिक किडनी डिजीज यानी सीकेडी का बोझ लगातार बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर यह करीब 13 फीसदी तक है। भारत की बात करें तो 10 में से नौ सीकेडी रोगी महंगे उपचार का भार नहीं उठा सकते। इसलिए सस्ते विकल्प के तौर पर पारंपरिक चिकित्सा के वैज्ञानिक तथ्यों का पता लगाने के लिए यह अध्ययन किया गया।





**शोध**

**8 बायोकेमिस्ट्री ने प्रकाशित किया है जिसका संचालन चर्चित हमादान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिसिन कर रहा**

# मजनू का टीला के शिविर में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई पर रोक

**राहत**

**8 4 मार्च को डीडीए ने नोटिस जारी कर 6 मार्च तक शिविर खाली करने के लिए कहा था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने डीडीए को निर्देश दिया कि मजनू का टीला स्थित शरणार्थी शिविर में रहने वाले पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थियों के खिलाफ कोई निरोधात्मक कार्रवाई न करें। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। याचिका में कहा गया कि 4 मार्च को डीडीए ने नोटिस जारी कर 6 मार्च तक शिविर खाली करने के लिए कहा था। याचिका में कहा गया है कि पाकिस्तानी हिंदू शरणार्थी कई वर्षों से मजनू का टीला में रह रहे हैं, उन्हें अधिकारियों द्वारा बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एक तरफ तो सरकार पड़ोसी देशों के उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता दे रही है दूसरी तरफ दिल्ली के शरणार्थी शिविरों में रह रहे उन लोगों को हटाया जा रहा है। इसके पहले भी मजनू का टीला में रह रहे लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने की मांग करते हुए याचिका दायर की गई थी जिसके बाद उन्हें सुविधाएं मिलनी शुरू हुईं।





# पेट में छुपाकर ला रहा था ड्रग्स, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कस्टम विभाग ने नाइजीरिया के एक ड्रग्स तस्कर को करोड़ों की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित को शक के आधार पर कस्टम विभाग ने रोका। कस्टम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आरोपित जिस तरीके से चल रहा था, उससे उन्हें शक हुआ। जब वह ग्रीन चैनल पार करने वाला था। इसी दौरान पूछताछ और छानबीन की गई तो फिर मामले का खुलासा हुआ। आरोपित हवाई यात्री ने बताया कि वह कोकीन के कैप्सूल को निगलकर आया है। इसके बाद इसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां लगभग 10 दिनों तक हुई मेडिकल कार्रवाई के बाद 71 कैप्सूल बरामद किए गए। जिसमें 1041 ग्राम फाइन क्वालिटी का कोकीन निकला। जिसकी कीमत 15 करोड़ 61 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपित नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# सर्व शिक्षा अभियान के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सर्व शिक्षा अ**भियान के तहत काम करने वाले शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार देर रात तक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने दिल्ली सरकार से अपने लिए न्याय मांगा। दिल्ली के सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर धरने पर बैठी महिला शिक्षकों ने कहा कि आज हम महिला शिक्षक होते हुए भी खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठे हुए हैं और केजरीवाल और यहां की शिक्षा मंत्री 500 मीटर की दूरी पर आराम से अपने कमरों में और महलों में सो रहे हैं। हमें सैलरी नहीं मिली है। विगत दो साल से हम दिक्कतों का सामना करके जीवन यापन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री बिना सैलरी के अपना घर चलाकर दिखाएं। हम लोग मरने पर मजबूर हो गए हैं, किराए के मकान में रहते हैं, किराया भी नहीं दे पा रहे हैं। हमारा कोर्ट का ऑर्डर भी आया था कि टीजीटी को पीआरटी में कन्वर्ट नहीं कर सकते, लेकिन हाई कोर्ट के आदेश को ना मानते हुए मुख्यमंत्री ने नियमों को नजरंदाज किया है। शिक्षकों ने कहा कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से हमारी हाथ जोड़कर विनती है कि कृपया अपने दिमाग को सुचारू रूप से चलाएं।



# एयरपोर्ट पुलिस ने एजेंट को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** हिन्दी फिल्म डंकी फिल्म की तर्ज पर अलग-अलग रास्तों के जरिए विदेश भेजने की कोशिश करने वाले आरोपित को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सुल्तान सिंह के रूप में हुई है। वह डंकी स्टाइल में एक व्यक्ति को यूएसए तक पहुंचाने के लिए लगातार पांच बार प्रयास किया था। लेकिन पांचो बार वह कामयाब नहीं हो सका और छठी बार में गिरफ्तार हो गया। फिर उसकी निशानदेही पर पुलिस ने लगातार कई जगह छापे मारकर पंजाब से आरोपित एजेंट सुल्तान सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि इसी महीने आठ मार्च को पंजाब के रहने वाले गुरप्रीत सिंह नाम के एक शख्स को कजाकिस्तान से वापस आईजीआई एयरपोर्ट पर भेजा गया था। यहां पर जब छानबीन की गई तो पता चला कि उसका डॉक्यूमेंट फर्जी है। उससे पूछताछ हुई तो उसने फिर पूरे मामले का खुलासा किया। बताया कि उसे यूएसए में सेटल होना था, इसके लिए उसने अपने गांव के ही सुल्तान सिंह नाम के शख्स से मुलाकात की। उससे 50 लाख रुपए में बातें हुई। गुरप्रीत ने 10 लाख रुपए सुलतान सिंह को एडवांस में दिया। आरोपित एजेंट सुल्तान सिंह ने उसे डंकी के जरिए अलग-अलग कंट्री के द्वारा उसे यूएसए तक भेजने की कोशिश की लेकिन वह हर बार नाकामयाब रहा। पुलिस के अनुसार 2023 में चार बार और 2024 में एक बार गुरप्रीत सिंह को यूएसए भेजने की कोशिश की गई थी। इसके बाद एसीपी वीके पीएस यादव की देखरेख में एसएचओ विजेंद्र राणा, सब इंस्पेक्टर राकेश और एएसआई सुभाष की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से सुल्तान सिंह के बारे में पता लगाना शुरू किया।



# कांग्रेस से 105 करोड़ की वसूली के आदेश पर रोक की मांग खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस से 105 करोड़ रुपये की वसूली करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 12 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस यशवंत वर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका खारिज करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा था कि पहली नजर में इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश में कोई गड़बड़ी नहीं दिखाई देती है। कांग्रेस पार्टी इस आदेश के लिए खुद जिम्मेदार है। यह डिमांड 2021 की है और आपने उसे सही करना ठीक नहीं समझा। लगता है कि कांग्रेस के दफ्तर में कोई सोया हुआ था। कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने कहा था कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने उनके खाते को फ्रीज कर दिया है। ये चुनाव का समय है और अगर उनके पास पैसे नहीं होंगे तो वे चुनाव कैसे लड़ेंगे। ऐसे में उनकी पार्टी बर्बाद हो जाएगी। दरअसल, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस पार्टी पर वित्तीय वर्ष 2018-19 के टैक्स का आकलन करते हुए 105 करोड़ रुपये की वसूली का आदेश दिया था। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस की इस दलील को खारिज कर दिया था कि उन्हें 2018-19 के दौरान कोई आय नहीं हुई थी। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा था कि कांग्रेस को कई लोगों से चंदे के रूप में 14 लाख 49 हजार रुपये मिले थे और इसका रिटर्न काफी देर से इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में फाइल किया गया। ऐसा करना इनकम टैक्स कानून की धारा 13ए का उल्लंघन है।





## रोशनारा रोड पर इलेक्ट्रिक की दुकान में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके के रोशनारा रोड पर इलेक्ट्रिक की दुकान और गोदाम में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। स्थानीय पुलिस ने आसपास के मकानों को खाली करवाया। क्योंकि आसपास संकरी गलियों से लगे हुए मकान बने हैं। इसके बाद दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुटीं। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोपहर 12 बजे इसकी सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। आग गोदाम और दुकान दोनों में लगी है।

# कस्टम विभाग ने सोने की तस्करी करने वाले आरोपित को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आईजीआई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की टीम ने सोने की तस्करी करने वाले आरोपित को दबोचा है। इस मामले में एक करोड़ 15 लाख से ज्यादा का सोना बरामद किया गया। कस्टम प्रवक्ता के अनुसार इस मामले में आरोपित हवाई यात्री को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान नितिन गर्ग के रूप में की गई है। उसके खिलाफ सेक्शन 110 और 113 के तहत कार्रवाई की गई है। जिसमें बरामद गोल्ड ज्वेलरी को जब्त कर लिया गया है। यह हवाई यात्री बहरीन से आईजीआई एयरपोर्ट पर जब पहुंचा था। यहां पर ग्रीन चैनल क्रॉस करने के दौरान उसकी और उसके लगेज की जांच की गई तो इस मामले का खुलासा हुआ। कुल 2005 ग्राम गोल्ड ज्वेलरी बरामद की गई, जिसकी कीमत 1 करोड़ 15 लाख 36 हजार से ज्यादा बताई जा रही है। आगे की पूछताछ और कारवाई कस्टम की टीम कर रही है।



## इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर में लगी भीषण आग, आसपास के मकानों को खाली करवाया गया

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सब्जी मंडी एरिया में रोशनआरा रोड पर बुधवार सुबह इलेक्ट्रानिक्स स्टोर में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे स्टोर में फैल गई। स्टोर से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंच हालात को देखते हुए आसपास की इमारतों को खाली करवा लिया। काफी मशक्कत के बाद से आग पर काबू पाया गया। मौके पर दमकल की चार गाड़ियां आई थी। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आगः** उत्तरी दिल्ली के डीसीपी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि शुरूआती जांच के बाद यह आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। मामले की छानबीन जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आग ने पूरी स्टोर को अपनी चपेट में लिया :** दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11.58 बजे विभाग को सब्जी मंडी एरिया के रोशनआरा रोड पर इलेक्ट्रॉनिक सामान के स्टोर में आग लगने की सूचना मिली। यहां पर स्टोर के अंदर ही गोदाम भी बना हुआ था। देखते ही देखते आग ने पूरे स्टोर को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची।

# 'शरीर, मन और आत्मा के लिए ध्यान-अभ्यास जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सावन कृपाल रूहानी मिशन की ओर से 12 मार्च, 2024 को दिल्ली टेक्नोलोजिकल यूनिवर्सिटी के प्रज्ञान हॉल में ह्यशरीर, मन और आत्मा के लिए ध्यान-अभ्यासह्व विषय पर आध्यात्मिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें खासतौर पर इस यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के अलावा वाईस चांसलर प्रो. प्रतीक शर्मा, रजिस्ट्रार प्रो. मधूसूदन सिंह, प्रसिद्ध इंजीनियर श्री सूरज पाल भाटिया और प्रो. विजय कुमार भी उपस्थित थे। इस आध्यात्मिक कार्यशाला में यह समझाया गया कि आज के आधुनिक युग में लोग ध्यान-अभ्यास के प्रति जागरूक हो रहे हैं क्योंकि वे अपनी आत्मा के साथ-साथ अपने शरीर और मन को भी स्वस्थ रखना चाहते हैं। लेकिन इस भाग-दौड़ भरी जिंदगी, अनियमित जीवन शैली और हमारे बदलते खान-पान ने हमें शारीरिक तौर पर इतना अस्वस्थ कर दिया है कि हमारा शरीर रोगों का घर बन गया है। आज के दौर में हरेक इंसान अपने आपको अस्वस्थ महसूस कर रहा है। इसके अलावा आज का इंसान यह भी सोच रहा है कि यदि उसके पास रुपया-पैसा, जमीन-जायदाद, कारें, बैंक-बैलेंस, और हीरे-जवाहरात होंगे तो उसे जीवन में कभी परेशानी, चिंता व दुःख-तकलीफ नहीं आएगी और वह एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकेगा लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है क्योंकि इन सब चीजों से हमारे स्वास्थ्य से कोई लेना-देना ही नहीं है। अब ये सवाल उठता है कि जब हर तरफ तनाव और चिंता का माहौल हो तो हम एक स्वस्थ जीवन कैसे जिये? सदियों से हमारे संतों-महापुरुषों ने हमें स्वस्थ रहने के लिए ध्यान-अभ्यास की विधि बताई है क्योंकि ध्यान-अभ्यास ही एक ऐसी रामबाण दवा है जिससे हम शारीरिक तौर पर ही स्वस्थ नहीं रहते बल्कि यह हमारे मन और आत्मा को भी स्वस्थ रखता है।

प्राचीन काल के ऋषि-मुनियों ने भी ध्यान-अभ्यास के महत्त्व का जिक्र अनेक धर्मग्रंथों में किया है। अगर हम अपने जीवन में इसका अभ्यास करेंगे तो हम देखेंगे कि ध्यान-अभ्यास के फायदों की सूची कभी ना खत्म होने वाली है। प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास करने से शारीरिक तंदुरुस्ती तो आती ही है, इसके अलावा इसके द्वारा हमें सबसे ज्यादा मानसिक शांति मिलती है, जिससे कि हमारे अंदर तनाव कम होता है और हमारा मन हमेशा शांत रहता है। आजकल कई डॉक्टर्स भी अपने मरीजों को स्वस्थ रहने के लिए ध्यान-अभ्यास करने की सलाह दे रहे हैं क्योंकि जब हमारी आत्मा स्वस्थ होगी तो हमारा मन और शरीर खुद-ब-खुद स्वस्थ होगा। ध्यान-अभ्यास की विधि में हम अपना ध्यान बाहर की दुनिया से हटाकर दो भ्रूमध्य आँखों के बीच शिवनेत्र पर टिकाते हैं। इसे मेडिटेशन, भजन-सिमरन और ध्यान टिकाना भी कहा गया है। इसका अभ्यास कोई भी कर सकता है चाहे वो छोटा बच्चा हो या बुजुर्ग, चाहे एक धर्म को मानने वाला हो या किसी दूसरे धर्म को, तंदुरुस्त हो या बीमार, चाहे वो एक देश में रहता है या किसी दूसरे देश में। इसे हम अपने घर या ऑफिस में भी कर सकते हैं। ध्यान-अभ्यास के द्वारा हम अपने जीवन के मुख्य उद्देश्य जोकि अपने आपको जानना व पिता-परमेश्वर को पाना है, को भी इसी जीवन में पूरा कर सकते हैं।



# डॉक्टर सुसाइडः दोषी विधायक को हलफनामे के लिए मिला समय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली के राऊज** एवेन्यू कोर्ट ने डॉक्टर सुसाइड मामले में दोषी करार दिए गए आम आदमी पार्टी के देवली से विधायक प्रकाश जारवाल को अपनी संपत्ति के संबंध में हलफनामा दायर करने के लिए समय दे दिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को करने का आदेश दिया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 28 फरवरी को प्रकाश जारवाल को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने जारवाल के अलावा इस मामले में कपिल नागर और हरीश कुमार जारवाल को भी दोषी करार दिया था। कोर्ट ने जारवाल और कपिल नागर को भारतीय दंड संहिता की धारा 306, 34, 120बी, 386, 506 और 511 के तहत दोषी करार दिया था। कोर्ट ने तीसरे आरोपित हरीश कुमार जारवाल को भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत दोषी करार दिया था। इस मामले में कोर्ट ने हरीश जारवाल को धारा 306 और 386 के आरोपों से मुक्त कर दिया जबकि धारा 506 का आरोप तय करने का आदेश दिया था। 28 अगस्त 2021 को दिल्ली पुलिस ने प्रकाश जारवाल समेत तीन आरोपितों के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में जारवाल के अलावा कपिल नागर और हरीश कुमार जारवाल को आरोपित बनाया गया था। 18 अप्रैल 2020 को डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। पुलिस ने डॉक्टर के यहां दो पेज का सुसाइड नोट बरामद किया था। इसमें प्रकाश जारवाल और कपिल नागर को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने डायरी भी बरामद की थी जिसमें डॉक्टर के कुछ पानी के टैंकर जल बोर्ड में चलने की बात कही गई थी।

डायरी में उन टैंकर्स के लिए जारवाल पर पैसे मांगने का आरोप लगाया गया था।



# बीजेपी अन्त्योदय की भावना से कार्य करती है: दुष्यंत

'हरियाणा ने मनोहर युग से नायब युग में प्रवेश किया है और पार्टी हाई कमान व विधायकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** भारतीय जनता पार्टी के जीटी रोड कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पत्रकारों से संवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी अन्त्योदय की भावना से कार्य करती है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहती है। मंगलवार को भी हरियाणा ने मनोहर युग से नायब युग में प्रवेश किया है और पार्टी हाई कमान व विधायकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुना और राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई है । इसी उपलक्ष्य में यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री



मनोहर लाल की सरकार में भी हरियाणा में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने प्रदेश में पारदर्शी सुशासन लाने के सभी प्रयास किए है और उसमें सफल भी हुए हैं। इनके लगभग साढ़े नौ वर्षों के शासन में गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चे भी बिना पर्ची-खर्ची के एचसीएस, तहसीलदार, बीडीओ जैसे पदों पर नियुक हो पाए हैं। मंगलवार को क्षेत्रवाद, जातिवाद और परिवारवाद की भावना से ऊपर उठकर पार्टी के एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता के हाथों में प्रदेश की बागडोर सौंप दी गई है। भाजपा जहाँ कार्यकताओं का नवनिर्माण करती है वही श्रेष्ठ कार्यकताओं को ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुँचाने का कार्य भी करती है । भाजपा अन्त्योदय भावना से कार्य करती है दबाव की राजनीति भाजपा को पसंद नहीं है । इस पार्टी में सिद्धांतों

**सुशासन**

**8 पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में भी हरियाणा में अभूतपूर्व विकास हुआ है: दुष्यंत**

से समझौता नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि अब वह समय दूर नहीं जब लोकसभा की सभी 10 की 10 सीटें भाजपा जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाल देगी। कर्यकर्ताओं के इन्ही प्रयासों के कारण अब की बार 400 पार के नारे को धरातल पर उतारा जा सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि जहाँ केंद्र सरकार ने गत 10 वर्षों के शासन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का मान सम्मान बढ़ाया है वहीं धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक प्रथा खत्म करना, नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करना और आतंकवाद खत्म करना और राष्ट्रीय स्तर पर भी नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना तथा डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) केंद्र सरकार की विशेष उपलब्धि रही हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, जिला महामंत्री रोशन लाल माहला, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष बलविन्द्र आर्य, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष गंगाराम स्वामी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविन्द्र तोषामड, उपाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा हल्दाना, महिला मोर्चा महामंत्री सोनिया गाबा और समाजसेवी प्रमोद कुराडिया मौजूद रहे।

# सिमरन तागरा को बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गया

**उपलब्धि**

**8 राजीव परुथी ने सिमरन की जमकर तारीफ की राजीव ने कहा हमें टीचर का सम्मान करना चाहिए**

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** पीसीसी एकेडमी में कार्यरत सिमरन तागरा को बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने सिमरन की जमकर तारीफ की राजीव ने कहा हमें टीचर का सम्मान करना चाहिए। राजीव के अनुसार हर शिक्षण संस्थान को अपने टीचरों को सम्मानित करना चाहिए क्योंकि कोई भी शिक्षण संस्थान तभी बड़ा बनता है। जब तक उसमें काम कर रहे शिक्षकों की कड़ी मेहनत ना जुड़े हर स्कूल एवं कॉलेज बच्चों को




सम्मानित करता है मेडल एवं ट्रॉफी से नवाजा जाता है बच्चा जब भी कुछ अच्छा कार्य करता है हम उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित करते हैं हम महीने में कितनी प्रतियोगिताएं करते हैं उन प्रतियोगिताओं में बच्चों को सम्मानित किया जाता है। परंतु पूरे देश में टीचरों को सम्मान देने का एक ही दिन रखा गया है 5 सितंबर टीचर डे वाले दिन राजीव परुथी के अनुसार हमें टीचरों को सम्मानित करते रहना चाहिए। इस मौके पर शिल्पा परुथी ने कहा सिमरन पीसीसी एकेडमी में पिछले 5 सालों से जुड़ी हुई है इसकी कड़ी मेहनत को देखते हुए हमने उसको बेस्ट टीचर अवार्ड से नवाजा है। सिमरन के कार्य काफी काबिले तारीफ है शिल्पा के अनुसार हर बच्चे के अंदर जोश जुनून होना चाहिए जहां भी कार्य करो कड़ी मेहनत एवं दिल से लगन से करना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### तंबाकू पर अंकुश लगाने के लिये कड़े नियम हों लागू: नाडा इंडिया

**शिमला:** विश्व भर में 13 मार्च को मनाये जाने वाले 'नो स्मोकिंग डेह्न की कड़ी में तंबाकू सेवन पर अंकुश लगाने में गत दो दशको से प्रयासरत देशव्यापी संगठन – नाडा इंडिया फाउंडेशन ने एक बार फिर देश में तंबाकू पर नकेल कसने की दिशा में कड़े कानून लागू करने की पैरवी की है। तम्बाकू मुक्त कैम्पेन की कड़ी में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के बीच नाडा इंडिया फाउंडेशन ने भी स्वयं से जुड़े देश भर के



युवाओं को फोरम के माध्यम से जोड़कर तम्बाकू मुक्त अभियान को मजबूती दी। कर्मवीर पुरस्कार विजेता और नाडा इंडिया के संस्थापक सुनील वात्स्यायन ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि यदि धूमपान जैसी कुरीति को समाज और देश से मिटाना है तो इस दिवस को हमें मात्र एक दिन नहीं बल्कि रोज मनाने की जरुरत है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य युवाओं के माध्यम से देश के कोने कोने में धूमपान विरोधी मुहिम को मजबूती दी देना है । उन्होंनें बताया कि नाडा इंडिया केन्द्रीय और प्रदेश सरकारों से तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने की मांग करता रहा है। नाडा की मुहिम तब रंग लाई जब हिमाचल प्रदेश सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर सीजीएआर टैक्स बढ़ाया। सुनील वात्सयायन ने उम्मीद जताई कि अन्य प्रदेश भी हिमाचल का उदाहरण पेश करेगा। प्रदेश सरकार का ध्यान दिलाने में युवाओं का काफी महत्व है। नाडा इंडिया ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को इस मुहिम से जोड़ता रहेगा। एक अन्य तथ्य जो कि नाडा की तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने की मुहिम को मजबूती देता है वह राजस्व में ईजाफा। कोविड महामारी के चलते देश को हुये आर्थिक नुकसान की भरपाई तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त टैक्स लगाकर ही की जा सकती है। इसके दो लाभ होंगें। राजस्व को न केवल मजबूती मिलेगी बल्कि महंगे तंबाकू उत्पाद भी युवाओं की पहुंच से दूर रहेंगें। नाडा इंडिया का मानना है कि युवा स्वास्थ्य भी राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय होना चाहिए। युवाओं की सेहत देश की सेहत का सूचक होती है । इसलिये युवाओं को वैचारिक विमर्श का हिस्सा बनाकर उन्हें इस ओर आमंत्रित कर बदलाव का सच्चा साथी बनाने की जरूरत है। नाडा इंडिया ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियों जैसे स्मोक फ्री कैंपस, हिमाचल यूनिवर्सिटी में प्रदेश सरकार के सहयोग से स्टेकहोल्डर्स मीट, आदि कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। हर वर्ष मार्च माह के दूसरे बुधवार को वर्ल्ड नो स्मोकिंग डे मनाया जाता है। धुम्रपान के दुष्प्रभावों को विषय में लोगों को अवगत करवाने और इस लत को छुड़वाने की दिशा में यह दिवस आयोजित किया जाता है। नो स्मोकिंग डे वर्ष 2024 की थीम बच्चों को तंबाकू उत्पादों से बचाना है।

### निहार शांति पाठशाला फनवाला लैंग्वेज लर्निंग प्रोग्राम ने ग्रामीण भारत में 10 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की जिंदगी बदली

**अंबाला:** एक देश के रूप में, हमने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें ग्रामीण भारत भी शामिल है। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है और इस उद्देश्य को साझा करने वाले एक ब्रांड के रूप में, निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के एक तरीके के रूप में पहचाना है। ब्रांड ने एक गैर–लाभकारी संगठन लीपफॉरवर्ड के साथ साझेदारी की है और एक अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रोग्राम निहार शांति पाठशाना फनवाला को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम में शिक्षकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये फोनेटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें आसानी से अंग्रेजी पढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह प्रोग्राम व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि भारत के विभिन्न प्रांतों में इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके और अंग्रेजी भाषा को सभी के लिये सुलभ बनाया जा सके। शिक्षा के माध्यम से प्रगति को बढ़ावा देने के ब्रांड के उद्देश्य के बारे में बताते हुये, सोमाश्री बोस अवस्थी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, मैरिको लिमिटेड ने कहा, ह्यह्ननिहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला हेयर ऑयल ने ब्रांड के उद्देश्य को पहचानने वाले ग्राहकों के साथ जो जुड़ाव बनाया है, उस पर हमें बहुत गर्व है। वर्ष 2019 में, निहार शांति पाठशाला फनवाला की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टूडेंट्स के बीच पढ़ने एवं समझने की काबिलियित को विकसित करने के प्रारंभिक उद्देश्य के साथ की गई थी। हमने अपने अनूठे इंग्लिश लिट्रेसी प्रोग्राम की पेशकश के साथ इस उद्देश्य को पूरा किया। यह शिक्षकों को एक ऐसी भाषा में साक्षरता को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है, जो उच्च शिक्षा के बेहतर अवसरों के द्वार खोलती है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों पर इसके प्रभाव को देखना वाकई में संतोषप्रद रहा है।

# गांव जलमाना में नायब सिंह को मुख्यमंत्री बनने पर ग्रामीणों ने किया खुशी का इजहार

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जिला के गांव जलमाना में हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी की लहर दौड़ गई है भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र जलमाना के निवास स्थान पर ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर खुशी जाहिर की और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया गया सुरेंद्र जलमाना ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे विशाल राजनीतिक पार्टी है जिसमें साधारण व्यक्ति को भी मुख्यमंत्री तक के सम्मानित पद पर बिठा दिया जाता है



सुरेंद्र जलमाना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार में भी हरियाणा में अभूतपूर्व विकास हुआ है उन्होंने प्रदेश में पारदर्शी सुशासन लाने के सभी प्रयास किए है और उसमें सफल भी हुए हैं इनके लगभग साढ़े नौ वर्षों के शासन में गरीब परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चे भी बिना पर्ची-खर्ची के एचसीएस, तहसीलदार, बीडीओ जैसे पदों पर नियुक हो पाए हैं मंगलवार को क्षेत्रवाद, जातिवाद और परिवारवाद की भावना से ऊपर उठकर पार्टी के एक श्रेष्ठ कार्यकर्ता के हाथों में प्रदेश की बागडोर सौंप दी गई है भाजपा जहां कार्यकताओं का नवनिर्माण करती है वही श्रेष्ठ कार्यकताओं को ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुचाने का कार्य भी करती है` भाजपा अन्त्योदय भावना से कार्य करती है। दबाव की राजनीति भाजपा को पसंद नहीं है इस पार्टी में सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जाता। अब वह समय दूर नहीं जब लोकसभा की सभी 10 की 10 सीटें भाजपा जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाल देगी। कार्यकताओं के इन्ही प्रयासों के कारण अब की बार 400 पार के नारे को धरातल पर उतारा जा सकेगा।

# नायाब सिंह सैनी के प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर समालखा में भी मनाया जश्न

**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**हरियाणा** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष रहे सांसद नायाब सैनी के द्वारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की खुशी में समालखा में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार करते हुए पूर्व पालिका चेयरपर्सन के पति एवं समाज सेवी प्रेम चंद सैनी ने इसे ओबीसी समाज का सम्मान बताया है। प्रेम चंद सैनी व समाज सेवी राजकुमार छौक्कर ने कहा कि नायाब सिंह सैनी अब मुख्यमंत्री के तौर पर सबका साथ सबका विकास के भाजपा नारे को मूर्त रूप देते हुए प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार को तेज गति देंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश में ओबीसी समाज को मुख्यमंत्री पद देकर कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह व मनोहर लाल खट्टर ने ओबीसी समाज का मान बढ़ाया है। ओबीसी समाज भी आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से जिताने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मनोहर लाल ने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया उसी को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ शासन प्रशासन देंगे । गरीब कल्याण तथा अंतोदय के मिशन को पूरी तत्परता से आगे बढ़ाएंगे। इससे पहले प्रेम चंद सैनी व कृष्ण सैनी के नेतृत्व में चुलकाना रोड पर लड्डू बांटे व आतिशबाजी कर जश्न मनाया।

# मौलिक शिक्षा अधिकारी ने राजकीय स्कूल में किया औचक निरीक्षण

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** गतदिवस पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुराना मे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना संयोजक सुधीर कालडा ए पी सी अनिल जगदेव ने औचक निरीक्षण किया ' इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनजीत कौर ने पुष्प गुच्छ और पौधा देकर उनका अभिवादन किया ' इस दोरान उन्होंने समग्र शिक्षा एवं पी एम श्री विद्यालयो को मिलने वाली सभी ग्रांट का एक एक करके निरीक्षण किया 'उन्होंने स्कूल मे ग्रांट को खर्च करने वाली कमेटी सदस्यों से भी बात की और स्कूल मे हो रहे कार्यो का जायजा लिया ' इस अवसर पर उन्होंने पुस्तकालय



,साइंस ,मैथ्स लैब , किचन गार्डन ,कंप्यूटर लैब, कक्षा कक्ष, मिड डे मील, खेल मैदान ,टॉयलेट ,वर्मी कंपोस्ट फंड से सम्बंदित कैश बुक का निरीक्षण किया ' इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ मीटिंग की और भविष्य मे विद्यालय सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस निरीक्षण के दौरान गांव दुराना की सरपंच कुमारी मनीषा भी मौके पर उपस्थिति रही।

# 'भाजपा झूठ और जुमलों के दम पर सत्ता हथियाने वाली सरकार'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कांग्रेस के घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की कालोनियों कुलदीप नगर, भारत नगर, गोपाल कॉलोनी और अर्जुन नगर में जनसंपर्क और जनसभा की। सभी जगहों पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत कर कांग्रेस का साथ देने का आश्वासन दिया।

जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह कादियान ने कहा कि पिता तुल्य बुजुर्गों और मातृ शक्तियों झूठ और जुमलों के दम पर सत्ता हथियाने वाली भाजपा सरकार को अपने 10 साल बरत लिया। 10 साल से आप इस सरकार का बोझा



ढोह रहे हैं। इस सरकार के राज में देश और प्रदेश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। शिक्षा का स्तर नीचे गिरने के कारण हमारे देश और प्रदेश के बच्चे विदेश में पलायन करने को मजबूर हैं। मोदी कहते हैं, हमने 100 रुपये सिलेंडर में घटा दिए, लेकिन जनता यह नहीं समझती कि यह छोटी छूट मोदी की बड़ी लूट का इशारा है। इस समय देश पर 2 लाख 5 हजार करोड़ रुपये का कर्ज है यानी देश में अब हर बच्चा कर्ज लेकर पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले किसान आंदोलन में 750 किसान शहीद हो गए, लेकिन देश की भाजपा सरकार ने किसानों की मांगें आज तक पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश को अब एक बार फिर कांग्रेस सरकार की जरूरत है, तभी गरीबों को कांग्रेस की फिर वही पुरानी योजनाएं जैसे 100-100 गज के प्लाट, देशभर की जनता को 500 रुपये का सिलेंडर, वृद्धावस्था पेंशन छह हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी को वह भी अच्छा नहीं मानते, लेकिन जबरन लोगों का कनेक्शन काटना भाजपा की कार्यशैली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आपका कनेक्शन काटती है तो आप भाजपा को वोट देने का ही कनेक्शन काट दें। उन्होंने कहा कि देश में डेमोक्रेसी से बचने के लिए इस बार भाजपा का अहंकार तोड़ना जरूरी है। कांग्रेस सरकार आते ही वो पूरी कोशिश करेंगे कि सभी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले। जो शिक्षा नीति चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने चलाई थी, वही शिक्षा और खेल नीति दोबारा चलाई जाएगी।

# 'गौशालाओं के संचालकों के विरूद्ध होगी एफआईआर दर्ज'

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** **उपायुक्त** डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने नगर निगम अधिकारियों और एलएनटी के अधिकारियों की मंगलवार को जिला सचिवालय में महत्त्वपूर्ण बैठक ली व मुख्य मार्ग से जुड़े सीवर और शहर के सीवरों की साफ सफाई व अवैध कनैक्शनों को बंद कराने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने अधिकरियों को इस कार्य को लेकर समन्वय बनाकर काम करने की सलाह दी। उन्होंने सीवरों के निर्माण कार्य की प्रगति भी अधिकारियों से जानी।

उपायुक्त ने कहा कि जो गौशालाएं सिवरों में गोबर प्रवाह करती है। उनके खिलाफ तुरंत प्रभाव से एफआईआर दर्ज करवा कर कार्यवाही करें। उपायुक्त ने कहा कि इसके संदर्भ में जल्द से जल्द



सभी गौशालाओं के संचालकों की बैठक बुला कर पहले उन्हें सचेत किया जायेगा।

उपायुक्त ने बैठक में एमसी के अधिकारियों से कनैक्शन पर जाली लगने के भी निर्देशदिये व कनैक्शनों का ब्यौरा भी लिया व उन्होंने अब तक इस दिशा में क्या कार्यवाही की है की जानकारी भी अधिकारियों से हासिल की। एलएनटी व निगम के अधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी स्थिति सपष्ट्द की व शीघ्रता से इस दिशा में और कार्यवाही करने का आश्वासन उपायुक्त को दिया। एलएनटी के प्राजैक्ट हैड कर्नल ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि 46 के करीब अवैध कनैक्शन है जिन पर ध्यान देने जी जरूरत है।

उपायुक्त को निगम के अधिकारियों ने सलाईड के माध्यम से खादी आश्रम की साईड व शिव नगर के सीवर की गंदगी का आलम दिखाया। उपायुक्त ने 300 मीटर का ऑपन ड्रेन बना कर एमसी के सीवरेज लाईन के साथ जुडने.के निर्देश भी दिये। अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि वे इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। कुछ समय में इन सीवर की गंदगी को दूर किया जायेगा। वे साफ सफाई वाला शहर चाहते हैं व किसी भी सुरत में इस कार्य में देरी नहीं चाहते। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये की वे इस कार्य में जिम्मेदारी दिखाये व सीवर में फैली गंदगी को दूर करें व उन लोगों के खिलाफ एक्शन ले जो काफी हद तक इसके जिम्मेदार हैं। बैठक में एसडीएम मनदीप सिंह,एलएनटी के प्रौजेक्ट हैड कर्नल ज्ञान प्रकाश शर्मा, निगम अधिक्षक अभियंता राजेश कौशिक, लेखराज सिंह फोजदार के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जुआ खेलते चार युवक गिरफ्तार, 38500 रुपए की नगदी बरामद

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: सीआईए** वन कार्यकारी प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान काबड़ी रोड पर कच्ची फाटक के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की मच्छली मार्केट के नजदीक रेलवे लाइन के पास चार युवक खाली जगह में बैठकर ताश के पत्तों पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे चारों युवकों को काबू कर उनके कब्जे से एक जोड़ी ताश के पत्ते व दाव पर लगी 38500 रुपए की नगदी बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान कृष्ण निवासी सिवाह, सुमित निवासी गंगाराम कॉलोनी, साजिद निवासी विकास नगर व दानिस निवासी गंगा राम कॉलोनी के

**कार्रवाई**

**8 थाना पुराना औद्योगिक में गेम्बलिग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई**

रूप में हुई। सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद ताश के पत्ते व दाव पर लगी 38500 रुपए की नगदी कब्जा पुलिस ने लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में गेम्बलिग एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

# बागवानी को बढ़ावा देने को लेकर राज्य में संचालित की जा रही अनेक योजनाएं: कृष्ण लाल पंवार

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: बागवानी** के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करने को लेकर एकीकृत बागवानी विकास मिशन स्कीम की ओर से जिले के गांव धर्मगढ़ में बागवानी से जुड़े विषयों पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में किसानों के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में विभिन्न विशेषज्ञो ने विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार में राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए कहा कि राज्य सरकार हमेशा किसान के हित में काम करती रही है। ऐसी बहुत सी योजनाएं सरकार द्वारा संचालित की जा रही है जिनका वर्तमान में किसान लाभ ले रहे हैं। मुख्य अतिथि ने सेमिनार में संबोधन के बाद पौधारोपण किया व प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। सेमिनार में मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सेमीनार में आस-पास के 300 के करीब प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

सेमिनार में सीईओ, ईडन हॉर्टिकल्चर, करनाल के डा. अखिल ने हब एंड स्पोक मॉडल के बारे में जानकारी दी व इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिजनेस को विभिन्न क्षेत्रों में विस्तृत करने के लिए एक केंद्रीय हब को तैयार करना



चाहिये और आसपास के क्षेत्र को जोडना चाहिए। उपमंडल समालखा में स्ट्रॉबेरी से संबंधित एक प्रोजेक्ट लगाया गया है। यह प्रोजेक्ट एक बागवानी बिजनेस मॉडल है जो विपणन उत्पादन और प्रोसेसिंग के सभी पहलुओं को समेकित करता है। यह मॉडल स्थानीय किसानों और उद्यमियों को भी समर्थन प्रदान करता है और हमारी सामाजिक और आर्थिक समर्थन क्षमता को बढ़ाता है।

सेमिनार में जिला उद्यान अधिकारी डॉ. शदार्लू शंकर ने किसानों का आह्वान किया कि चे परंपरागत खेती को छोडक ज्यादा से ज्यादा बागवानी की खेती को अपनाये ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि एमआईडीएच स्कीम का लाभ लेना चाहिये। उन्होंने स्क्रीम के तहत मिलने वाली अनुदान राशि के बारे में जानकारी दी।

सेमिनार में मिशन निदेशक डॉ. रणवीर सिंह पंचकूला ने कहा कि किसान एमआईडीएच स्कीम का लाभ लेकर किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं।

सेमिनार में बागवानी विशेषज्ञ डॉ. राजेश ने सेमिनार में किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. शिवेंदु नर्स री एक्सपर्ट,लाडवा ने किसानों को फलों के बाग लगाने रख रखाव करने व बीमारियों के निदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

घरौंडा की बागवानी केंद्र की डॉ हर्षित ने सेमिनार में किसानों को संरक्षित ढांचे के अंतर्गत उगाई जाने वाली सब्जियों के बारे में जानकारी दी व बागवानी योजनाओं में मिलने वाली अनुदान राशि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मशरूम फार्मर सोनिया दहिया ने सेमिनार में किसानों को मशरूम की खेती से होने वाली आय के बारे में जानकारी सांझा की।

निधि डाबर व राजेश दुबे न सूत्र कृमी से होने वाली बीमारियों के बारे में वीडियोग्राफी के माध्यम से जानकारी दी व किसानों को फल व सब्जियों में सूत्र कृमी से होने वाली बीमारी एवं उनके बचाव के बारे अवगत कराया।

सेमिनार में अजय कुमार जिला बागवानी सलाहकार तरसेम सीपीसी जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# आजादपुर मंडी में जाम से लोग परेशान, प्रशासन मस्तः पुनीत कोहली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः एशिया की** सबसे बड़ी आजादपुर फल और सब्जी मंडी में वैसे तो कई समस्याएं हैं, जिससे यहां पर आने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है, लेकिन यहां पर जाम की समस्या आम होती जा रही है, जिसके चलते यहां लोगों को अक्सर परेशान होना पड़ता है।



**मंडी में सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया जायेः** आजादपुर मंडी के व्यापारी पुनीत कोहली ने बताया कि आजादपुर मंडी में प्रशासन की लापरवाही की वजह से यहां पर जाम की समस्या अक्सर हो जाती है। श्री कोहली ने आगे बताया कि आजादपुर मंडी में जगह-जगह अतिक्रमण हो गया है, जिससे सड़के सिकुड़ती जा रही है, जिस वजह से जाम की समस्या हो रही है।

**पुनीत कोहली ने मंडी प्रशासन से की मांगः** श्री कोहली ने मंडी प्रशासन से मांग की है, जो आजादपुर मंडी के द्वार है, उनके आस-पास से विशेष रूप से रोड़ को खाली करवाया जाये और जहां पर भी अतिक्रमण है, वहां से हटाया जाये, जिससे रोड़ खाली हो और वाहन आसानी से आ और जा सके।



**मंडी में गंदगी की समस्या का भी समाधान निकाले प्रशासनः** आजादपुर मंडी के व्यापारी पुनीत कोहली ने कहा कि आजादपुर मंडी प्रशासन को मंडी में जहां पर भी गंदगी है, वहां पर विशेष रूप से स्वच्छता अभियान चलना चाहिए, जिससे की आजादपुर मंडी में आने वाले लोगों को गंदगी की समस्या से न जूझना पड़े।

## शालीमार बागः भाजपा के कार्यों से खुश हैं देश की जनताः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः शालीमार** बाग-ए मंडल भाजपा की मंडल मंत्री व समाजसेविका ज्योति सैनी ने बताया कि भाजपा के कार्यों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है। हम जहां पर भी जा रहे है, वहां की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि पीएम मोदी ने जहां एक और शहरों में विकास की बयार चलाई है, वही गांव में भी विकास ही विकास देखने को मिल रहा है। जिससे की देश के किसान भी भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। श्रीमती सैनी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई



योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि सभी कार्यकर्ता एक्टिव होकर कार्य करें और भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये जिससे की सभी लोग भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत हो सके।

## नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली द्वारा विकास नगर में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली द्वारा नारी शक्ति फिटनेस दौड़ का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट वूमेन तो फिट इंडिया के तहत महिला दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.जयप्रकाश शर्मा जी वाईस प्रिंसिपल आई.जी. आई. कॉलेज ऑफ एजुकेशन दिल्ली, कुसुम पैरा प्लेयर वर्ल्ड ब्रॉन्ज मेडलिस्ट 2018 डिस्कस थ्रोअर गोल्ड मेडलिस्ट 7 ईयर वा इंडिया रिकॉर्ड प्राप्त एशियन प्लेयर 2023, सुनील कुमार अन्तर्राष्ट्रीय एथलेटिक ब्रॉन्ज



मेडलिस्ट 2014मलेशिया, सुनील कुमार संयोजक क्रीड़ा भारती जिला पश्चिम दिल्ली व मनोज कुमार सह संयोजक क्रीड़ा भारती जिला पश्चिम दिल्ली आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली की जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने संगठन के द्वारा वर्ष पर्यन्त आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में विस्तारपूर्वक बताया। फिटनेस दौड़ के माध्यम से महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दैनिक दिनचर्या में व्यायाम, योग,खेलों सहित फिटनेस गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## शालीमार बागः कांग्रेस ने जो कहा है, वह करके दिखायाः नेयोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कांग्रेस** नेता और शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी जेएस नेयोल ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। कांग्रेस जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का कार्यकर्ता मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री नेयोल ने कहा कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। आज जो आप दिल्ली में बड़े-बड़े फ्लाईओवर, फुटओवर ब्रिज, लो फ्लोर बसे



और अस्पताल देख रहे है, वह सब कांग्रेस के शासन काल में ही बने है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव में हमें मजबूती से कार्य करना है और कांग्रेस को विजयी बनाना है।

## शालीमार बागः पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करेंः पंडित गोविन्द शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** जरूरतमंद, गरीब व असहाय की सेवा करना एक पुण्य का कार्य होता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लें और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करें। उक्त बातें जिला केशवपुरम भाजपा के उपाध्यक्ष पंडित गोविन्द शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। साथ ही उन्होंने



कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है की हम अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाये और उस पौधे की रक्षा भी करें।

उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों लगाने से वातावरण भी सुगंधित रहता है और क्षेत्र में हरियाली रहती है, इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके।

## शकूर बस्तीः दिल्ली रेलवे को मिली करोड़ों की सौगात, हुआ शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः मोदी सरकार** की गारंटी के तहत विकसित भारत के लिए रेलवे को और अधिक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस बनाने के लिए मोदी सरकार ने रेलवे को बड़ी सौगात देते हुए 85 हजार करोड़ रूपऐ के विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण व शिलान्यास किया है। इसी कार्यक्रम के अंतगर्त दिल्ली रेलवे को भी विकास कार्यों के लिए करोड़ों रूपए की सौगात मिली।

**योजना के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रमः** 85 हजार करोड़ की परियोजना के बाद शकूरबस्ती रेलवे स्टेशन पर मोदी सरकार की गारंटी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कोहाट वार्ड नंबर-61 से






निगम पार्षद अजय रवि हंस, निगम पार्षद ज्योति अग्रवाल, भाजपा नेता शशि जेटली, बलराम चावला, विकास भाटिया, योगेश गुलाटी, रंजन ठाकूर, पुनीत शर्मा, के साथ-साथ रेलवे के जिला मेडिकल ऑफिसर संजय कुमार, प्रवीण कुमार चीफ ट्रेन क्लर्क, दुर्गा नंद पाठक स्टेशन सुप्रीटेंडेंट, नरेंद्र रेलवे ऑफिसर सहित अन्य पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। परियोजना के अंतगर्त सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, शकूर बस्ती रेलवे स्टेशन, निजामुद्दीन, नरेला सहित दिल्ली के कई स्टेशनों पर मोदी की गारंटी परियोजनाओं के तहत विकास कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर निगम पार्षद अजय रवि हंस ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देशवासियों व रेलवे से सफर करने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है।

## समाज को जागरूक कर रही है वीआईपी फाउंडेशनः विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः वीआईपी फाउंडेशन** के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है, ताकि आम जन भी बेहतर तरीके से जागरूक हो सके। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जहां एक ओर जागरूक किया जाता है, वहीं दूसरी और उन्हें सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं के बारे भी जानकारी दी जाती है। उन्होंने आगे बताया कि फाउंडेशन के द्वारा दिल्ली सहित कई राज्यों में कई सेन्टर खोले गये है, जहां से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।



श्री पिव्हाल ने आगे बताया कि सभी को गरीब व जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

## संगम पार्क वार्डः जनता से किये वादे पूरे कर रहा हूंः सुशील जोंटी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः संगम पार्क** वार्ड के निगम पार्षद सुशील जोंटी ने अपने वार्ड में कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने आगे बताया कि आज चौकी नम्बर-4 शौचालय, लाल बाग स्टेट बैंक के पास वाला शौचालय और लाल बाग मंडी में पेशाब घर के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। पार्षद सुशील जोंटी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा करता हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है, जिससे की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने पार्षद सुशील जोंटी का स्वागत किया और इस कार्य के लिए धन्यवाद किया।

## रक्तदान महादान, इसलिए सभी करें रक्तदानः साहू राकेश राठौर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः साहू राकेश** राठौर ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा कि ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते, जो आपके दिल और दिमाग को अलग ही खुशी देता है। इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी रक्तदान करें



और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है।

# डॉ. भीम राव अम्बेडकर पार्क का हो रहा है सौन्दर्यीकरणः चित्रा विद्यार्थी










**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** वजीरपुर जेजे कॉलोनी के डॉ. भीम राव अम्बेडकर पार्क में सौन्दर्यीकरण के कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने बताया कि डॉ भीम राव अम्बेडकर पार्क में सौन्दर्यीकरण करवाया जा रहा है, आज पार्क में कई लाईटो का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी का स्वागत किया और इस कार्य के लिए धन्यवाद भी किया। निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

## न्यूज फ्लैश

### शहर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बीएसए के खाते सीज

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहर की प्रतिष्ठित संस्था बीएसए की दो शिक्षण संस्थाओं के खाते सीज हुए हैं। नगर निगम ने बकया के चलते यह कार्यवाही की है। नगर निगम इन दिनों बडे और पुराने बकायेदारों के खिलाफ वसूली अभियान चला रहा है। जिन बकायेदारों द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उन बकायेदारों के विरूद्ध खाता सीज एवं सम्पत्ति को सील करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी मथुरा पर 70,00,614 रुपये एवं एएसएम पॉलिटेक्निक कॉलेज पर 15,60,461 रुपये कुल बकाया धनराशि 85,61,075 की बकाया वसूली के नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 504 एवं धारा 506 के अन्तर्गत बिल एवं मांग पत्र जारी करते हुए यह कार्यवाही की गई। निगम के अधिकारियों ने बताया कि नियमित रूप से कई बार राजस्व निरीक्षक, कर अधीक्षक एवं कर निर्धारण अधिकारी, अपर नगर आयुक्त द्वारा भी सम्पर्क करने के बावजूद भी धनराशि का भुगतान नगर निगम को नहीं किया गया। इसे के क्रम में बीएसए कालेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी मथुरा एवं एएसएम पॉलिटेक्निक कॉलेज के खातों को सीज करा दिया गया है। साथ ही नगर आयुक्त द्वारा कर विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पुराने बकायेदारों से तत्काल शत प्रतिशत करों की वसूली कराना सुनिश्चित करें। जिन बकायेदारों के द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जा रहा है, उन बकायेदारों के विरूद्ध नगर निगम अधिनियम के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जाये।नगर आयुक्त के निदेर्शों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी शिवकुमार गौतम के नेतृत्व में नगर निगम के गृहकर, जलकर, सीवरकर के बड़े बकायेदारों के विरूद्ध लगातार चल रहे अभियान में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा पुराने बकायेदारों से करों की वसूली की जा रही है।

### सरकारी राशन में इस बार गेहूं से ज्यादा मिलेगा बाजरा

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जिला पूर्ति अधिकारी ने माह मार्च के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न व बाजरा का निःशुल्क वितरण तथा अन्त्योदय का कार्डधारकों को त्रैमास जनवरी, फरवरी और मार्च के सापेक्ष चीनी का वितरण 15 मार्च से 29 मार्च के मध्य कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि इस अवधि में अन्त्योदय कार्ड पर 14 किलोग्राम गेहूं, 14 किलोग्राम चावल व सात किलोग्राम बाजरा तथा पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट एक किलोग्राम गेहूं, दो किलोग्राम चावल व दो किलोग्राम बाजरा का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। साथ ही अन्त्योदय कार्डों पर त्रैमास जनवरी, फरवरी एवं मार्च के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से 54 रुपये में चीनी का वितरण किया जाएगा। वितरण की अन्तिम तिथि 29 मार्च होगी। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण कराया जाएगा।

### वेटरनरी में 21वीं वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा का 21वां दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा संपन्न। उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा, उत्तर प्रदेश का 21वां, दो दिवसीय वार्षिक स्पर्धात्मक खेल कूद सम्मेलन का आयोजन 10 और 11 मार्च को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विजेता छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्रीवास्तव द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पशु चिकित्सा संकाय के छात्र, श्री अखिल गुप्ता तथा छात्रा, कु. विशाखा सिंह गौर ने सर्वाधिक पदक जीतकर, सर्वश्रेष्ठ एथलीट का सम्मान प्राप्त किया। अधिष्ठाता पशु चिकित्सा महाविद्यालय, प्रोफेसर विकास पाठक, प्रोफेसर अजय प्रकाश, प्रोफेसर पंकज कुमार शुक्ला, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, प्रोफेसर रश्मि सिंह, डॉक्टर प्रोफेसर अर्चना पाठक, प्रोफेसर विनोद कुमार, डॉक्टर गुलशन कुमार सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनावों को लेकर बीजेपी के नेताओं में खलबली मची हुई: डॉ. सुशील गुप्ता

**दौरा**

8 बीजेपी सरकार में व्यापारियों और आढ़तियों की कभी नहीं हुई सुनवाई : डॉ. सुशील गुप्ता



**कुरुक्षेत्र/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से "इंडिया" गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने कुरुक्षेत्र जिले की मंडियों का दौरा किया। उन्होंने पेहवा, इस्माईलाबाद, ठोल, झांसा और शाहबाद अनाज मंडी का दौरा किया। इसके साथ उन्होंने बोली साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेककर कार्यक्रमों की शुरूआत की। उनके साथ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी मनदीप सिंह चठ्ठा, जगदीश राठी, हरप्रीत सिंह चीमा, मनप्रीत सिंह चीमा, एडवोकेट सुभाष गोयल, हरमनदीप सिंह विर्क, बलबीर सिंह सैनी, गुरविंदर सिंह नथ, हरपाल भट्टी, रघुबीर सिंह चठ्ठा, गेहल सिंह संधू, अमरीक सिंह, सोनू सामरा, राजकौर गिल, एडवोकेट रुचिका, शिखा गर्ग मौजूद रहे।

अनाज मंडियों व्यापारियों ने डॉ. सुशील गुप्ता का दिल खोलकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया और मंडी में उनके पहुंचने पर खुशी जताई। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार से किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा और महिला हर वर्ग परेशान है। देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है जिसको बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना है। इसलिए सबको साथ मिलकर भाजपा को प्रदेश की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना है। भाजपा में कभी भी व्यापारियों और आढ़तियों की सुनवाई नहीं हुई, बल्कि मंडियों को बंद करने को लेकर प्रयास किए गए।

उन्होंने कहा की पूरे देश में भाजपा के सांसद भाग रहे हैं। दिल्ली में दो सांसद चुनाव लड़ने से भाग गए। वहीं देश के उपराष्ट्रपति के बेटे ने भी कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली। लोकसभा चुनावों को लेकर बीजेपी के नेताओं में खलबली मची हुई है। बीजेपी में इंडिया गठबंधन से हार का डर नजर आने लगा है। हरियाणा में बीजेपी नेता लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ना चाहते।
डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि वैसे तो भाजपा सरकार में हर वर्ग पीड़ित है लेकिन किसान और व्यापारी सबसे ज्यादा दुखी है। भाजपा लगातार मंडियों को बंद करने का प्रयास कर रही।

## निरोग रहने के लिए योग जरूरी: रामदेव



**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

रमण रेती आश्रम में चल रहे चार दिवसीय श्री गुरु कार्ष्णी गोपाल जयंती महोत्सव में योग गुरु बाबा रामदेव भी शामिल हुए। उन्होंने मंच पर योग के कई गुण बताएं और कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2024 में सनातन को इतना मजबूत कर दो की पूरा विश्व सनातन की ताकत को देखे। हमारे तो धर्म ग्रंथ हजारों लाखों पेज के हैं और बहुत बड़ी संख्या में है। उसके वाद भी सनातन के लोग उसे नहीं पड़ते। उन्हें उसकी जानकारी नहीं है जबकि आज राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हो गया है। श्री कृष्ण के मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार है, जबकि काशी तो पूरा ही अब हमारा है क्यों की वहां पूजा का आदेश मिल गया है। कुछ लोगों में पहले वहां जबरन धोखे से कुछ हिस्से को हथिया लिया था लेकिन आगे सब कुछ हमारा ही होगा।

## पहल: अपूर्वा त्रिपाठी ग्रामीणों को सिखा रहीं गऊ संवर्धन से गुरू

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

जानीमानी सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामीणों को पशु संवर्धन के गुरू सिखा रही हैं। जिससे ग्रामीणों की माली हालत को सुधारा जा सके। उत्तर प्रदेश की जानी मानी सामाजिक कार्यकर्ता एवं अग्रणी जीव संरक्षक अपूर्वा त्रिपाठी ग्रामीणों की अध्यक्षता में एपिक फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय गौ सेवा संवर्धन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबंधी शिविर का आयोजन मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित भारत रत्न मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित हासानंद गौशाला में कराया गया। हासानंद गौशाला के आसपास के गांव वालों को गऊ पालन के संबंध में विभिन्न जानकारी एवं संस्था द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं से अवगत कराया गया। जिसमें गोबर से बनने वाले अनेक उत्पाद एवं प्राकृतिक खाद आदि शामिल थे। पशु चिकित्सा इत्यादि की जानकारी मिलने से स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें इस



प्रकार के शिविर का विशेष लाभ प्राप्त हुआ है एवं पशु के स्वस्थ आहार एवं चिकित्सा के संबंध में संस्था द्वारा उपलब्ध कराई गई। जानकारियां एवं सेवाएं विशेष रूप से लाभकारी प्रतीत हुई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन यदि होता है तो उन्हें पशु संवर्धन के विषय में अनेक जानकारियां एवं संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जा रही उनकी सेवाओं का लाभ मिलने से उनके जीवन में अनेक कठिनाइयों का निवारण संभव हो सकेगा।

## छाता में स्थानीय पुलिस के साथ अर्ध सैनिक बल ने किया फ्लैग मार्च

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना कोतवाली पुलिस छाता एवं पुलिस उप अधीक्षक आशीष शर्मा एवं कोतवाली प्रभारी त्रिलोक सिंह के सानिध्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव हेतु एवं त्योहार के मध्य नजर मथुरा पुलिस बल एवं अर्ध सैनिक फोर्स द्वारा संयुक्त छाता कोतवाली से बाजार गोवर्धन रोड श्री भगवान परशुराम चौक सब्जी मंडी मुख्य बाजार दिल्ली गेट आगरा गेट होते हुए पुरानी तहसील से नगला थोक हमीर थोक, शेरगढ़ चौराहा बरसाना बाईपास आदि क्षेत्रों में अर्ध सैनिक बल के साथ थाना कोतवाली पुलिस के अधिकारियों की उपस्थिति में फ्लैग मार्च किया गया।

## जलालपुर प्रथम गांव से अतौलापुर तक बनने वाली सडक के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**पानीपत , कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**

जलालपुर प्रथम गांव से अतौलापुर गांव को जोड? वाली सडक का निर्माण कार्य का शुभारम्भ जलालपुर प्रथम गांव की महिला सरपंच पुष्पा रावल के ससुर सुशील रावल व अतौलापुर गांव के सरपंच प्रतिनीधि सुरेश रावल ने संयुक्त रूप से नारियल तोड़ कर किया। जिससें गांव के लोगों में खुशी दिखाई दी। इस दौरान सरपंच प्रतिनीधि सुशील रावल ने कहा कि सरकार के पास धन की कोई कमीं नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सडक पर कुल लागत लगभग 84 लाख साढे 39 हजार रुपए आएगी। इस सडक के बनने से दोनो गांव सहित दर्जनों गांवों के निवासियों को आवागमन



में और अधिक सुविधा होगी। सुशील रावल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गरीबों नौजवानों और किसानों के लिए काम कर रही है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी और दुगनी रफ्तार से जिस तरीके से आज सडकों का जाल बिछाया जा रहा है उसी तरीके से आगे भी बिछाया जाएगा। गौरतलब है कि समालखा में भाजपा नेता संजय छौक्कर द्वारा आयोजित तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की रैली में उक्त सडक को बनवाने की मांग की थी,जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने मोहर लगाते हुए उक्त सडक के निर्माण कार्य सहित अन्य मांगों को भी पूरा करने के आदेश दिए थें।

# नायब सैनी के कुशल नेतृत्व में तेजी से विकसित होगा हरियाणा : परमजीत कौर*

**बधाई**

8 सभी मोर्चा पदाधिकारियों ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी को दी हार्दिक बधाई

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**

भाजपा के सभी मोर्चों की ओर से की गई संयुक्त प्रेसवार्ता में नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बधाई दी और सफल एवं उज्जवल कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं व्यक्त की। इस मौके पर जिला भाजपा महामंत्री परमजीत कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नायब सैनी के कुशल



नेतृत्व में हरियाणा समग्र विकास एवं सुशासन के नए आयाम स्थापित करेगा। आने वाले समय में हरियाणा और उन्नति की राह पर अग्रसर होगा। वहीं ओबीसी मोर्चा पंचकूला जिलाध्यक्ष सुनील धीमान ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने ओबीसी वर्ग से नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने पर प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। इस मौके पर नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनाने पर कार्यकताओं ने लड्डू बांटें और ढोल की थाप में ठुमके भी लगाए।

जिला महामंत्री परमजीत कौर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने निष्ठावान, संगठन को समर्पित कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे नायब सैनी को सर्वोच्च पद देकर कार्यकताओं का सम्मान किया है, यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी साधारण परिवार से संबंध रखते हैं और उनके परिवार से कोई भी राजनीति में नहीं है। नायब सैनी नारायणगढ़ में जिला अध्यक्ष रहें, वहीं से उन्होंने विधानसभा का चुनाव लड़ा और विजयी हुए तथा सरकार में मंत्री बनें। इसके बाद लोकसभा कुरुक्षेत्र से सांसद बनें। पार्टी ने नायब सैनी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी और अब मुख्यमंत्री बनाकर जता दिया कि भाजपा में कार्यकर्ता मेहनत के दम पर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर विराजमान हो सकता है।
परमजीत कौर ने कहा कि नायब सैनी की पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पणभाव को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी और अब प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया है।

उन्होंने कहा कि नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने से कार्यकताओं में उत्साह है। परमजीत कौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता फर्श से अर्श तक का सफर अपनी मेहनत से तय करता है, यहां पर परिवारवाद, क्षेत्रवाद या जातिवाद की कोई जगह नहीं है।

## ब्रजवासियों की मंशा के अनुरूप होगा बृज का विकास: हेमा मालिनी



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सांसद हेमा मालिनी ने भाजपा मथुरा महानगर द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प पत्र संकलन अभियान के तहत गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। कार्यक्रम में मथुरा के प्रबुद्ध वर्ग को आमंत्रित कर उनके 2047 के विकसित भारत और विकसित मथुरा के लिए लिखित रूप में सुझाव मांगे गए।
बुधवार को सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं हम विकसित मथुरा के लक्ष्य पर काम करें। ब्रजवासियों के सुझाव के आधार पर ही भाजपा का संकल्प पत्र बनेगा और उनकी मंशा के अनुरूप ही बृज का विकास होगा। मथुरा को सुंदर बनाने के लिए अभी बहुत कुछ करना बाकी है, यह भारत का सबसे स्वच्छ और विकसित तीर्थ क्षेत्र बनेगा। नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि जन जन की आकांक्षाओं को सीधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचना ही इस अभियान का उद्देश्य है। मथुरा के प्रबुद्धजनों से परिचर्चा एवं संवाद के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकल्प पत्र के लिए सुझावों के लिए डॉक्टरों, शिक्षकों, वकीलों एवं समाज की प्रतिष्ठित संस्थाओं के व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया।

## गांव में लगाई अभिभावक चौपाल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय स्योवा के शिक्षकों ने अभिभावक चौपाल का आयोजन किया। जिसमें गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्कूल में वार्षिक परीक्षा व नवीन नामांकन को लेकर चर्चा की गई। अभिवावक चौपाल का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन गौतम ने सम्बोधन से किया। शिक्षामित्र सरोज कुमारी, सुमन देवी, रामदुलारी, गुड्डी देवी, फूला देवी, सोमोता, गुड्डी देवी, प्रीति, सुशिमता कुमारी, रेनू देवी, शीला देवी, रामदुलारी, कमला, विमला, बबली, ओमवती, शिवदेई, सावित्री देवी, चमेली देवी, सुंदरा देवी, रेशमा, गुड्डी, भगवती देवी, नीरज, रामू, लोटन, रामू, नीतू, राकेश, अमर सिंह, भगवान सिंह, आदि अभिवावक मोजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन ने किया।

## मंदिरों में उड़ेंगे मथुरा कारागार में बना इकोफ्रेंडली गुलाल

**गुलाल**

8 होली पर्व पर कारागार मथुरा में बना इको फ्रेंडली गुलाल देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों में उड़ाया जाएग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

होली पर्व पर जिला कारागार मथुरा में बना इको फ्रेंडली गुलाल देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों में उड़ाया जाएग। मथुरा जेल में कैदी तन्मयता से हर्बल गुगाल बनाने में जुटे हैं। मथुरा जिला कारागार अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया



कि जिला कारागार से हर्बल गुलाल पिछली बार काशी विश्वनाथ में भेजा गया था। इस बार काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या के श्रीराम मंदिर, बरसाना के राधारानी मंदिर, वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को भेजा जा रहा है। इसमें प्रत्येक मंदिर में एक डलिया भेजी जाएगी, जिसमें 200 ग्राम के 11 पैकेट होंगे। कौशल विकास कार्यक्रम के तहत कैदियों में जीवन यापन का हुनर विकसित करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। गुलाल बनाना भी इसी के तहत बंदियों को सिखाया गया है। बंदी गुलाल के अलाव ठाकुर जी की पोशाक भी बना रहे हैं। जिला कारागार अधीक्षक ने बताया कि विगत वर्ष बिक्री कम हुई थी। इस बार अधिक आमदनी हो सकती है। लोक अदालत में इस बार 38 हजार रुपये का गुलाल बिका है जबकि पिछली बार 18 हजार का गुलाल बिका था। इस बार यह निश्चित तौर पर इससे अधिक होगी। जेल को कुछ संस्थाओं से भी आर्डर मिल सकते हैं। लगातार इस बात के प्रयास किये जा रहे हैं कि बंदियों के द्वारा बनाये गए प्रोडक्ट को अधिक से अधिक मार्केट मिल सके।
कैसे बनता है हर्बल गुलाल
गुलाल को चार प्रकार में बनाया जा रहा है। जिसे चुकंदर, गाजर, पालक और हल्दी से तैयार किया जाता है। जो पालक से गुलाल तैयार होता है उसका रंग हरा होता है, चुकंदर से गहरा लाल, गाजर से गुलाबी और हल्दी से पीला गुलाल बनाया जाता है।

# प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने जाहिर की लाखों वैलिड वोट कटने की आशंका

**बैठक**

8 कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व तमाम वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चैक कर ले लिस्ट में नाम है या नहीं-



**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**

कांग्रेस पार्टी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस भवन में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग की अध्यक्षता मे हुई। इस बैठक में कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रदेश में लाखों वोट कटे जाने की आशंका है। तमाम मतदाताओं, कांग्रेस नेता व कार्यकताओं से वोटर लिस्ट चैक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा में 3 से 4 हजार वोट काटे गए हैं। लोगों ने यह जानकारी दी है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके वोटर लिस्ट के साथ छेड़छाड़ की गई और जानबूझकर कांग्रेस समर्थित लोगों की वोट काटी गई। कई जगह वोटरों के वार्ड भी बदल दिए गए हैं। अगर यह जानकारी पूर्णतया या आंशिक तौर पर भी सही है तो इसे जनता के लोकतंत्रिक अधिकार पर सीधा हमला माना जाएगा। हार की बौखलाहट में सत्ताधारी पार्टी जनता से उसका मतदान का अधिकार छीन रही हैं। बजरंग गर्ग ने सभी पार्टी नेता व कार्यकताओं को इस मामले में सक्रिय हस्तक्षेप के लिए कहा हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपनी, अपने परिवार और अपने-अपने क्षेत्रों की पूरी वोटर लिस्ट चेक करें। चुनाव आयोग के जिला कार्यालय से वोटर लिस्ट लेकर उसमें शहर, गांव व वार्ड के मतदाताओं के नामों का मिलान करें। अगर किसी का वोट काटा गया हो तो उसके संबंध में तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं और फिर से वोट जुड़वाने का काम करें। कांग्रेस के बूथ कार्यकर्ता अपने स्तर इसकी जिम्मेदारी लें ताकि किसी भी नागरिक से उसका वोट देने का संवैधानिक अधिकार ना छीन सके। देश में किसी भी वक्त आदर्श आचार संहिता का ऐलान हो सकता है। इसलिए यह कार्य उससे पहले जल्द से जल्द पूरा करवाएं। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां की तुरंत भर्ती की जाएगी। भाजपा सरकार पेपर लीक सरकार है। इस सरकार में लगभग 37 पेपर लीक हुए हैं। कांग्रेस की सरकार आने पर पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बनाया जाएगा 5000 करोड़ के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर युवाओं को स्टार्टअप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाया जाएगा। इकोनॉमी में सामाजिक सुरक्षा व पेंशन की गारंटी होगी।

# कड़े मुकाबले में एक रन से हारी आयुष गन्नौर योद्धा की टीम

**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**

सोनीपत ऋषिकुल स्कूल में स्वास्थ्य विभाग व वर्मा पैथालाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में 8 मार्च से शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में स्वास्थ्य विभाग की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोनीपत सामान्य अस्पताल व आयुष गन्नौर योद्धा की टीमों के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम ने 104 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम ने भी 104 रन बनाए।



जिस वजह से दोनों टीमों के बीच टाई हो गया। इसके बाद निर्णायक सूपर आवर खेला गया। जिसमें 1 आवर में आयुष गन्नौर योद्धा की टीम ने 10 रन बनाए। इसके जवाब में सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम ने 11 रन बना कर टूनामेंट अपने नाम की। प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम को सीएमओ डा. जयकिशोर ने ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। सोनीपत सामान्य अस्पताल की टीम के नरेश तोमर को मैन आफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 14 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'विरासत-विकास का अद्भुत संगम बना बरेली'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से लगवाया नारा, अबकी बार मोदी सरकार

**विकासात्मक**

**बरेली स्मार्ट सिटी के तहत कुतुबखाना पर महादेव उपरिगामी सेतु बनकर तैयार हो गया है : सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से नाथ नगरी कारिडोर की परिकल्पना साकार हो रही है। बरेली स्मार्ट सिटी के तहत कुतुबखाना पर महादेव उपरिगामी सेतु बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महादेव पुल के लिए बरेली की जनता, जनप्रतिनिधियों का ह्दय से आभार। पीडब्ल्यूमंत्री जितिन प्रसाद ने समय से रुचि लेकर पुल का कार्य पूरा कराया। मुख्यमंत्री ने बरेली के उद्यमियों और व्यापारियों का भी अभिनंदन किया कि उन्होंने पुल को बनाने में पूरा सहयोग किया। बरेली पहले जाना जाता था अपने झुमकों के लिए, लेकिन अब फ्लाईओवर और आईटी पार्क के लिए बरेली जाना जाएगा। बरेली की एक नई पहचान बन रही है। बरेली अब प्रधानमंत्री के विजन विरासत और विकास का अदभुत संगम बन रहा है।



**45 मिनट पहले पहुंचे मुख्यमंत्री, सभा स्थल देखकर मुस्कुराये:** बरेली के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 45 मिनट पहले पहुंच गए और सभा स्थल देखकर काफी प्रसन्न नजर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश बदल चुका है, हम भी कह सकते है हम एक विकसित भारत के नागरिक है। भारत में 10 साल के अंदर जो मूलभूत सफलता प्राप्त की है। पूरी दुनिया भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देख रही है। देश में कही भी कोई संकट आता है तो लोग भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देखते हैं। भारत का सम्मान बढ़ने का मतलब भारत के हर नागरिक का सम्मान बढ़ा है। 140 करोड़ लोगों का सम्मान बढ़ा है।

देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है। नक्सलवाद और आतंकवाद लगभग समाप्त हो चुका है। अब दुश्मन भारत की सीमा की तरफ आंख उठाकर नहीं देख सकता। कोई आंखे नहीं दिखा सकता।

### 'बगैर भेदभाव बनवाए गरीबों के 56 लाख मकान'

नए भारत के अंदर आज इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं। हाईवे, रेलवे, एयरपोर्ट, एम्स, हर जिले में आईटी पार्क, इसके साथ ही हम नए तरीके से कार्य कर रहे हैं। देश के अंदर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, नौ जवान, देश के नागरिक को मिल रही है। आपने पिछले 10 साल के अंदर लागू होते हुए देखा होगा। डबल इंजन की सरकार में पिछले सात साल में बिना किसी भेदभाव के 56 लाख गरीबों के मकान बन गए हैं, तीन करोड़ गरीबों के शौचालय बन गए, 10 करोड़ गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड बन गए। 15 करोड़ लोगों को हर माह मुफ्त में राशन मिल रहा है।



**आजीविका और आस्था का हो रहा सम्मान:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से कहा कि 500 साल की अयोध्या की समस्या का समाधान हुआ है। यूपी भारत की आस्था का केंद्र बनकर तैयार हुआ है। नए भारत का नया यूपी जिसमें सुरक्षा है तो समृद्धता भी है, अजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। यहां संस्कृति के लिए कार्य भी है तो बेटी और व्यापारी की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था भी है। ये कांग्रेस और सपा कभी नहीं दे पाते। ये लोग आस्था का सम्मान कभी नहीं कर पाते। राम का नाम लेते ही लाठी चलने लगती थी।

## फास्ट न्यूज

### छह हजार बीघा जमीन फर्जी लोगों के नाम कर दी

**बीकानेर:** जिले के छत्तरगढ़ थाना क्षेत्र में जमीन के फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। पिछले पांच साल में छह हजार बीघा जमीन फर्जी लोगों के नाम कर दी गई। इससे सरकारी खजाने को करीब तीन सौ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। फजीर्वाड़े में छत्तरगढ़ में पदस्थापित रहे अधिकांश तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों की भूमिका रही। एसपी तेजस्वनी गौतम के आदेश पर छत्तरगढ़ की वर्तमान तहसीलदार राजकुमारी की रिपोर्ट पर 19 जनों के खिलाफ नामजद एफआईआर की गई है। इसके साथ ही जमीन खरीदने वाले 52 जनों के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया गया है। आरोप है कि पांच साल में आए अधिकांश तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारियों ने मिलकर सरकारी जमीन का मालिक किसी फर्जी नाम से दर्ज कराया गया। बकायदा उसका इंतकाल चढ़ाया गया। बाद में इसी जमीन को किसी अन्य को बेच दिया गया। कई लोगों को आवंटन फर्जी कागजातों के आधार पर किया गया। छह हजार 125 बीघा जमीन का ये आवंटन पूरी तरह फर्जी पाया जाने पर कलेक्टर के आदेश पर एफआईआर के आदेश दिए गए।

**इनके खिलाफ मामला:** पुलिस ने अब तत्कालीन तहसीलदार दीप्ति (वर्तमान में मकराना में तहसीलदार), सुरेंद्र जाखड़ (वर्तमान में श्रीगंगानगर में तहसीलदार), कुलदीप सिंह (वर्तमान में श्रीगंगानगर में तहसीलदार), नायब तहसीलदार राजेश शर्मा (वर्तमान में राजियासर तहसीलदार), सरवरद्दीन (हाल भू निरीक्षक कोलायत)तहसीलदार कार्यालय के कर्मचारी पेमाराम सारण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### देवघर एम्स में सुविधा मामले में हाजिर हुए डीजी फायर

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। सुनवाई के दौरान डीजी फायर अनिल पालटा कोर्ट में वर्चुअल रूप से हाजिर हुए। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि देवघर एम्स में फायर फाइटिंग के लिए फिनलैंड से दो हाइड्रोलिक मशीन आयेगी, जो 24 तल्ला से ऊंचे भवनों में आग लगने पर आग बुझाने में सक्षम रहेगी। फिनलैंड से यह हाइड्रोलिक मशीन 24 माह में देवघर एम्स आयेगी। इस पर 26 करोड़ 85 लाख रुपये लागत आयेगी। इस संबंध में टेंडर निकाला गया था। इस पर कोर्ट ने डीजी फायर से पूछा कि यदि इस बीच किसी तरह की दुर्घटना देवघर एम्स में होती है तो कैसे निपटेंगे।

## कालाढुंगी से कैंची तक बनेगी 12 मीटर चौड़ी डबल लेन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी मानसखंड मंदिर माला मिशन से उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में कालाढुंगी से कैंची तक 53 किलोमीटर सड़क एक लेन से 2 लेन में बदली जाएगी। इस सड़क की चौड़ाई 12 मीटर करने का प्रस्ताव है। इसमें 10 मीटर सड़क पर डामरीकरण और दोनों ओर एक-एक मीटर चौड़ी पट्टी बनाने की योजना है। सड़क दोहरीकरण की इस योजना की जद में आने वाले पेड़ों के चिह्नांकन यानी शुरूआती तौर पर गिनती करने के लिए बीती चार मार्च से लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की पहल पर वन विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। लोनिवि के प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता गोविंद सिंह जनौटी ने बताया कि कालाढूंगी से नैनीताल तक 34 किलोमीटर, नैनीताल से भवाली तक 14 किलोमीटर एवं भवाली से कैंची धाम तक 5 किलोमीटर के खंडों में सड़क दोहरीकरण का कार्य किया जाएगा।

## ताइक्वांडो चैंपियन के नाते जेजेटी यूनिवर्सिटी को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण कोरिया के महानगर डेगू में जुलाई में प्रस्तावित वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल के लिए भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन ने राजस्थान के झुंझुनूं स्थित श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी को भारतीय टीम के ट्रायल और कैंप का आयोजन करने की जिम्मेदारी दी है। जनवरी में सम्पन्न हुई ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी महिला-पुरूष वर्ग में पहले स्थान पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बनी थी।

विश्व ताइक्वांडो फेडरेशन से संबद्ध भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन के महासचिव अमित धामल ने श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल को पत्र लिखते हुए अवगत करवाया है कि वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो आयोजन समिति डेगू 2024 वर्ल्ड ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल का आयोजन दक्षिण कोरिया में करवाने जा रहा है। डेगू महानगर स्थित केमयुंग यूनिवर्सिटी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक होने वाले इस आयोजन के लिए भारतीय टीम के ट्रायल से लेकर चयनित खिलाडियों के लिए कैंप का आयोजन करने की जिम्मेदारी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं को दिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टीबडेवाला व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने इस जिम्मेदारी के लिए भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन का आभार जताया है। युनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने खुशी जताते हुए कहा कि श्री जेजेटी युनिवर्सिटी खेल क्षेत्र में निरंतर बेहतर मुकाम हासिल कर रही है। जनवरी में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो टूनामेंट में ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतने के बाद इस प्रकार की जिम्मेदारी मिलना गर्व की बात है। उन्होंने फेडरेशन को भरोसा दिलाया है कि दक्षिण कोरिया में तिरंगा फहराने के लिए युनिवर्सिटी कैंपस में खिलाडियों के बेहतर ट्रायल से लेकर प्रतिभाशाली खिलाडियों के बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।



**लगेगा कैंप**

**कोरिया में जुलाई में होगा वर्ल्ड युनिवर्सिटी ताइक्वांडो यूनिवर्सिटी फेस्टीवल**



चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के पुलिस मैदान में बुधवार को आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आम जनों के आशीर्वाद से और अधिक काम करने की प्रेरणा मिलती है।

## हाईकोर्ट ने हल्द्वानी भूमि मामले में 9 अप्रैल तक मांगा शपथ पत्र

**टीमं एक्शन इंडिया**

**नैनीताल:** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने हल्द्वानी में रेलवे, नजूल भूमि सहित वन भूमि को खुर्द-बुर्द कर दस व सौ रुपये के स्टाम्प में बेचे जाने के मामले पर राज्य सरकार से 9 अप्रैल तक प्रति शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में जनहित याचिका पर आज हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से पेश जांच रिपोर्ट में कहा गया कि अब तक 8 से 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में 9 अप्रैल तक प्रति शपथ पत्र दाखिल करने को कहा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 9 अप्रैल की तिथि नियत की है। दरअसल, हल्द्वानी निवासी हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी की गफूर बस्ती में रेलवे की भूमि, गौलापार गोजाजाली स्थित वन विभाग व राजस्व की भूमि को भू माफियाओं ने सौ और पांच सौ के स्टाम्प पर बेच दिया है। जिन लोगों को यह भूमि बेची गयी वे लोग उत्तराखंड के स्थायी निवासी नहीं हैं। ये लोग यहां रोजगार के लिए आये थे। कुछ ही समय बाद सीएससी सेंटर में इनके वोटर आईडी तक बन गए। याचिका में कहा गया है कि जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो भू माफियाओं की ओर से याचिकाकर्ता को जान माल की धमकी दी गयी।

## क्राइम ब्रांच पुलिस अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** क्राइम ब्रान्च पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पंजाब राज्य की विभिन्न ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर की तस्करी कर लाई जा रही कुल 501 पेटी बरामद हुई। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये है।

एडीसीपी क्राइम ब्रांच सच्चदानन्द ने बताया कि पुलिस ने पंजाब से अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। तथा एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। अनूप सिंह नामक इस तस्कर को थाना मुरादनगर गाजियाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। वह छठी फेल है तथा ट्रक ड्राईविंग का काम करता है, ट्रक ड्राईविंग के काम में ज्यादा आमदनी न हो पाने के कारण करीब 2-3 वर्ष पूर्व राममेहर निवासी जीन्द के सम्पर्क मे आया जो बिहार सरकार द्वारा अपने राज्य मे शराब की बिक्री बैन किये जाने के कारण हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश से अवैध शराब तस्करी करके बिहार सप्लाई करता था। जिसमें उसको काफी फायदा होता था उसको ऐसे ड्राईवर की जरूरत थी जो उसके शराब की तस्करी की गाडियों को बिहार पहुँचा सके।

## माफिया मुख्तार अंसारी को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ/वाराणसी:** दुर्दांत माफिया मुख्तार अंसारी के गुनाहों का हिसाब तेजी से होने लगा है। एक के बाद एक उसके किये गये जुर्मों की सजा न्यायालय से मिलने लगी है। न्यायालयों में चल रहे मामलों में योगी सरकार द्वारा की जा रही प्रभावी पैरवी के कारण माफिया मुख्तार अंसारी को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। तीन दशक पुराने मामले में मुख्तार अंसारी के दोषी पाये जाने के बाद बुधवार को उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उसपर 2 लाख 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अंसारी को दूसरी बार



आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अबतक आठ मामलों में माफिया को सजा सुनाई जा चुकी है। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट वाराणसी, अवनीश गौतम की अदालत ने मुख्तार अंसारी को डीएम/एसपी के फर्जी हस्ताक्षर पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में सजा सुनाई है।

1990 में थाना मोहम्मदाबाद गाजीपुर में दर्ज तीन और कोतवाली गाजीपुर में दर्ज एक मामले में हुई सुनवाई और प्रभावी पैरवी के बाद चारों धाराओं में अलग अलग सजा सुनाई गई है। इसमें 420/120 बी आईपीसी में सात साल, 467/120 बी आईपीसी में आजीवन कारावास, 468/120 बी में 7 वर्ष और 30 आयुध अधिनियम में 6 माह की सजा सुनाई गई है। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। इसके अलावा मुख्तार अंसारी पर अलग-अलग कुल 2,02,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

## 'गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरुर्खाबाद:** जब गलत लोग सत्ता में आते हैं तो रामभक्तों पर गोलियां चलवाते हैं, मगर जब अच्छी और संवेदनशील सरकार आती है तो रामभक्तों को सिर माथे पर बिठाया जाता है। आज रामभक्तों को अयोध्या में सुगम दर्शन कराया जा रहा है। पहले की सरकारें केवल विवाद खड़ा करती थीं, मगर आज विवाद नहीं, बल्कि हर समस्या का समाधान किया जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को क्रिश्चियन कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 288 करोड़ की



102 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने स्वामी विवेकानंद योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर, एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसानों को 10 मिनट में लोन की सुविधा प्रदान करने के पायलट प्रोजेक्ट का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी का फरुर्खाबाद जनपद एग्री स्टेक योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 10 मिनट के अंदर लोन की सुविधा से जुड़ने वाला देश का पहला जिला बना है। इसके लिए उन्होंने अन्नदाता किसानों को हृदय से धन्यवाद और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि फरुर्खाबाद की धरती भगवान बुद्ध, जैन तीर्थंकरों और बाबा नीम करोली की साधना स्थली रही है।

**शिलान्यास**

**फरुर्खाबाद में 288 करोड़ की 102 विकास परियोजनाओं का सीएम ने किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**


# श्रद्धांजलि सभा



## स्व. श्रीमति शालिनी गर्ग जी

(धर्मपत्नी, श्री परवीन गर्ग)

अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनाक 5 मार्च 2024, मंगलवार को प्रभु चरणो में लीन हो गई है। उनकी आत्मिक शांति के लिए

**श्रद्धांजलि सभा एवं रसम पगड़ी**

दिनाक : शुक्रवार, 15 मार्च 2024, ब्रम्ह भोज : 11:00 बजे

दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक सम्पन्न होगी।

स्थान: प्राचीन शिव मंदिर, केवल पार्क, आजादपुर

**शोकाकुल**

अशोक गर्ग- राज गर्ग ( ससुर-सास)

राजीव गर्ग - कविता गर्ग (देवर-देवरानी)

ओजस, साई, परी

:: समस्त गर्ग परिवार::